राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-127
लखनऊ, रविवार 24 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com






विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 ग्रामीण महिलाओं का सम्मान 03

आईपीएल 2024 से भी बाहर होंगे हार्दिक 12


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नजीबाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# मजबूत अर्थव्यवस्था से ही देश की समृद्धि

**उत्तर प्रदेश जल्द बनेगा देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था**

समृद्धि न्यूज

**बिजनौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के रूप में विकसित 'भारत संकल्प' यात्रा को लेकर आपके बीच में हम आए हैं, जिसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों को विकास की ओर अग्रसर करते हुए सुरक्षा का माहौल प्रदान किया जा रहा है। किसी भी देश या प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था ही समृद्धि का रास्ता है। उक्त विचार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नजीबाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते कही।

उन्होंने गरीब की पीड़ा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले इलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ता था, आज आयुष्मान बीमा के अंतर्गत उसे सुरक्षा प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोग इस योजना से लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारें गरीबों को भूखे मार देती थी लेकिन आज उनको निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्हें उपचार तथा वैक्सीन का निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इन बातों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार के द्वारा ही संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने रोजगार के संबंध में कहा कि हमारी सरकार ने 1.64 लाख युवाओं की पुलिस में भर्ती की है, वहीं 6 लाख लोगों को प्रदेश में नौकरी भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, किसानों, युवाओं, व्यापारियों को जोड़ते हुए कहा कि उनके साथ के कारण उत्तर प्रदेश विकास के पद पर अग्रसर है। फल स्वरूप आज प्रदेश देश की तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती को लोगों के जीवन को गरीबी जीवन रेखा से उबारने, किसानों की आमदनी कई गुना बढ़ाने, व्यापारियों के समृद्ध होने तथा महिलाओं के आत्मनिर्भर होने की गारंटी बताया।

मुख्यमंत्री ने मंच पर साथ बैठे जनप्रतिनिधियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि जिन जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनका रजिस्ट्रेशन कराते हुए लाभ प्रदान कराकर आगे बढ़ने का काम करना है। योगी ने कहा कि कोरोना कार्यकाल में भूख और बीमारी से कोई मौत नहीं हुई। मुख्यमंत्री बिजनौर को विकास की ओर अग्रसर बताते हुए कहा कि वह नजीबाबाद क्षेत्र से काफी परिचित हैं क्योंकि कोटद्वार से हरिद्वार जाते समय नजीबाबाद होकर जाना होता था। आज यहां मिल भी बहुत अच्छा काम कर रही हैं, प्रगतिशील किसान भी उपज को बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी बिजनौर के बारे में यह उल्लेख करना भी नहीं भूले जब यहां कोई मुख्यमंत्री आने से घबराता था। उन्होंने कहा कि बिजनौर की छवि अभिशप्त बताई जाती थी। कहा जाता था कि जो मुख्यमंत्री बिजनौर आएगा उसकी कुर्सी नहीं रहेगी। यहां के पहले दौरे के समय मुझे भी यही बताया गया और मैंने निश्चय किया कि बिजनौर जाना है बल्कि उसके बाद तो बिजनौर में रात्रि विश्राम भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम चौधरी साहब के अनुगामी हैं। मुख्यमंत्री ने बिजनौर को नई ऊंचाई पर ले जाने की संकल्पना करते हुए सरकार के निश्चय को दोहराया। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की चल रही जन लाभकारी योजनाओं के पात्रों को आवास की चाबी, दिव्यांग ट्राली आदि प्रदान की।




## किसान दिवस पर योगी ने 51 किसानों को बांटे ट्रैक्टर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने उन्हें याद करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अन्नदाता किसानों का जीवन बदला। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर सीएम योगी ने 51 किसानों को ट्रैक्टर दिया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बता दें कि देश में किसानों की आवाज उठाने वाले कई बड़े नेता हुए, लेकिन किसान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते हैं। चौधरी चरण सिंह भले ही देश के प्रधानमंत्री के पद पर रहे हों, लेकिन आज भी उनको लोग किसान नेता के तौर पर याद करते हैं। इसलिए 23 दिसंबर को हर साल उनके जन्मदिन के दिन किसान दिवस मनाया जाता है। आज किसान दिवस पर सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इसके बाद सीएम ने जनसभा को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कहा, चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने किसानों के लिए जो कहा वह कर दिखाया। जब तक किसान गरीब रहेगा देश विकास नहीं कर सकता है। पहली बार किसानों ने महसूस किया कि वे सरकार के एजेंडे का हिस्सा हैं और पहले स्थान पर हैं।

उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को 15 किस्त मिली हैं। यूपी के दो करोड़ से ज्यादा किसानों को यह राशि मिली है। कृषि को लाभकारी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। साढ़े छह साल में 2 लाख 25 हजार गन्ना किसानों को भुगतान किया जा चुका है। डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। अब खेती घाटे का सौदा नहीं है। प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटा अनाज के माध्यम से किसानों को संवार रहे हैं। यह किसानों के परिश्रम का परिणाम ही है कि विकास दर नौ फीसदी तक पहुंची है।

## नकली दवा खरीद मामले में एलजी ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली हैं। उपराज्यपाल ने वी के सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में खरीदी गई दवाइयों के मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखा है और सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों ने मनमाने ढंग से दवाईयां खरीदी। सभी मेडिसिन प्रयोगशालओं में परीक्षण के दौरान मापदंडों को पूरा करने में फेल साबित हुई। मामले के बारे में पूछे जाने पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार विस्तृत प्रतिक्रिया देगी।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की जांच के जरिए सरकार के काम में बाधा डालने की कोशिश की जा रही है। मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे एक नोट में उपराज्यपाल ने उल्लेख किया है कि मैंने फाइल का अध्ययन किया है। मैं, कम से कम, इस तथ्य से व्यथित हूं कि लाखों असहाय लोगों और रोगियों को नकली दवाएं दी जा रही हैं जो गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल रही हैं। उपराज्यपाल ने अपने नोट में कहा, दिल्ली स्वास्थ्य सेवा (डीएचएस) के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी गई ये दवाएं दिल्ली सरकार के अस्पतालों को आपूर्ति की गई और हो सकता है कि इन्हें मोहल्ला क्लीनिक को भी आपूर्ति की गई हो। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत नियमों और वैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकार के साथ-साथ निजी विश्लेषकों, प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षण किया गया।

### केजरीवाल को ईडी के नए समन पर कानूनी राय लेगी आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) विपश्यना से लौटने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भेजे गए नए समन पर कानूनी राय लेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने शनिवार को यह बात कही। केजरीवाल के बृहस्पतिवार को दूसरे समन पर पेश नहीं होने के बाद ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के क्रम में पूछताछ के लिए उन्हें फिर से नोटिस जारी कर तीन जनवरी को पेश होने को कहा। पर्यावरण मंत्री राय ने एक संवाददाता सम्मेलन से इतर ' वर्तमान में, मुख्यमंत्री विपश्यना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनसे कोई संपर्क नहीं है। उनके लौटने पर हम कानूनी राय लेंगे और फिर इस बारे में फैसला करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनी लॉन्ड्रिंग में वीवो इंडिया के तीन और लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो और कुछ अन्य के खिलाफधन शोधन की जांच के सिलसिले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि तीनों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। तीनों लोगों की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है। संघीय एजेंसी ने इससे पहले इस मामले में चार गिरफ्तारियां की थीं जिनमें मोबाइल कंपनी लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक हरि ओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फएंड्रयू कुआंग और चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक शामिल हैं। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### केंपेगौड़ा के हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 को विशेष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 को हवाईअड्डों की श्रेणी में इंटीरियर 2023 के लिए विशेष पुरस्कार जीतने पर बेंगलुरु के लोगों को बधाई दी। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 को दुनिया के सबसे खूबसूरत हवाई अड्डों में से एक के रूप में यूनेस्को की मान्यता प्राप्त हुई है और इसके अंदरूनी हिस्सों के लिए एक प्रतिष्ठित विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पिछले साल टर्मिनल भवन के उद्घाटन की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, फ्रएक सराहनीय उपलब्धि! बेंगलुरु के लोगों को बधाई। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल 2 न केवल जीवंत शहर बेंगलुरु का प्रवेश द्वार है, बल्कि वास्तुशिल्प प्रतिभा का प्रदर्शन भी है। यह उपलब्धि विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे को कलात्मक सुंदरता के साथ जोड़ने में देश की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है।

### प्रशासन ने राजौरी में बंद कीं मोबाइल इंटरनेट सेवाएं

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हाल में सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में शामिल आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों की ओर से जारी अभियान के बीच पुंछ और राजौरी जिलों में शनिवार तड़के मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों द्वारा सेना के वाहनों पर किए गए हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे। हमले के संबंध में सेना द्वारा कथित तौर पर पूछताछ के लिए बुलाए गए तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें संदिग्धों को कथित तौर पर प्रताड़ित करते दिखाया गया है। इन वीडियो के सामने आने के बाद लोगों में रोष है।

### सरकार ने सिर्फ मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट एक साल के लिए बढ़ाई : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार ने सिर्फ मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट की वैधता अवधि 31 मार्च, 2025 तक एक वर्ष के लिए बढ़ाई है, जबकि मीडिया के कुछ वर्गों ने गलती से पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए कम आयात शुल्क भी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने की खबर चलाई है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि यह देखने में आया है कि मीडिया के कुछ वर्गों ने गलती से ये रिपोर्ट कर दी है कि सरकार ने पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए कम आयात शुल्क 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है।

## आईआईटी के प्रोफेसर को मंच पर आया हार्ट अटैक, मौत

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में चल रहे व्याख्यान में एक प्रोफेसर हेजैसे ही मंच पर बोलना शुरु किया कि उन्हे हार्ट अटैक पड़ गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


प्रोफेसर की मौत से आईआईटी में शोक की लहर दौड़ पड़ी। आईआईटी में शनिवार को एक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से जुड़े 55 वर्षीय प्रोफेसर समीर खांडेकर व्याख्यान के लिए मंच पर पहुंचे। अभी उन्होंने शुरुआत ही की थी और लोगों से बढ़ रही सर्दी को लेकर अपने सेहत का ख्याल रखने की अपील कर रहे थे तभी वह गश खाकर गिर पड़े। यह देख साथी प्रोफसरों ने उन्हे आनन-फानन में कार्डियोलॉजी अस्पताल पहुंचा गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वहां के चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद उनको मृत घोषित कर दिया। इससे आईआईटी परिसर में शोक की लहर दौड़ पड़ी और उनकी हर ओर चर्चा होने लगी। लोग नम आंखों से विदाई दे रहे हैं। बेहद मिलनसार और आईआईटी से ही पढ़े खांडेकर के लिए शोक सभा आयोजित की जा रही है। लोग इस क्षति की पूर्ति नहीं हो पाने की बात कह रहे हैं।

## कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर यूपी सरकार अलर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश और दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण का नया वेरिएंट तेजी के साथ फैल रहा है। कोरोना वायरस संक्रमण का नया वेरिएंट लगातार अपने पैर तेजी के साफ फैला रहा है, जिस कारण कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी होने लगी है। लोग कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए आम जनता काफी परेशान हो गई है। इसी बीच सरकारें भी कोरोना के संभावित खतरें को भांपते हुए अलर्ट मोड पर पहुंची है।

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में ही तीन मामले और नोएडा में एक मामला सामने आया है। कोरोना वायरस संक्रमण के मामले देश में भी तेजी के साथ बढ़ते जा रहे है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकारें भी अलर्ट हो गई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के नए वेरिएंट को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। इस गाइडलाइन के मुताबिक खांसी, बुखार और श्वांस रोगियों को कोरोना वायरस संक्रमण की जांच करवानी होगी।



### आइसोलेशन में रखकर होगा इलाज

उत्तर प्रदेश सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है जिसके मुताबिक खांसी, जुकाम, बुखार और श्वसन संबंधित मरीजों की निगरानी की जाएगी। कोरोना वायरस संक्रमित मरीज की रिपोर्ट जब तक नेगेटिव नहीं आएगी तब तक मरीज को आइसोलेशन में रखा जाएगा। क्रिसमस और नए वर्ष के मौके पर भी एहतियात बरती जाएगी। इस दौरान होटल, रेस्टोरेंट, मॉल में लोगों की जुटने वाली भीड़ को देखते हुए संक्रमण बढ़ने की आशंका रहती है। ऐसे में निर्देश दिए गए हैं कि कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती के साथ पालन किया जाए। सरकार ने जनता से भी अपील की है कि खांसी और जुकाम होने पर अपना कोरोना टेस्ट करवाएं।

### 24 घंटे में सामने आए 752 नए कोविड केस

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ है। बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है।

## चार बंदोबस्त अधिकारी सहित 31 के विरुद्ध जालसाजी का केस दर्ज

समृद्धि न्यूज

**बलिया।** बलिया जिले के चकबंदी विभाग के चार बंदोबस्त अधिकारी सहित विभाग के 31 कर्मियों के विरुद्ध जालसाजी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

पुलिस के अनुसार बंदोबस्त अधिकारी आर. के. सुरेश कुमार की शिकायत पर शुक्रवार को बलिया शहर कोतवाली में चार बंदोबस्त अधिकारी राधेश्याम, दयानंद सिंह चौहान, धन राज यादव व अनिल कुमार सहित विभाग के 31 कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि आर. के. सुरेश कुमार ने शिकायत में बैरिया तहसील क्षेत्र के दलन छपरा गांव में चकबंदी कर्मियों पर फर्जी कार्रवाई और अनियमितता का आरोप लगाया है। चकबंदी आयुक्त की जांच के बाद मामला दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने शनिवार को बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**चकबंदी कर्मियों पर फर्जी कार्रवाई और अनियमितता का आरोप**

### पहलवान वीरेंद्र सिंह ने पद्मश्री लौटाने का किया ऐलान

**नयी दिल्ली।** (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में देश के शीर्ष पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए सरकार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया है। गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान वापस लौटा देंगे। बृजभूषण के खिलाफ विरोध के प्रमुख चेहरों में शामिल साक्षी ने डब्ल्यूएफआई चुनावों में संजय सिंह की जीत के बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी।

## वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि और उमाशंकर को जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय देश की शीर्ष प्रतिभाओं को जेपी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, पद्मश्री उमा शंकर पाण्डेय और अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह भी हैं। समारोह का आयोजन आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में किया गया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने इस मौके पर लोकनायक जयप्रकाश के देश की राजनीति में दिए गए योगदान को याद किया। जेपी के इस महत्वपूर्ण योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सम्मान समारोह का आयोजन लोकनायक जयप्रकाश अध्ययन केंद्र ने शनिवार को किया। समारोह में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को लाइफ टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। जेपी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से आचार्य लोकेश मुनि ( समाजसेवा), पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय (पर्यावरण), पद्मश्री और कुलपति डॉ. बिमल प्रसाद सिंह, श्री अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह (हॉकी), सीआईएसएफ की नीना सिंह, पंकज बेरी ( फिल्म एंड टेलीविजन), जितेन्द्र कुमार नंदा (रोटरी क्लब ) और डॉ. राजीव श्रीवास्तव (सिने व्याख्याता) को नवाजा गया।



### आतंकियों की घुसपैठ नाकाम, सुरक्षाबलों की फायरिंग में दहशतगर्द ढेर

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, इसमें एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अखनूर सेक्टर के खौर इलाके में एक घुसपैठिया आतंकवादी मारा गया जब सतर्क बीएसएफजवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने कहा, आतंकवादियों को मारे गए आतंकवादी के शव को आईबी के दूसरी ओर घसीटते हुए देखा गया।

### पछुआ हवाओं से उप्र में बढ़ेगी सर्द, रबी की फसल को होगा फायदा

**कानपुर।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के साथ पछुआ हवाओं से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। इससे उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में सर्दी बढ़ेगी और इससे रवी की फसल को फायदा होगा। मौसम विभाग का कहना है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते कोहरा भी बढ़ेगा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि पहाड़ों पर बना पश्चिमी विक्षोभ दूर चला गया है और परिणामस्वरूप इस सिस्टम के गुजरने के कारण मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट आई है। इसके अलावा उत्तरी मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में भी इस मौसम का अब तक का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

**मसौदा**

### समाज कल्याण विभाग के मसौदे को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में मिल सकती है मंजूरी

# बुजुर्ग अगर अपने बच्चों से हुए नाखुश तो कर सकेंगे संपत्ति से बेदखल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने बुजुर्गों के लिए बड़ा अहम फैसला लेते हुए घर की बागडोर उनके हाथों में सौंप दी है। राज्य के समाज कल्याण विभाग ने नया मसौदा पेश किया है, जिसके जरिए बुजुर्गों या वरिष्ठ नागरिकों को नए अधिकार मिल सकते है। ये अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे बुजुर्गों को ढलती उम्र में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर ना होना पड़े।

अगर योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में इस मसौदे को मंजूरी मिल जाती है तो जो बुजुर्ग अपने बच्चों से नाखुश हैं, वो पुलिस की सहायता लेकर अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल करने का अधिकार रख सकेंगे। ये प्रस्ताव माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के राज्य नियमों में उत्तरप्रदेश विधि आयोग द्वारा सुझाए गए संशोधनों पर आधारित है। बुजुर्गों के लिए बनाए गए इस अधिनियम में साफ किया गया है कि बच्चों या रिश्तेदारों को वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण करना होगा। बच्चों या रिश्तेदारों का दायित्व है कि बुजुर्गों की जरुरतों को पूरा किया जाए। बुजुर्गों को भी सामान्य जीवन जीने का अधिकार ये अधिनियम देता है। बता दें कि राज्य सरकारों के पास अधिनियम को लागू करने के लिए नियम बनाने और न्यायाधिकरण बनाने का अधिकार है। राज्य ने इस संबंध में 2014 में अधिकार और नियम बनाए थे। जानकारी के मुताबिक अप्रैल 2021 में यूपीएसएलसी ने अधिनियम के नियम संख्या 22 को बदलने की सिफारिश की है। ये जिला मजिस्ट्रेट डीएम को अधिनियम के कर्तव्यों और शक्तियों को पूरा करने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारी को नियुक्त करने की भी शक्ति देता है। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग को आयोग से भी कई सिफारिशें मिली थी जिसके बाद मसौदा तैयार किया गया था।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शवदाह गृहों की दुर्दशा पर जताई चिंता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के शवदाह गृह को लेकर चिंता जताई है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एक ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं, लेकिन आम लोगों के शवदाह की सुविधाओं की किल्लत है। कोर्ट ने कहा कोविड के समय हमने भयावह दृश्य देखा है। जब शव दाह की समुचित व्यवस्था व सुविधाओं की भारी किल्लत थी, कोर्ट ने कहा आज भी शवदाह गृहों की स्थिति दयनीय है। शवदाह गृहों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि शवदाह गृहों में हर दिन जनसंख्या बढ़ रही है और शव दाह केंद्रों में बेसिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। कोर्ट ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम लोग जीवन-भर संघर्ष करते हैं। अंतिम सांस छोड़ने के बाद उनके शव दाह की बेसिक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कोर्ट ने कहा हम एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन गए हैं, लेकिन आम लोगों के शव दाह की समुचित व्यवस्था करने में नाकाम हैं। कोर्ट ने सरकार को शवदाह केंद्रों की दशा सुधारने के ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। इस मामले में 18 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। बता दें कि कोर्ट ने याची राजेंद्र कुमार बाजपेई की याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी को आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव शहरी विकास विभाग व पंचायत राज विभाग सहित मुख्य सचिव को देने को कहा है। यह सुनवाई जस्टिस एम सी त्रिपाठी और जस्टिस प्रशांत कुमार की डिवीजन बेंच में हुई।

# केंद्रीय मंत्री ने सम्मान देकर 32 किसानों का बढ़ाया मान

## किसान सम्मान दिवस - खीरी में मना चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन, सीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में भूतपूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई। जनपद स्तर पर मंडी समिति राजापुर में किसान सम्मान समारोह का केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह ने 32 अन्नदाताओं को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट किया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जनप्रतिनिधियों अफसरों ने किसानों के साथ लोकभवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई।

केंद्रीय मंत्री ने मंडी परिसर में कृषि, उद्यान, गन्ना, पशुपालन और उनसे संबंधित विभिन्न सेक्टरों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्न जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने चौधरी चरण सिंह के कृतित्व, व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के जीवन में उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी एक किसान नेता के रूप में देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी एक पहचान है। आज भी देश में सर्वमान्य किसान नेता की बात होती है तो उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनसे प्रेरणा लेकर सरकार पीएम के मार्गदर्शन में कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। उन्होंने कहा कि पीएम के लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचा को खड़ा करने के लिए सरकार की ओर से किए जाने वाले प्रयास बताए। आज प्रत्येक कृषि उपज का निर्यात बढ़ा है। ड्रोन दीदी की संकल्पना को रेखांकित करते हुए कहा कि आज ड्रोन के जरिए उर्वरकों का छिड़काव किया जा रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए फसल जहां खराब और बीमार है। इस दृष्टि से कितना फायदा होगा। इससे समय पैसे के साथ-साथ उर्वरक की भी बचत होगी।

### सेक्टर्स में इन प्रगतिशील किसानों को मिला सम्मान

कृषि धान फसल के लिए किसान रणधीर सिंह (72 कुंतल/हेक्ट.) ने प्रथम और दिनेश चंद्र वर्मा (69.80 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तिल के लिए कौशल किशोर (12 कु.) प्रथम, फूल सिंह(11 कु.) द्वितीय, गेहूं के लिए रामपाल (64 कु.) प्रथम, गुरबचन सिंह (63 कु.) द्वितीय, सरसों के लिए मीना देवी (20 कु.) प्रथम, राम मंगल (18.40 कु.) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उद्यान केला खेती के लिए किसान ज्वाला सिंह (1020 कुंतल) ने प्रथम और बलबीर सिंह (940 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संकर ब्याज की खेती किसान गुरुदत्त सिंह (430 कु.) प्रथम और उर्मिला देवी (380 कु.) द्वितीय स्थान, टमाटर की खेती के लिए जमुना प्रसाद (350 कुं.) प्रथम और रामरतन (320 कु.) द्वितीय स्थान, मसाला मिर्च की खेती के लिए मो. शोएब (90 कुं.) प्रथम और राजेश (65 कु.) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गन्ना शीघ्रपेड़ी गन्ना के लिए किसान रामाधार (गन्ना पेड़ी 0238/1441 कुंतल) और अनुज कुमार (गन्ना पेड़ी 0118/1370 कु.) शीघ्र पौधा गन्ना में किसान हरजिंदर सिंह (गन्ना पौधा 0118/1313 कुंतल) और जगत राम (गन्ना पौधा 0118/1079 कु.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### केंद्रीय मंत्री ने दो एफपीओ को प्रदान की फार्म मशीनरी बैंक



केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने विधायक योगेश वर्मा और विनोद शंकर अवस्थी, डीएम, सीडीओ के साथ खीरी जिले के जगदेवपुर फार्मर ऑर्गेनाइजेशन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड मढ़ई पुरवा भीरा बिजुआ और परमजीत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सहसपुर बांसी बिजुआ को एक-एक फॉर्म मशीनरी बैंक प्रदान की। इसमें सरकार की ओर से प्रत्येक फार्म मशीनरी बैंक (ट्रैक्टर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रापर, रोटावेटर) की खरीद पर 12 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा के साथ कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए चार-चार प्रगतिशील किसानों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कृषकों को 07-07 हजार और चार-चार किसानों को द्वितीय स्थान प्रदान करने पर 05-05 हजार की धनराशि का चेक प्रदान किया।

# उत्सव मानव मन में छिपे आनंद और उल्लास को करते हैं प्रकटः दिनेश रावत



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय संस्कृति उत्सव प्रधान है उत्सव मानव मन में छिपे आनंद और उल्लास को प्रकट करते हैं यह विचार सूर्या सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सूर्या सदन नरौली में आयोजित दो दिवसीय भारतीय पारंपरिक सांस्कृतिक लोक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक दिनेश रावत ने व्यक्त किया उन्होंने कहा कि भजन सोहर बिरहा आदि लोकगीत भारतीय लोक साहित्य की निधि है जिनमे विश्व कल्याण की उदार भावना कूट-कूट कर भरी है आज देश के कलाकार इस निधि को संजोए हुए है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत हैदरगढ़ अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि विश्व में सबसे प्राचीन संस्कृति भारत की ही है यहां की सरल जीवन शैली और विश्व बंधुत्व की उच्च उदार भावना ने संपूर्ण विश्व को प्रभावित किया है राष्ट्रीय चेतना के प्रखर कवि राम किशोर तिवारी किशोर ने कहा कि भारतीय संस्कृति मूल्यों को सुरक्षित रखने एवं उन्हें आगे बढ़ाने में लोक गायको , कवियों तथा लोक कलाकारों का सबसे अधिक योगदान है विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रख्यात कवि शिव किशोर तिवारी खंजन ने आधुनिकता के नाम पर बढ़ते पश्चिमी प्रभाव को लेकर बड़ी ही व्यंग पूर्ण चुटीली रचना प्रस्तुत की सिर्फ कहने को आजाद हम हो गए बदचलन कुछ विदेशी हवाएं चली जिनमे फंस करके बर्बाद हम हो गए। समाजसेवी कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि जिसे हम आज की औपचारिक शिक्षा से दूर ग्रामीण जन के रूप में जानते है उसने भारतीय परंपराओं मान्यताओं एवं प्रेम सौहार्द जैसे जीवन मूल्यों को अपने सहज रागात्मक कंठ से जो स्वर दिया है वह आज भी जीवंत और प्रेरणादाई है कार्यक्रम के संचालक ओजस्वी कवि एवं समीक्षक रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ने कहा कि लोकगीत लोक गाथाएं तथा लोक कलाये परंपरा से चली आ रही पूर्वजों की वह थाती है जो हमारे राष्ट्र के गौरवपूर्ण अतीत की साक्षी है। डॉ. राम बहादुर मिश्र ने अपने वक्तव्य मे कहा संस्कृति की आंधी में हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति लोक साहित्य और लोकगीत हासिए पर चले गए हैं ऐसे आयोजन हमारी मूल्यवान थाती है। संस्कृत विभाग के कलाकारों द्वारा संगीता आहूजा एवं सुर्मिष्ठा मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत लोक परंपरा से अनुप्राणित गीतों एवं भजनों ने उपस्थित जन समुदाय को रस विभोर कर दिया। इनमें तोशी तिवारी लक्ष्मी विश्वकर्मा सानिया शर्मा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना गजानन हमारे घर है पधारे ने वातावरण को जहां भक्ति भाव से भर दिया।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत

**मसौली, बाराबंकी।** शुक्रवार को गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाईक सवार चाचा भतीजे की लखनऊ ट्रामा सेंटर लखनऊ मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। बताते चले कि शुक्रवार को टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बांसगाव निवासी 30 वर्षीय सुंदर पुत्र बुधराम अपने 8 वर्षीय भतीजे संकित पुत्र जीतेन्द्र के साथ बाईक से लखनऊ जा रहे थे कि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम भुलभुलिया के निकट अज्ञात वाहन ने टककर मार दी जिसमे दोनो चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने दोनो घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन हालत नाजुक होने के कारण दोनो घायलों को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया जिनकी इलाज के दौरान दोनो घायलों की मृत्यु हो गयी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित हुए किसान

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के उप कुलपति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय का मुख्य कार्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को विकसित करने और किसानों की आजीविका में सुधार करने के लिए अनुसंधान करने पर केंद्रित है। विश्वविद्यालय ने कृषि अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें नई फसल किस्मों, कीट प्रबंधन तकनीकों और फसल के बाद की प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है। इसी क्रम में प्रगतिशील किसान बृजेश कुमार त्रिपाठी को गन्ना राज नारायण सिंह को सब्जी एवं मधुमक्खी अजीत कुमार को मधुमक्खी कृत्रिम गर्भाधान में सहित अन्य किसानों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद ने कराया लाभार्थियों का पंजीकरण

**बाराबंकी।** विकास खण्ड देवां के ग्राम पंचायत गढ़ी छ्तैना व ग्राम पंचायत मुरादाबाद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लाभार्थियों और जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जनहित में संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओ प्रधानमन्त्री आवास योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि के बारे में जानकारी दी । तथा वंचित लोगों का रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से जोड़ा गया और चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। इस ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष परशुराम रावत, बी.डी.ओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष रामनाथ यादव, महेंद्र सिंह, नेवल किशोर, देवेन्द्र वर्मा, विनोद वर्मा, राम प्रकाश रावत,जगदीश वर्मा, राजकुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहे चौधरी चरण सिंहः अयाज

**बाराबंकी।** किसानों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वालों में अग्रणी नाम अगर कोई है तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले चौधरी चरण सिंह का ही है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह के विचारों को आगे बढ़ाने का काम हम सबके नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही कर रहे हैं आज जब पूरे देश में किसने की आवाज को दबाया जा रहा है तो हमारे नेता अखिलेश यादव जी किसानों के हक हकूक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ लड़ते हुए उनके हक अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान ब्राह्मण सभा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अन्नू पंडित, प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राजेंद्र वर्मा पप्पू, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, नसीम कीर्ति, मोहम्मद सबाह, प्रदुमन यादव, यशवत सिंह यादव, निशांत अहमद, वैश सभा के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश, छात्र सभा आदि प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन लोग एक करोड़ की मारफीन संग गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त तीन तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1 किलो 27 ग्राम मारफीन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग।(1 करोड़ 3 लाख रूपये) व घटना मे प्रयुक्त 2 अदद मोटर साइकिल बरामद की है।जैदपुर पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हासिल हुई जब थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एन्टेलीजेन्स के आधार पर 3 मादक पदार्थ तस्करो गिरफ्तार किया गया।जिनके पास से 1 किलो 27 ग्राम अवैध मारफीन व मोटर साईकिल बारामद कर संबंधित धराओ मे मुकदमा पंजिकृत कर कार्यवाही की गयी।बरामद मारफीन की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 1 करोड़ 3 लाख रूपये बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार कोपवा तिराहे के पास शनिवार को जैदपुर पुलिस ने शिवम पाठक पुत्र जय प्रकाश पाठक निवासी ग्राम कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट,राम कुमार यादव पुत्र चन्द्रशेखर निवासी पूरे निहाल मजरे गाजीपुर थाना रामसनेहीघाट,शरद वर्मा पुत्र दुर्गेश वर्मा निवासी ग्राम कोटवा सड़क थाना रामसनेहीघाट के पास से कुल 1 किलो 27 ग्राम अवैध मारफीन व घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल यूपी 42 बीएल 2517 व यूपी 41 एएन 0665 के साथ गिरफ्तार किया गया।जिनके विरुद्ध थाना जैदपुर पर मुअसं 503/2023 धारा 8/21सी/29/60 (3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

### सभासद की मौजूदगी में लाभार्थियों को मिला पोषाहार

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर पंचायत हैदरगढ़ के ब्रह्मनान वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पर सभासद शिवा वर्मा की मौजूदगी में सभी गर्भवती महिलाओं एवं 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोषाहार का वितरण किया गया। सभासद शिवा वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रत्येक माह गर्भवती महिलाओं और 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए चने की दाल रिफाइंड और दलिया देने का लगातार काम कर रही है।

# टायर में हवा भरने के दौरान फटी टंकी, हादसे में युवक की मौत

**मसौली,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

> आनन फानन में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

सफदरगंज थानाक्षेत्र के परसा गांव के निकट सड़क के किनारे शनिवार की शाम टायर में हवा भरने के दौरान टंकी फट गई। तेज धमाके के साथ टंकी फटकर बाईक सहित 35 मीटर दूर सड़क के उस पार जा गिरी। इस हादसे में 23 वर्षीय एक युवक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसमे घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी कमलेश सोनी पुत्र बनवारीलाल सफदरगंज बदोसराय रोड के किनारे टायर पंक्चर जोड़ने और हवा भरने की दुकान है। शनिवार की शाम करीब 4 बजे गांव का ही 23 वर्षीय युवक सुरज वर्मा पुत्र राजू वर्मा अपनी स्पेलंडर गाडी मे हवा भराने गया था बाईक मे हवा भरते समय अचानक टंकी तेज धमाके के साथ फट गई और टंकी बाईक सहित सड़क पार करीब 35 मीटर दूर जा गिरी। हादसे मे 23 वर्षीय युवक सुरज वर्मा सहित हवा भरने वाले कमलेश सोनी दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान सुरज वर्मा की मृत्यु हो गयी।

### कोतवाली प्रभारी,एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में समाधान दिवस आयोजित

**बाराबंकी।** जैदपुर थाना में शनिवार को कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस का उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी, थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से आने वाली सभी शिकायतों की जनसुनवाई की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र से करीब 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें करीब एक दर्जन शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया है , तथा अन्य शिकायतों के संबंध में टीम गठित करते हुए जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर अतिरिक्त प्रभारी वीर सिंह, उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले हुए सम्मानित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय के निकट स्थित सेंट जेवियर इंटर कॉलेज गढ़ी में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों का मेडल व प्रमाणपत्र वितरण एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विधायक दिनेश रावत व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने क्रमशः मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपनी संबोधन में विधायक दिनेश रावत ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बच्चे ही भारत का भविष्य है इन्हीं से हमारी पहचान है, और साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय की मांग पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए विकास निधि से सहयोग करने का वादा भी किया जिससे आने वाली बरसात में बच्चों को किसी भी प्रकार की आवागमन में असुविधा न उठानी पड़े। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों और विद्यालय प्रबंधन को आगामी 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने के साथ-साथ अटल जयंती को भी मानने का आवाहन किया । इस अवसर पर मुख्य व विशिष्ट अतिथि के साथ-साथ अन्य अतिथियों द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने करने वाले विजई प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिंह वेद प्रकाश बाजपेई पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह विद्यालय के संस्थापक पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

### खुली बैठक में अन्न भंडारण केंद्र के लिए भूमि चयनित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरकामऊ में अन्न भंडारण केंद्र बनवाये जाने के लिए खुली बैठक में भूमि का चयन किया गया है।इसके साथ ही कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए भी भूमि चयनित की गयी है। शनिवार को उपजिलाधिकारी के निर्देश पर लेखपाल सन्दीप वर्मा ने खुली बैठक में चयनित भूमि का चिन्हाकन कराया है। ग्राम पंचायत मरकामऊ में ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में 232 एयर भूमि कूड़ा निस्तारण केंद्र और 692 एयर भूमि अन्न भंडारण केंद्र बनाने के लिए चयनित की गई है। बैठक में लेखपाल संदीप वर्मा ग्राम पंचायत सदस्य स्वामी प्रसाद तिवारी सहित कई सदस्य एवं गांव के लोग मौजूद रहे।

### प्रवर्तन दल ने अनाधिकृत रूप से संचालित 20 वाहनों का किया चालान

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं सडक् दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शनिवार को पखवाड़ा के नवम दिवस को परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो पर दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट (चालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित), मोबाइल फोन का प्रयोग, अनियत्रिंत एवं गलत दिशा में वाहन का संचालन करने के विरूद्ध लोगों को जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की।

# आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर 26 से चलेगा अभियान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> 11 हजार से अधिक परिवार इस योजना से आच्छादित किए गए

नगरीय क्षेत्र के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए शासन के निर्देश पर विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। करीब 11 हजार से अधिक पारिवारिक योजना से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमितेश द्विवेदी ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण के आदेश अनुसार प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 26 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक विशेष पखवाड़ा नगरीय क्षेत्र के पात्र गृहस्थीराशन कार्ड धारकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु चलाया जाएगा। जनपद खीरी में 6 व उससे अधिक यूनिट वाले नगरीय क्षेत्र के 11 हजार से अधिक परिवार इस योजना से आच्छादित किए गए हैं। इन सभी परिवारों के सभी सदस्यों का गोल्डन कार्ड बनाने के लिए के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा जाएगा। राशन कार्ड धारक अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ,नौरंगाबाद,एसके मजूमदार अस्पताल मैलानी, वन बीट अस्पताल भीरा, डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल, मोहम्मदी में जाकर अपने आधार एवं राशन कार्ड से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सम्मानित हुए किसान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




पूर्व प्रधाननमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद के पल्हरी प्रक्षेत्र प्रांगण में मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, व एमएलसी अंगद सिंह एवं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की उपस्थिति में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नालाजी (आत्मा) योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी तथा शोध केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत आरएटीडीएस कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि मेला/कृषि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम सिंह (भुल्लन वर्मा), भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, प्रगतिशील कृषक, विक्रान्त सैनी, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, उप कृषि निदेशक, शोध अरविन्द कुमार, जिला कृषि अधिकारी, राजित राम, जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, मत्स्य, गणेश प्रसाद, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी-कुर्सी अरूणेश प्रताप सिंह, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर, अन्वेषा देव के साथ ही कृषि विभाग के कार्मिक एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे। महिला कृषकों द्वारा भी किसान मेले में भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया। अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा मेले में लगे कृषक उपयोगी स्टालों का अवलोकन कर दीप प्रज्जवलन किया गया।

# रालोद ने मनाई चौ. चरण सिंह की जयंती

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



23 दिसंबर 2023 को किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जन्म जयंती पर लखीमपुर राष्ट्रीय लोक दल जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने शारदा नगर बैराज स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर उनके दिखाएं रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर मौजूद किसानों एवं मजदूरों का हाल-चाल जाना और उनकी समस्याएं सुनी तथा आज बेलरायां शुगर मिल में एक मजदूर के घायल होने पर फैक्ट्री द्वारा समुचित उपचार व्यवस्था न किए जाने पर दुख प्रकट किया किसानों मजदूरों की समस्याएं सुनने वाला शासन प्रशासन कहां है चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों मजदूरों की लड़ाई लड़ते रहे।

चौधरी साहब की जयंती पर छुट्टी घोषित करने का निर्णय देर से लिया गया निर्णय है। जिला अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने बताया की 26 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व में लखनऊ विधानसभा के सामने घेरा डालो डेरा डालो अभियान के अंतर्गत लखनऊ चलने का सभी से आवाहन किया सरकार को गन्ने का मूल्य बढ़ाना होगा आवारा पशुओं से निजात दिलानी होगी मजदूरों के हितों की रक्षा करनी होगी तत्पश्चात लखीमपुर स्थित ग्लोब हॉस्पिटल राजापुर में मरीज के मध्य फल वितरण का कार्यक्रम कर चौधरी साहब का जन्मदिन मनाया गया।इस मौके पर डॉक्टर शहीदुल हसन अंसारी जिलामहासचिव नाजिम अली युवा जिला अध्यक्ष हरनाम वर्मा,चिंता प्रसाद गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अंबूपुर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कायाकल्प पियर असेसमेंट में प्रथम पुरस्कार पा चुके हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अम्बूपुर को अब एनक्वास सर्टिफिकेट के लिए तैयार किया जा रहा है और इन्हीं तैयारी का जायजा लेने के लिए शनिवार को राज्य स्तरीय टीम अम्बपुर पहुंची। सीएचसी फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि एचडब्ल्यूसी अम्बूपुर कायाकल्प पियर एसिसमेंट में प्रथम पुरस्कार पा चुका है और पुरस्कार की धनराशि 50 हजार रुपए जन आरोग्य समिति खाते में भी आ चुकी है। इसी राशि से अम्बूपुर को अब एनक्वास सर्टिफिकेट के लिए तैयार किया जा रहा है। शनिवार को डॉ राजाराम के नेतृत्व में दो सदस्य टीम ने एचडब्ल्यूसी अम्बूपुर का निरीक्षण किया। साफ सफाई व्यवस्था देखी, बायो मेडिकल वेस्ट और एचडब्ल्यूसी पर दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। बिजली, पानी, दवाओं के रिकॉर्ड और अच्छे रखरखाव को भी देखकर उसकी सराहना की। हर्बल गार्डन देखा और सीएचओ विकास शर्मा की कायाकल्प अवार्ड पाने को लेकर प्रशंसा की। इस दौरान एचडब्ल्यूसी नोडल डॉ प्रमोद वर्मा, डीपीएम अनिल यादव सहित ग्राम प्रधान अनुपम वर्मा, एएनएम कविता वर्मा, आशा मीना, रविंद्र बीपीएम दिनेश बीसीपीएम उपस्थित रहे।

### घाघरा की तलहटी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरौलीगौसपुर ,ढकवामाफी, मधनापुर एवं शेषपुरटूटरु गांवों में पहुंची। जहां इस यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। ग्राम सिरौलीगौसपुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेकादित्य सिंह टाइगर व जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । ढेकवामाफी गांव में पूर्व जिला महामंत्री हर्षित वर्मा ने लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि हमारी सरकार इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में पहुंचकर योजनाओं से वंचित लोगों का चिन्हांकन कर उन्हें जोड़ने का पुनः प्रयास कर रही हैं।

# तकनीकी सहायक ने खाया विषाक्त, निजी अस्पताल में भर्ती

**रामनगर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज**

विकास खंड रामनगर में तैनात एक तकनीकी सहायक ने जहर खा लिया।जिसकी जानकारी मिलने के बाद पूरे परिवार में हड़कंप मच गया।परिजन तत्काल उन्हे हिंद मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंच गये जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

प्राप्त विवरण के अनुसार बराती लाल रामनगर ब्लाक में तकनीकी सहायक ( टी ए ) मनरेगा के पद पर कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत गर्री में चल रहे विकास कार्य को लेकर शिकायत की गयी थी।जिलाधिकारी से विकास कार्यों में धांधली किये जाने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी जिसमें समाज कल्याण अधिकारी पी डब्ल्यू डी के सहायक अभियंता नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट को शामिल किया गया था।बताया जाता है कि अधिकारियों के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने ग्राम पंचायत गर्री में कराये गये विकास कार्यों की मौके पर पहुंच कर कई दिनों तक जांच पड़ताल की।पीड़ित टी ए नेक और सरल स्वभाव के धनी बताये जाते हैं।परिजनों के मुताबिक इसके बावजूद शिकायतकर्ता के द्वारा खुद को भाजपा नेता बताते हुए नेताओं से अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा था।

# राष्ट्रीय सेवक संघ महिलाओं के बीच बढ़ाएगा अपनी पैठ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ में होगा बड़ा सम्मेलन, 2500 प्रबुद्ध महिलाएं आमंत्रित**

**लखनऊ।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जहां एक तरफ भाजपा सरकार के प्रोग्राम में को तेजी से आगे बढ़ाने और उनका प्रचार प्रसार करने में जुड़ी हुई है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी भाजपा के सपोर्ट में जमीनी स्तर पर कार्य करने में जुटा है किसी गाड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महिलाओं के बीच में अपनी पेट को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए लखनऊ में एक बड़े सम्मेलन का आयोजन करने वाला है।

पिछले दिनों लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में महिलाओ महिलाओं के परिवेश पर चर्चा की गई थी। और जिलों में महिलाओं के साथ सम्मेलन करने की योजना पर भी जोड़ दिया गया था। उत्तर प्रदेश की महिलाओं के बीच में पद बनाने के लिए रस प्रदेश के सभी महानगरों में महिला सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है इस आयोजन के जरिए आरएसएस महिलाओं के बीच अपनी पैठ को और भी ज्यादा मजबूत करेगा।इसके साथ ही अनुषांगिक संगठनों में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में भी तेजी से काम कर रहा है।

# विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 ग्रामीण महिलाओं का सम्मान

समृद्धि न्यूज




**राज्यपाल होटल ताज में आयोजित `मातृ शक्ति सम्मान` समारोह में हुई सम्मिलित**

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने होटल ताज में आयोजित मातृ शक्ति सम्मान समारोह में सम्मिलित हुई व विभिन्न जनपदों से विविध क्षेत्र में कार्यरत एसएचजी समूह की 13 ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कलश में जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित नारी शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से महिलाएं हिम्मत करके जुड़ी व विविध उद्यमों से आय सृजन कर आत्मनिर्भर बनी। उन्होंने कहा कि हमें पहले अंदाजा ही नहीं था कि महिलाओं की शक्ति का उपयोग देश हित में भी हो सकता है, किन्तु अब समय बदला है और ग्रामीण महिलाएं भी आगे आईं हैं तथा देश, समाज और परिवार की उन्नति हेतु कार्य कर रही हैं। महिलाओं को शक्तिमान बताते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि महिलाएं विविध माध्यम से अपने आय का सृजन कर उसका उपयोग परिवार को आगे बढ़ाने व बेटे-बेटियों को पढ़ाने में करती है। उन्होंने महिलाओं के समय प्रबंधन की तारीफ करते हुए बताया कि कैसे घर के कामकाज के साथ-साथ वे अन्य कार्यों को भी करती है तथा घर में सबसे बाद में सोती है और यदि घर में छोटे बच्चे हो तो रात में जागती भी हैं। राज्यपाल ने कहा कि हम लोगों ने महिला शक्ति का इतने सालों से उपयोग ही नहीं किया।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एस0एच0जी0 समूह की महिलाओं को कहा कि वे आसपास हो रहे बाल विवाह पर पुलिस को सूचित करें तथा दहेज की मांग पर वहां जाकर विरोध करें। राज्यपाल ने कहा कि समाज में परिवर्तन आकस्मिक नहीं बल्कि क्रमिक एवं धीरे-धीरे होता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी महिलाओं को ढूंढना चाहिए जिन्होंने समाज और परिवार के लिए कार्य किया है व उन्हें सम्मानित किए जाने की जरूरत है।

राज्यपाल ने आज के कार्यक्रम में उपस्थित एवं सम्मानित महिलाओं से आगे और पढ़ने हेतु प्रेरित किया और कहा कि इस कार्य हेतु राजभवन से अपेक्षित मदद मिलेगी। राज्यपाल ने उपस्थित नारी शक्तियों के साथ-साथ उनके सहयोग व कार्य करने की आजादी देने हेतु उनके परिवारजनों को भी बधाई दी। इस अवसर पर कुल 13 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आईं थीं व विभिन्न लघु उद्यमों से जुड़ी हुई थीं।

### आय सृजन के साथ-साथ आज बदली है महिलाओं की सोच

राज्यपाल ने केंद्र और राज्य सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह अब घर-घर तक पहुंची है और सभी योजनाओं को पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना हमारा दायित्व बनता है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं का सम्मान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की विविध लघु उद्यमों में सक्रियता से आय सृजन के साथ-साथ उनकी सोच भी बदली है। विगत वर्षों से शिक्षा में आ रहे बदलाव की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में 80 प्रतिशत छात्राएं परिणाम दे रही हैं। राज्यपाल ने जनपदों में जेल भ्रमण के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जेल में ज्यादातर महिला बंदी दहेज के आरोपी होती हैं।

## खबरें एक नजर में

### फीनिक्स पलासियो में यादगार होगा क्रिसमस फेस्टिवल



**लखनऊ।** दिसंबर का मौसम शुरू होते ही क्रिसमस और नए साल का इंतजार होने लगता है। ये मौसम खुशी, उत्साह और फेस्टिवल का समय है और फेस्टिविटी की भावना का अनुभव करने के लिए लखनऊ में फीनिक्स पलासियो से बेहतर जगह क्या हो सकती है? फीनिक्स पलासियो राजधानी का शानदार शॉपिंग डेस्टिनेशन, जो अपनी अनूठी और मनमोहक सजावट के लिए जाना जाता है। इस बार क्रिसमस पर मॉल शॉपर्स को एक अनोखा अनुभव प्रदान करने जा रहा है, जो उनका मन मोह कर उल्लास से भर देगा। इस बार क्रिसमस की सजावट ने 30 फुट ऊंचे इंस्टालेशन से लेकर मॉल के हर कोने में चमक बिखेरी है। मॉल ने सभी के आनंद के लिए वास्तव में जादुई वातावरण बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। यह भव्य और अनूठा इंस्टालेशन क्रिसमस फेस्टिवल की पूरी कहानी और भावना को बयां करता है। फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, श्री संजीव सरीन ने कहा, लखनऊ में फीनिक्स पलासियो में क्रिसमस का फेस्टिवल हमेशा किसी अन्य फेस्टिवल के आयोजन से अलग होता है। अपनी अद्वितीय थीम आधारित सजावट, रोमांचक प्रदर्शनों के साथ, सभी का फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन सभी को वास्तव में जादुई अनुभव प्रदान करता है। आप 30-फुट ऊंचे इंस्टालेशन से मंत्रमुग्ध और सुंदर बेलेरीना नर्तकियों के नृत्य से मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह पाएंगे। इस क्रिसमस के फेस्टिवल में हर किसी के लिए आनंद लेने के लिए कुछ न कुछ है। अपने प्रियजनों को लेकर फीनिक्स पलासियो आएं और इन छुट्टियों के मौसम में क्रिसमस के आनंददायक फेस्टिवल की भावना में सराबोर जाएं।

### हड़ताली संविदा कर्मचारियों पर इस्मा लगाने की चेतावनी

**लखनऊ।** लखनऊ में किंग्स जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत करीब 2,000 संविदा कर्मचारी वेतन कटौती और वेतन भुगतान में देरी के विरोध में बुधवार से हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के चलते अस्पताल की सेवाएं चरमा गई है। केजीएमयू में हड़ताल के बीच खुद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अस्पताल पहुंच गये और उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मरीजों के साथ खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जायेगा। हड़ताल करने पर इस्मा लगा सकते हैं।

### शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट कल से

**लखनऊ।** लखनऊ जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन और प्रिसिशन चेस अकैडमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सातवीं शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट 25 से 30 दिसम्बर 2023 तक प्रिसिशन चेस अकैडमी, शिवाजी मार्ग, लखनऊ में खेला जायेगा। 7 चक्रों की यह प्रतियोगिता स्विस सिस्टम और फिडे नियमों के तहत खेली जायेगी। कुल 40 खिलाडियों के मध्य खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में 15 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी भी जोर आजमाइश करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 41000- रू की पुरस्कार राशि दांव पर होगी. प्रतियोगिता का पहला चक्र 25 दिसम्बर को प्रात: 11.30 बजे शुरू होगा।

### गृहकर में छूट 31 दिसम्बर तक

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के सदन के निर्णयानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु भवन स्वामियों द्वारा 31 दिसम्बर तक गृहकर भुगतान करने पर चालू गृहकर पर प्रदान की जाने वाली 05 प्रतिशत की छूट समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष है। अत: गृहकरदाताओं की सुविधा तथा नगर निगम की गृहकर की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए रविवार व क्रिसमस के सार्वजनिक अवकाश दिनांक 24, 25 व 31 दिसम्बर, 2023 में समस्त जोनल कार्यालयो के कैश काउंटर प्रात: 10:00 बजे से सायंकाल 03:00 बजे तक गृहकर जमा करने हेतु खोले गये है। भवन स्वामियों से अपील की गयी है कि वह 31 दिसम्बर, 2023 तक गृहकर जमा करते हुए 5 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाये।

### हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ में निबंधक बने जेएन दीक्षित

**लखनऊ।** उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ लखनऊ खंडपीठ द्वारा महानिबंधक उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अधिसूचना से पदोन्नति पाए अधिकारियों का संघ भवन में स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं। अधिसूचना के अनुसार जितेंद्र नाथ दीक्षित को निबंधक, आनंद कुमार पांडेय व रजनीश कुमार सिंह को संयुक्त निबंधक, रामदेश को उप निबंधक व राधा अधिकारी, सहर अब्बास, डॉली खनूजा, विनोद सिंह, नेत्रपाल सिंह, करूणा निधान, सोनी सिंह, संजय कुमार यादव, राजीव तिवारी, विवेक द्विवेदी, कंचन श्रीवास्तव व विनीता शुक्ला को अनुभाग अधिकारी के रूप में पदोन्नति दी गई है।

# यूपी सरकार एमएसएमई उद्योग को प्रदान कर रही समर्थन : ब्रजेश पाठक



समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश एमएसएमई और खुदरा एक्सपो-23 का शुभारंभ**

**लखनऊ।** शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दयाल कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश एमएसएमई और खुदरा एक्सपो-23 का शुभारंभ किया। इसमें 75 प्रदर्शनकर्ताएं अपने व्यापार और उत्पादों का प्रदर्शन कर रही थीं।

श्री पाठक ने बताया कि यूपी सरकार कैसे एमएसएमई को समर्थन प्रदान कर रही है और युवा उद्यमियों को अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कैसे लाभान्वित कर सकते हैं। मुकेश बहादुर सिंह, इंडो अमेरिकन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन ने यूपी में एमएसएमई व्यापार को प्रोत्साहित करने और इसके बड़े बाजार का लाभ उठाने के लिए अपने विचार साझा किए। अनुराग पांडेय, गेट ए फ्रेंचाइज के सहसंस्थापक ने बताया कि एक्सपो ने 3 वर्षों में कैसे विकसित हुआ है और इसने 200+ उद्यमियों को बनाया है। प्रांशु चौरासिया, चेतन श्रीवास्तव, कमल किशोर और अन्य कई महत्वपूर्ण व्यापारी भी इस एक्सपो में भाग लेने में सक्रिय रूप से शामिल थे। यह एक्सपो 2 दिनों के लिए है और पहले दिन लगभग 4000 लोगों ने उपस्थिति दी।

### अयोध्या में हों कुम्भ जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं

**अयोध्या।** अगले वर्ष 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रभु श्रीराम धर्मस्थली पर सभी तैयारियों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की अहम आवश्यकता को देखते हुए शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने अयोध्या में अंतराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के आला एवं स्थानीय अफसरों की समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि अयोध्या में कुम्भ जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं रखें। कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस समारोह में शामिल होने के लिए देश-दुनिया से कई गणमान्य श्रद्धालु, नेता, साधु-संत और लाखों राम भक्त पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अयोध्या में आयोजित इस समारोह के लिए उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अयोध्या एवं आसपास के जिलों में संचालित अस्पतालों के अतिरिक्त वैकल्पिक चिकित्सा इंतजाम भी रखे जाएं। इमरजेंसी सेवाओं को दुरुस्त रखें। प्राइवेट अस्पतालों के बेडों एवं आईसीयू की लिस्ट भी बनाएं। महिला चिकित्सालयों को अलर्ट मोड पर रखें। बैठक में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**इन बिंदुओं पर हुई चर्चा**

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मौजूदा बेडों की संख्या, चिकित्सकों की अतिरिक्त व्यवस्था, कंट्रोल रूम, ब्लड बैंक, एंबुलेंस, एक्स रे मशीन, ऑक्सीजन प्लांट, अस्पताल परिसर में तीमारदारों को लिए रुकने, खान-पान, पेयजल, अल्ट्रासाउंड मशीनों, बर्न यूनिट, 50 अतिरिक्त एंबुलेंस, प्राइवेट स्तर से कैथ लैब की स्थापना, हेल्प डेस्क, बाहर की दवाएं न लिखने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# ओटीएस में अब तक हुई 3900 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व वसूली

समृद्धि न्यूज

**योजना के तहत लाभ लेने के लिए अभी आठ दिन शेष**

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं को अपने बकाये की राशि चुकाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना अतंत्य लोकप्रिय साबित हो रही। अब तक की यह सबसे सफल योजना रही। योजना के तहत् उपभोक्ताओं ने बकाये में मिली छूट का अब तक भरपूर लाभ लिया। ओटीएस न सिर्फ उपभोक्ताओं के लिए बल्कि ऊर्जा विभाग के लिए भी लाभप्रद साबित हो रही। योजना के तहत 08 नवम्बर से 23 दिसंबर तक 37.60 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिला है, इससे विभाग को 3900 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

सभी उपभोक्ताओं को अब तक 1550 करोड़ रूपए का फ़ायदा हुआ। अभी योजना के एक सप्ताह से ज्यादा का समय बचा हुआ है, अंतिम दिनों में भी उपभोक्ता इसका फायदा उठाकर अपने बकाया बिलों और विद्युत् चोरी व आरसी जारी होने के मामलों को खत्म करा सकते हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज शनिवार को जल निगम फील्ड हॉस्टल ''संगम'' लखनऊ में प्रेसवार्ता कर ओटीएस योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है की योजना के अंतिम दिनों में भी लाभ लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कर लें। 31 दिसंबर के पश्चात ऐसे उपभोक्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिनका बिल बकाया होगा या विद्युत चोरी व आरसी के मामले लंबित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि योजना के अंतिम दिनों में पूरी गम्भीरता व लगन के साथ प्रयास करें, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 08 नवंबर, 2023 को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की तीन चरणों में शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। यह योजना 08 नवंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है।

### लखनऊ विवि के दर्शनशास्त्र विभाग में हुआ व्याख्यान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा सैटरडे सेमिनार की विशेष श्रृंखला के अंतर्गत, विभागाध्यक्षा डॉ0 रजनी श्रीवास्तव के संरक्षण में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग में म्यांमार से आए अंतरराष्ट्रीय शोध छात्र, केसर ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। केसर द्वारा व्याख्यान के माध्यम से थेरवाद बौद्ध दर्शन के दृष्टिकोण से सुख की अवधारणा पर चर्चा हुई। कामुक, दोषरहित, ध्यानपूर्ण अथवा पारलौकिक सुख के रूप में उन्होंने दर्शन में सुख को सामान्यता चार स्तरों पर बांटें जाने की बात कही।

### एसीपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसीपी राधा रमण सिंह ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व नायाब तहसीलदार प्रियवंदा मिश्रा समेत राजस्वकर्मियों व उपनिरीक्षको की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दियें। पहली शिकायत 80 वर्षीय बुजुर्ग जियालाल निवासी डेबरिया भरोसवा ने करते हुये उसकी कृषि योग्य भूमि पर जबरन कब्जा कर पक्का निर्माण कराये जाने का आरोप लगाया। भीषण ठंड में कांपते हुये थाना समाधान दिवस में पहुंचे बुजुर्ग जियालाल को एसीपी व नायाब तहसीलदार ने ठंड से बचने के लिये कम्बल देने के साथ ही शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें। सिसेंडी के भीलमपुर निवासी जाहिदा खातून ने शिकायत करते हुये बताया उनकी कृषि योग्य भूमि कांटा करौंदी गांव में उपजिलाधिकारी न्यायालय से चार साल पहले मेड़बंदी का सरकारी आदेश हुआ था जिसके बाद भी आज तक हल्का लेखपाल व कानूनगो ने मौके पर जाकर पैमाईश नहीं की।

# सी.एम.एस. के वार्षिक खेलकूद समारोह में छात्रों ने दिखाई अभूतपूर्व खेल प्रतिभा



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आनन्द नगर कैम्पस द्वारा उ.प्र. होम गार्डस ग्राउण्ड, आनन्द नगर, लखनऊ में आज बड़े ही भव्य स्तर पर 'वार्षिक खेलकूद समारोह' आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डा. मुकेश कुमार सिंह, ज्वाइंट डायरेक्टर, सर्व शिक्षा अभियान, उ.प्र. ने खेल ध्वज फहराकर खेलों का विधिवत शुभारम्भ किया जबकि श्री अतुल अग्निहोत्री, प्रेसीडेन्ट, बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ लखनऊ एवं असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, पीएसी, सीतापुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डा. मुकेश कुमार सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि खेल भावना से खेलना महत्वपूर्ण है। जो खेल में उत्कृष्ट होते हैं, वे जिन्दगी में भी सफल होते हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने इस अवसर पर कहा कि इन नन्हें-मुन्हें छात्रों में असीम प्रतिभा छिपी है। हमें आशा है कि यह नई पीढ़ी संसार में क्रान्ति लायेगी व पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधेगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व एकता प्रार्थना के प्रस्तुतीकरण से हुआ जिसके माध्यम से विश्व एकता व विश्व शान्ति का संदेश सारी दुनिया में प्रवाहित हुआ। इसके बाद आज की निर्धारित प्रतियोगिताओं का दौर प्रारम्भ हुआ जिसमें खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदों के लिए नन्हें खिलाड़ियों के बीच पूरी जोर आज़माइस रही।

# शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बना रहा द एनसाई स्कूल

## राज्यमंत्री विश्वनाथ व जीआईसी के पूर्व प्रधानचार्य आरआर जैसवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**वार्षिकोत्सव में नन्ने मुन्ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मनमोहा**

समृद्धि न्यूज

**बाराबंकी।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले द एनसाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को भाव विभोर दिया। विगत वर्षों की तरह आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यमंत्री व राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवम विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ, विशिष्ट अतिथि जीआईसी के पूर्व प्रधानचार्य आरआर जैसवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण के इस दौर में अच्छे स्कूलों का चयन करना अभिभावकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति और बच्चों के द्वारा सीखे गए हुनर की प्रस्तुतियां और उस पर अभिभावकों की तालियां साबित कर रहीं है कि शिक्षा का उत्कृष्ट माहौल बच्चों को मिल रहा है।

आरआर जैसवार ने कहा कि द एनसाई स्कूल के छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियां यह प्रमाणित करती हैं कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है जो शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। द एनसाई स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम, एक्सप्रेशंस ने अपनी प्रतिभा, विशिष्टता और उत्सव के शानदार प्रदर्शन के साथ दर्शकों को मोहित कर दिया।



### छात्र-छात्राओं ने अभिनय कर मिशन चंद्रयान को किया जीवंत

द एनसाई स्कूल के नन्हे मुन्नो बच्चों ने मिशन चंद्रयान को अपने नाटक से पहले ही जीवंत कर दिया। पृथ्वी से चांद तक का सफर अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ दर्शकों को भी याद रहेगा। छात्र छात्राओं ने निर्धारित कार्यक्रम में, एनसाई स्कूल की विभिन्न प्रतिभाओं का चित्रण किया गया, प्रदर्शनों की एक श्रृंखला पेश की गई व मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य से लेकर आत्म-रोमांचक संगीत रचनाएँ और ललित कलाओ ने सभी उम्र के दर्शको के लिए एक मनोरंजक व यादगार अनुभव बना दिया। निर्देशिका डॉक्टर नेहा सिंह व प्रधानाचार्य आरती बाजपेयी ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा छात्राओ अंशिका, पूजा, जाह्नवी, अणीमाम, नीशू, अभिजीत, पायल आदि बच्चों ने द्वारा प्रदर्शित सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नन्हे मुन्हे बच्चों के रंगमहोत्सव से सजी शाम मे रोबोटिक्स तकनीकी का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भांगड़ा और पारंपरिक नृत्य के साथ एकता का संदेश साथ ही प्रकृति की सुरक्षा का भी संदेश दर्शको को जीवंतता के साथ दिया गया।

### प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि विश्व नाथ के द्वारा ताइक्वांडो के नेशनल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों सृष्टि सिंह को गोल्ड मैडल, संस्कृति को सिल्वर मेडल, पियूष, वैभव,आदर्श, मयंक व प्रिया को ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया। हॉकी की डिस्ट्रिक्ट चैंपियन आशी व नेशनल स्केट्स खिलाड़ी अर्पित राज (अंडर 14) को ट्रॉफी मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। निर्देशिका डॉक्टर नेहा सिंह व प्रधानाचार्या ने मेधावियों को सम्मान स्वरूप पुरुस्कृत किया । कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या आरती बाजपेई के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। शिक्षको में प्रमुख रूप से गीतांजलि, माज, मुस्कान, अपूर्वा, शालिनी, इला, प्रेरणा,अनीता, नम्रता, अंशिका, आदित्य, नाजिया, शिप्रा, भावना, रश्मि, नीरज, आलोक, वीरेंद्र, रेनू, शैल, हर्षित, अंकिता, कोमल आदि शामिल रहे।

### एनसाई स्कूल अकादमिक उत्कृष्टता का एक प्रतीक

स्कूल का प्रबंधक डॉ आशीष यादव ने कहा कि एनसाई स्कूल का वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं की अभिव्यक्ति का आयोजन है। स्कूल अकादमिक उत्कृष्टता का एक प्रतीक है, जो हमारे छात्रों के बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को पोषित करने वाली समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।







### परिवार की महत्ता को बखूबी समझते हैं नन्ने-मुन्ने

द एनसाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने पारिवारिक महत्व को समझने के लिए ग्रैंड पेरेंट्स के लिए प्रस्तुत कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जिसे देख दादा दादी प्रेम और वात्सल्य से झूम उठे। वहीं समय के महत्व को समझने के लिए बच्चों के द्वारा किया गया लेज़ी डांस लोगो के आकर्षण का केंद्र बना रहा । रिद्धी, सिद्धी, नव्या, आयुष, अंशिका, आदर्श, यशी, उन्नति, श्रेया, दिव्यांश, मुदस्सिर, मानसी, सबरीन, समर्थ, इशांक, आदित्य, रिदम, अभिषेक, अथर्व, ऋषभ, पियूष, कार्तिकेय, शशांक, खुशी, अवंतिका , ओम, अश्विनी आदि बच्चो ने मानव पिरामिड बना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## ऊंची पकड़ एवं पहचान से मिलता बढ़िया थाना, क्या इस प्रथा को खत्म कर पाएंगे नए पुलिस अधीक्षक

# लाइन व पुलिस ऑफिस में इंस्पेक्टर के होते हुए उप निरीक्षक चला रहे थाना

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस विभाग में अक्सर देखा जाता है कि पहुंच, पकड़, व पैसे वाले पुलिस कर्मी शहर के अच्छे थानों में रहना चाहते हैं, जिसके लिए वह काफी प्रयास करते नजर आते हैं कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो गोण्डा जिले के चंद अच्छे थानों में रहकर अपना कार्यकाल पूरा कर चले जाते हैं पर कुछ ऐसे भी पुलिस कर्मी हैं जो काबिलियत रखते हैं पर उन पुलिस वालों के जैसे आदत नहीं होती इसलिए वह जिले के पुलिस ऑफिस जैसे जगह पर वफादारी के साथ नौकरी करते हैं।

जिले में पुलिस विभाग में विभिन्न थानों में अपनी पदस्थापना के लिए पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के कर्मचारियों को भारी जुगत एवम जुगाड़ लगानी पड़ती है तब जाकर मनचाहे थाने में उनकी पदस्थापना हो पाती है जो जुगाड़ एवम पहुंच के अपने प्रभाव को जितना साबित कर पाता है वह हमेशा बढ़िया थानों में ही पदस्थ रहता है।

वहीं जिस पुलिसकर्मी की पहुंच, पकड़ कमजोर साबित होती है वह बढ़िया काम करके भी जिले के दूरस्थ थानों में या लाइन या फिर पुलिस ऑफिस में ही काम करते नजर आते हैं। जिले में पुलिस के कई ऐसे उप निरीक्षक देखने को मिल जाएंगे जिनका विभाग में इतना जुगाड़ एवम पकड़ है। इतना है कि अपना कार्यकाल जिले में पूरा भी कर चुके हैं और वह अपने जुगाड़ और पैसे के बल पर थानेदार के पद पर जिले में ही कार्यरत हैं साथ ही उन्हें हमेशा बेहतर थानों में ही सेवा का अवसर भी दिया जाता आ रहा है। कहने को किसी भी विभाग में अपने कर्तव्य को लेकर सभी बेहतर काम करना चाहते हैं लेकिन अवसर के आभाव में वे अपनी प्रतिभा दिखा पाने में असफल हो जाते हैं और पहुंच पकड़ वाले लगातार बेहतर जगह पर काम करते हुए अपने आपको प्रसिद्ध करने में सफल हो जाते हैं।

### क्या सुधरेगी व्यवस्था

नए पुलिस अधीक्षक से अब जनपद वासियों को उम्मीद रहेगी कि वह जिले में बेहतर पुलिसिंग की मिसाल कायम करेंगे और जिले में न्याय व्यवस्था पर विश्वास कायम हो सके ऐसा प्रयास करेंगे। जिले में एक ही थानों में वर्षों से जमे उप निरीक्षकों को लेकर भी नए पुलिस अधीक्षक से बदलाव की उम्मीद रहेगी क्योंकि जिले में ही कई योग्य निरीक्षकों के पास पुलिस थाने नहीं हैं या फिर उन्हें दूरस्थ भेज दिया गया है। कुल मिलाकर नए पुलिस अधीक्षक से जिले की जनता को काफी उम्मीदें हैं और उन पर खरा उतरना नए पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी।

वैसे तो जिले में महिला थाना को लेकर थानों की कुल संख्या 18 है लेकिन चौकियों की संख्या के आधार पर पुलिसकर्मियों की पदस्थापना के लिए विभाग के पास विकल्प बहुत सारे हैं। जिले के कई थानों एवम चौकियों में अपनी पदस्थापना को लेकर पहुंच पकड़ वाले पुलिस कर्मी लगातार अच्छी जगह पोस्टिंग करा लेते हैं और वर्षों तक वहीं जमे रहते हैं, वहीं बहुत सारे योग्य अनुभवी इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मी लगातार पुलिस लाइन या पुलिस ऑफिस में ही अपनी सेवा देने को मजबूर है। जबकि नियम से सभी पुलिस कर्मियों को जिले के हर थाने में काम करके क्षेत्र का अनुभव लेना चाहिए और बेहतर सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था कायम करनी चाहिए। लेकिन गोण्डा जिले में पुलिस विभाग में कुछ ऐसे नाम है जिले में अपनी कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और वह जिला नहीं छोड़े कब छोड़ेंगे यह जिला पुलिस विभाग में कई ऐसे नामचीन नाम है जो थानेदार बनने के लिए एड़ी चोटी एक करते हैं इन्हें जिले के थानों का चार्ज मिलना चाहिए तनख्वाह भी बड़ी नहीं चाहिए, सेटिंग गेटिंग भी होना चाहिए थानेदार के पद को छोड़ने क्यों मत कहिए क्योंकि चौकी इंचार्ज में वह मजा नहीं है जो थानेदार में है।

कुछ नामों पर गौर किया जाए तो पहला नाम आता हैएअंकुर वर्मा जो कि अपना कार्यकाल पूरा भी कर चुके हैं और थाने का प्रभार चला रहे हैं। अगर आप पुलिस विभागों में शिकायतों को गिनने बैठें तो पुलिस विभाग भी थक जाए पर जुगाड़ व चापलूसी के दम पर नजदीकी थानों के थानेदार के साथ मिलकर माल कमाने पर भरोसा ज्यादा रखते हैं। ऐसे थानेदारों की तादाद भी बहुत ज्यादा नहीं है कुछ गिने चुने थाना प्रभारी ऐसे हैं वैसे इनमें से सभी उप निरीक्षक हैं और थानेदार बनकर काम कर रहें हैं और निरीक्षक लाइन और पुलिस ऑफिस में काम कर रहें हैं।

# पश्चिम पटरी पर बने नजूल पट्टी के अवैध अतिक्रमणों को अभयदान क्यों?

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी नेहा शर्मा के चार्ज लेने के बाद उनके संज्ञान में जब यह बात आयी कि अंबेडकर चौराहे पर मंडे नाले की नजूल पट्टी पर दोनों तरफ 47 अवैध पक्का निर्माण कर लिया गया उन्होंने उनको ढहाने का आदेश दिया और पूरब पटरी की दुकानों को ढहाने का काम किया गया उस समय चर्चा यह थी कि जिला अधिकारी किसी भी गलत काम को बर्दाश्त नहीं करेंगी और कुछ ही दिनों में पश्चिम पटरी पर बने अवैध अतिक्रमण पर भी चलेगा प्रशासन का बुलडोजर, किंतु देखते-देखते आज 2 महीने गुजर गए बीच में नगर पालिका और नगर मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने उन दुकानों की पैमाइश भी की जिसमें यह पाया गया लगभग 14 फुट आगे बढ़कर निर्माण कर लिया गया है उन पर भी शासन का बुलडोजर चलना निश्चित था किंतु क्या कारण है आज लगभग दो माह गुजर जाने के बाद भी जिला प्रशासन उधर देखना मुनासिब नहीं समझ रहा है ऐसे में लोगों का सोचना यह है कि क्या जिलाधिकारी ने इन सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को अभय दान दे दिया है या कोई और बात है चर्चा ऐसी भी है कि यदि इन लोगों को छोड़ना था तो पूरब साइड की पटरी पर लोगों को तोड़ा क्यों गया क्योंकि जो दोष पश्चिम पटरी वालों का था वही दोष पूरब पटरी वालों का भी था अब अपने आप में यह एक यक्ष प्रश्न है। जिलाधिकारी महोदया के नंबर पर फोन करके उनसे उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई किंतु वहां कर्मचारियों के द्वारा फोन उठाया गया और बताया गया कि अभी मैडम पॉइंट पर नहीं है जब आएंगी तो बात हो सकती है।

# कैडेट को दिया जा रहा कठिन बाधा पार करने का प्रशिक्षण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



एनसीसी गोरखपुर ग्रुप के अंतर्गत 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा एक उत्कृष्ट बटालियन है। इस एनसीसी बटालियन के अंतर्गत जनपद के लगभग 25 कॉलेजों में एनसीसी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

वर्तमान में कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के अथक प्रयास से बटालियन का स्वरूप ही बदल गया है। कमान अधिकारी द्वारा स्वयं एनसीसी कैडेट को प्रोत्साहित करना, आर्मी में कैरियर बनाने के लिए काउंसलिंग करना, भरती के लिए तैयारी करना,लक्ष्य को प्राप्त करना ही उद्देश्य रहता है।

इसी क्रम में बटालियन के प्रांगण में एनसीसी कैडटो को ऑप्टिकल ट्रेनिंग जिसको कठिन बाधा प्रशिक्षण भी कहा जाता है प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नए ऑप्टिकल कमान अधिकारी द्वारा तैयार कराया गया और पिछले दो सप्ताह से गोंडा जनपद के प्रत्येक विद्यालयों से कैडेटों को बटालियन पर बुलाकर भारतीय सेना के जवानों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कैडेटों की भागीदारी एवं उत्साह को देखते हुए कैरियर की तैयारी हेतु कम जगह होने के बावजूद इस प्रशिक्षण कोर्स का निर्माण कराया गया। इससे गोंडा जनपद के कैडेटों को भारतीय सेना में अथवा अधिकारी पद हेतु तैयारी कर रहा है तो फायदा अवश्य मिलेगा। भारतीय सेना के अतिरिक्त अर्ध सैनिक बल और पुलिस के भरती में फायदा मिलेगा।

कर्नल सुनील कपूर का उद्देश्य अधिक से अधिक कैडेटों को भारतीय सेना के जवान बनाना एवं अधिकारी पद पर चयन हेतु प्रशिक्षण देना है जिससे यह कैडेट अपने जनपद के साथ अपने देश का भी नाम रोशन करेंगे।

### धड़ल्ले से चल रहा अवैध मेडिकल स्टोर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** अवैध मेडिकल स्टोर की शिकायत औषधि निरीक्षण की गई इसके बाद भी इन मेडिकल स्टोरों की जांच नहीं की गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के कोयली जंगल निवासी शिव कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद, राजेन्द्र कुमार, सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दर्जी कुआ से मनका पुर मार्ग और जमुनहा मोड़ पर कई मेडिकल स्टोर की दुकानें अवैध रूप से चल रही है। जिस पर झोला छाप डॉक्टर बैठ कर लोगो का इलाज करते हुए दिखाई देंगे। शिव कुमार ने बताया कि एक शिकायत मुख चिकित्सा अधिकारी से किया था। जिस की जांच कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने करीब दस माह पूर्व लिखा था। दस माह बीत गया इस के बाद भी औषधि निरीक्षण जांच करने नहीं आये हैं।

# किसान सम्मान दिवस पर किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी संपन्न

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज**



शनिवार को सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज गोंडा में आयोजित किया गया।

किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ रमाशंकर मिश्रा सांसद प्रतिनिधि द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को अपनी आय दोगुनी करने के लिए वैज्ञानिक विधि से खेती करने का आवाहन किया। सुशील कुमार जिला विकास अधिकारी, जेपी यादव उपायुक्त मनरेगा, चन्द्रशेखर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर अपने विचार रखे। उप कृषि निदेशक ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जीवनी एवं किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने कृषक हित में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने राजस्व विभाग में सुधार हेतु महत्वपूर्ण कार्य किये। शिवपूजन शुक्ल अवधी कवि ने खेती- किसानी को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आरएन मल्ल उपनिदेशक रेशम, सुनील कुमार सिंह जिला गन्ना अधिकारी, पारसराम भूमि संरक्षण अधिकारी, इंद्रजीत कुमार सहायक निदेशक मत्स्य, शिव शंकर चौधरी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अशोक कुमार गुप्ता सहायक जिला कृषि अधिकारी, अशोक कुमार सहायक निबंधक सहकारिता, सुमित तिवारी, रोहित कुमार सिंह बीटीएम पवन कुमार दीक्षित, मदन यादव आदि उपस्थित रहे। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर खेती में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों शिवप्रसाद तिवारी को गेहूं उत्पादन, धीरजराम व इंद्रबहादुर सिंह धान उत्पादन, बृजनंदन तिवारी मिर्च उत्पादन, राजेश तिवारी केला उत्पादन, राकेश कुमार, गुरुचरण निषाद व अभिषेक सिंह को मत्स्य उत्पादन, शिवचंद्र सिंह शहद उत्पादन, सुभाष पांडेय, काशी प्रसाद, अजय कुमार सिंह, आदि कृषकों एवं डॉक्टर रामलखन सिंह कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर तथा शिवपूजन शुक्ल अवधी कवि को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, वीएनआर सीड्स, नूजीवीडू सीड्स, इफको, पायनियर सीड्स, चंबल फर्टिलाइजर्स, बजाज हिंदुस्तान सुगर मिल कुंदरुखी, एनके ट्रेडर्स आदि ने स्टाल लगाकर कृषकों को खेती सम्बंधी जानकारी दी।

## खबरें एक नजर में

### सोनबरसा के बच्चों को दान में मिली नवोदय व श्रेष्ठा की गाइड




**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के बच्चों के लिए शनिवार का दिन खास रहा। खास इसलिए रहा क्योंकि इस दिन स्कूल के छः बच्चों को भूतपूर्व ग्राम प्रधान विजय चौहान व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमनाथ द्वारा नवोदय व श्रेष्ठा परीक्षा की तैयारी हेतु इन प्रतिभाशाली बच्चों को दान स्वरूप गाइड प्रदान की। दान स्वरूप गाइडें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्हें यह संबल मिला कि आगे आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में यह किताबें उनकी मदद करेंगी। इस क्रम में विजय चौहान द्वारा कक्षा आठवीं के छात्र अमन कुमार को श्रेष्ठा व नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु ज्योति, संध्या वर्मा व शिव पूजन को गाइडें भेंट की। एसएमसी अध्यक्ष प्रेम नाथ द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु शाकिर बानो व शिवा को गाइडें भेंट की। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक तुलसी देवी, प्रेमनाथ, जमीरुन निशा व शालिनी देवी उपस्थिति रहीं। इस नेक कार्य के लिए स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया, शिक्षक राम अनुज, शताब्दी वर्मा, अमर ज्योति शर्मा, चित्रावती मौर्य, पूनम यादव, देवेंद्र प्रताप, अनुराधा मिश्रा व सुरेश कुमार ने दोनों दान वीरों का आभार व्यक्त किया।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो लोगो की मौत हो गई। मां बेटा घायल हो गया। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ढढक्की पट्टी ठाकुर दीन पुरवा निवासी 65 वर्षिय राज कुमारी पत्नी बुधराम शुक्रवार की देर शाम 6बजे घर का सामान खरीदने के लिए गोड़वा घाट बाजार आई थी। सामान खरीद कर वापस घर जा रही थी। किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे सड़क के किनारी पड़ी थी। वही के कुछ लोगो ने उस को देखा और घर वालो को सूचना दिया। घर वाले उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। शनिवार की सुबह उस की इलाज के दौरान मौत हो गई। कर्नल गंज थाना क्षेत्र के छतौनी निवासी 60वर्षिय साहब प्रसाद कोरी पुत्र स्वामी प्रसाद कोरी खेत बोने के लिए गेंहू की बीज लेने साइकिल से जरवल बाजार आया था। सड़क के किनारे साइकिल खड़ा कर के पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने टक्कर मार दिया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की देर रात्रि में इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। कौड़िया थाना क्षेत्र खुदगुदिया निवासी 60 वर्षिय बच्ची देवी पत्नी बाबू लाल और उस का 30 वर्षिय पुत्र पप्पू बाइक से कौड़िया बाजार दवा लेने आ रहा था। पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिस से मां बेटा घायल हो गए। मां बच्ची देवी की हालत गम्भीर बनी हुई है। दोनो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# पति ने गला दबाकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**बच्चों का रो रो कर बुरा हाल**

चाकूजोत गांव निवासी महिला सीता देवी का विवाह 20 वर्ष पूर्व हुआ था। मृत महिला के चार बच्चे हैं। मां की मौत से बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जनपद के चाकूजोत गडरियनपुरवा गांव निवासी एक महिला का रात में पति से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। इससे नाराज पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मायके के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाकू जोत के मजरा गडरियनपुरवा निवासी सीता देवी (35) पत्नी चंदा का शनिवार रात को पारिवारिक मामलों को लेकर पति से विवाद हुआ। विवाद के बाद महिला बच्चों को लेकर अलग कमरे में लेट गई। इससे पति काफी नाराज हो गया। उसने महिला की जमकर पिटाई की। इसके बाद महिला के घर फोन कर जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद पति चंदा ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मां के मौत की सूचना पाकर बच्चे रोने लगे। सभी ने अपने मामा को घटना की सूचना दी।मायके से मृतक महिला का भाई मनोज कुमार अन्य लोगों के साथ पहुंचा। भाई ने थाने में तहरीर देकर गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक आरती वर्मा ने बताया कि महिला की आपसी विवाद में गला दबाकर हत्या की बात सामने आ रही है। केस दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाए स्वच्छ पेयजल : स्वतंत्रदेव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




- पेयजल परियोजना कोल्हुआ का जल शक्ति मंत्री ने किया उद्घाटन
- लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में पांच लाभार्थियों को वितरित किये स्वीकृति पत्र

जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक इकौना राम फेरन पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, ग्राम प्रधान राजित राम, पार्टी पदाधिकारी संचित सिंह व अन्य के साथ शुक्रवार को देर शाम विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम कोल्हुवा में जल जीवन मिशन ''हर घर जल कार्यक्रम'' के तहत 307.07 लाख की लागत से निर्मित ग्राम कोल्हुआ पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया तथा पानी टंकी का पूजन कर पेयजल परियोजना का शुभारम्भ किया।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने परियोजना का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार पेयजल परियोजना का संचालन करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना अन्तर्गत आच्छादित ग्रामवासियों को पाईप लाइन परियोजना के माध्यम से आपूर्ति स्वच्छ पेयजल को खाने-पीने में उपयोग के लिए प्रेरित करें। जलशक्ति मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि मार्ग पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। पेयजल परियोजना के उद्घाटन के पश्चात मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत उथले, मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप योजना से लाभान्वित किसानों के साथ संवाद करते हुए लाभार्थियों से फीड बैक प्राप्त किया तथा 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए जगह-जगह पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोगों को स्वच्छता अपनाने की नसीहत करते हुए कहा कि अपने घर व गांव को साफ-सुथरा रखें। इस अवसर पर अधि.अभि. लघु सिंचाई विजय कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नित्य क्रिया को गए अधेड़ चौकीदार को हाथियों ने रौंद कर मार डाला

- लहूलुहान हालत में झाड़ियों में पड़ा मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सुजौली थाना क्षेत्र के गिरिजापुरी सिंचाई कालोनी निवासी एक ग्रामीण शुक्रवार शाम को नित्य क्रिया के लिए खेत को गया था, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह लहूलुहान हालत में उसका शव झाड़ियों में पड़ा मिला। वन विभाग हाथी के हमले में मौत की बात कह रहा है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया है। जनपद के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत थाना सुजौली क्षेत्र के गिरिजापुरी कालोनी के डी टाइप आवास निवासी देवेश्वर (52) पुत्र लक्ष्मण प्रसाद शुक्रवार की देर शाम को शौच के लिए निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर लोगों ने तलाश शुरू की। देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन कुछ भी पता न लग सका। शनिवार सुबह देवेश्वर के भतीजे राकेश ने कालोनी के कुछ लोगों के साथ पुनः तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान कालोनी केडी टाइप के सामने झाड़ियों में अधेड़ का लहूलुहान शव बरामद हुआ। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सौरभ सिंह व रेंजर अनूप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और वन अधिकारियों ने घटनास्थल को देखा और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंजर अनूप कुमार ने बताया कि हाथी के हमले में मौत हुई है। वन विभाग ने लोगों को सतर्क किया है।

**चौकीदार था मृतक**

मृतक ग्रामीण देवेश्वर चौकीदार था। वह प्राइवेट में सिंचाई विभाग में नौकरी करता था। ऐसे में उसकी मौत से सिंचाई विभाग के कर्मियों में भी शोक है।

# 44 कंटेनर देशी घी बरामद, एक गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में सशस्त्र सीमा बल के जवान शुक्रवार रात को आने जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। सहायक कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि रात 9:20 बजे एक पिकअप वाहन भारत से नेपाल जाते दिखा। जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पिकअप वाहन में 44 कंटेनर देसी घी बरामद हुआ। जबकि पिकअप में 177 नाग खाली कैरेट भी रखा था। पिकअप चालक से देसी घी के कागजात मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। जिस पर उसे समय भी दिया गया। लेकिन शनिवार सुबह तक वह कोई कागजात नहीं दिखा सका। इस पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने पिकअप वाहन संख्या यूपी 40 एटी 6167 और उसमें रखें घी को जप्त करते हुए कस्टम के सुपुर्द कर दिया है। जबकि पिकअप वाहन चालक दरगाह थाना क्षेत्र के घोसियाना मोहल्ला निवासी नादिम पुत्र हाशिम को पुलिस को सौंप दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है। बरामद सामान और वाहन की कीमत एसएसबी के मुताबिक आठ लाख रूपये है।

# समाधान दिवस का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसपी

- डीएम-एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, दिया निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना रिसिया का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में 12 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें से 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस व राजस्व की दो संयुक्त टीमें निस्तारण के लिए भेजी गयी। समाधान दिवस के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन कर पूर्व में निस्तारित किये गये प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण का भी जायजा लिया। डीएम व एसपी ने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाय। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि थानों व तहसीलों में अपनी समस्या लेकर आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाया जाय। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर आनन्द कुमार राय, प्रभारी थानाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जिले में बना अनोखा शौचालय, एक ही कमरे में लगवा दिया चार सीट

- सामुदायिक शौचालय के निर्माण में खेल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के बभनियावा गांव में वर्ष 2020 में सरकार के लाखों रूपए खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवा दिया गया। लेकिन इस शौचालय का निर्माण मानक के विपरीत कर दिया गया।

एक ही कमरे में खुले में चार सीट एक साथ स्थापित करवा दिया गया। इससे लोगों की निजता भी भंग हो रही है। इसकी जानकारी होने पर डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया है।

> पयागपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भावनियावा में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। इसमें एक कमरे में एकसाथ चार सीट लगवाया गया है। इसकी जानकारी गुरुवार को हुई है। इसके लिए ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया गया है। बीडीओ को जांच के निर्देश दिए गए है।
>
> *राघवेंद्र द्विवेदी डीपीआरओ*

# किसान दिवस के रूप में मनाई पूर्व पीएम की जयंती

- पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की जयंती पर आयोजित हुई गोष्ठी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों की समृद्धि व खुशहाली के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 121 वी जयंती किसान दिवस के रूप में पार्टी कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन कर धूमधाम से मनाई गयी।

उक्त गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव व संचालन जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ दिनेश लोधी ने किया। गोष्ठी में सर्वप्रथम स्वर्गीय चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई व पार्टी वक्ताओं द्वारा उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए रामहर्ष यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हम सबके नेता मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं वह अपने पूरे जीवन में ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक प्रगति लघु एवं विकेंद्रित उद्योगों के हिमायती रहे हैं उनका मानना था कि कृषि मजदूर एवं अन्य लाखों गरीब किसानों एवं ग्रामीण बेरोजगारों की आए बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देना आती आवश्यक है।

इस गोष्ठी मे जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, राष्ट्रीय सदस्य अल्पसंख्यक सभा अली मेहंदी जाफरी, पूर्व प्रमुख व बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष पेशकार राव, कृपा राम यादव, विजय सैन, प्रधान संतोष राव आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाला तीसरा अभियुक्त गिरफ्तार

- अभियुक्त पर पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया था पच्चीस हजार का ईनाम

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्य कर रही लालगंज पुलिस टीम ने गोलू सोनी के साथ लूट करने वाले तीसरे अभियुक्त को भी पकड़ कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त दिलशाद के ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि गत 19 नवंबर को लालगंज के सराफा मंडी में गोलू उर्फ अनंत राम सोनी के साथ 65 लाख रुपये के सोने के जेवरातों की लूट हुई थी, पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए पहले ही दो अभियुक्तों को माल सहित पकड़ा था और जेल भेज दिया था। अब तीसरे अभियुक्त नया बाजार झोपड़पट्टी सोनिया गांधी नगर थाना चौक लखनऊ निवासी दिलशाद पुत्र माशूक को भी मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया है उसके पास से 60 ग्राम सोने के जेवरात बरामद हुए हैं। बरामद हुए सोने के जेवरातों में अंगूठी, झुमका,चैन आदि जेवरात शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लालगंज में हुए चर्चित लूट कांड में पीड़ित गोलू सोनी के तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था दौरान विवेचना पुलिस ने दिलशाद सहित पप्पू सोनी निवासी हसवा जिला फतेहपुर और इमरान अल्टर निवासी कानपुर को लूट कांड का आरोपी बनाया था। पप्पू सोनी और इमरान पहले ही पकड़े जा चुके हैं। अब तीसरे मुलजिम दिलशाद को भी पकड़ने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। दिलशाद को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह, अपराध निरीक्षक पंकज त्यागी, उपनिरीक्षक गौरव कुमार, उप निरीक्षक निखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक मालिक राम साहनी, सिपाही नितिन परमार, आकाश, सचिन सिंह, परमाल सिंह शामिल रहे।





## खाटू श्याम के भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मां जसवन्ती देवी मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महराजगंज कस्बे के युवाओं द्वारा खाटू श्याम का विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा खाटू श्याम का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नगर के ही ऋतिक वैश्य जीतू वैश्य शेखर यज्ञसैनी शिवा वैश्य अमन वैश्य आलेख साहू हिमांशु वैश्य दुर्गेश यज्ञसैनी अरविंद वर्मा सुरेश वैश्य प्रिंस चौरसिया गगन वैशय हिमांशु साहू पीयूष साहू ज्ञानेंद्र साहू हेमंत वैश्य आकाश वैश्य निहाल वर्मा रजत यज्ञसैनी शशांक मोदनवाल आदि युवाओं ने मिलकर लोगों से सहयोग लेकर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें पहुंचे हजारों भक्तों ने बाबा खाटू श्याम का प्रसाद ग्रहण किया।

## खबरें एक नजर में

### बस-ट्रक की टक्कर में चालक व महिला घायल

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण हुआ सड़क हादसा सवारियों से भरी रोडवेज बस को सामने से आ रहे ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर ट्रक की टक्कर से बस के उड़े परखच्चे चालक व एक महिला हुई घायल, मामला खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी चौराहे का है जहां रायबरेली से सवारियां भरकर कानपुर जा रही रोडवेज बस को सामने से आ रहे है ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी ट्रक की टक्कर से बस के परखच्चे उड़ गए वहीं बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई स्थानीय लोगों की मदद से बस से सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया जिसमें बस चालक दिलीप वर्मा व एक महिला घायल हो गई जिनको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से तक लेकर फरार होने में कामयाब रहा सूचना पर पहुंची पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो राष्ट्रीय पक्षियों की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई मौत, एक साथ दो राष्ट्रीय पक्षी की मौत से जिला प्रशासन में मचा हड़कंप सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मामला डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर गहरवारी गांव का है जहां गांव के बाहर दो मोरों के शव मिलने से हड़कंप मच गया जैसे ही इसकी सूचना ग्रामीणों को लगी घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी जुट गई स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने दोनों मोरों के शव तो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की जांच शुरू की।

### नई टैक्स नियमावली स्थगित करने की मांग



**बांगरमऊ-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल और नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष रविकांत गुप्ता ने आज शनिवार को पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पालिका द्वारा जारी विविध कर शुल्क एवं कर निर्धारण नियमावली को जनविरोधी एवं व्यापार विरोधी बताया गया है। दोनों व्यापारी नेताओं द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि नगर की अधिकांश आबादी निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों की है। नई टैक्स नियमावली में जहां सभी भवनों पर भारी-भरकम टैक्स वसूल करने की तैयारी है, वहीं ठेलिया, खोमचा, चाय, मिठाई, साइकिल व कपड़े जैसे फुटपाथी दुकानदारों को भी भारी टैक्स के दायरे में ले लिया गया है। व्यापारी नेताओं के अनुसार जल मूल्य और भवन नामांतरण शुल्क को भी अवैधानिक ढंग से करीब दस-बारह गुना कर दिया गया है। यदि विज्ञापित टैक्स नियमावली लागू कर दी गई तो नगर की आम जनता ही नहीं बल्कि संपूर्ण व्यापारी भी त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। व्यापारी नेताओं ने पालिका प्रशासन से नई टैक्स नियमावली स्थगित करने की मांग उठाई है।

### बारात साला के पास निकला अजगर, हड़कंप



**चकलवंशी-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में मेथीटीकुर गांव के बाहर बने बारात साला के पास खेतों में अजगर दिखाई दिया तो ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी तभी भीड़ में एक युवक ने अजगर को पकड़ लिया और खेत में काफी देर तक घूमता रहा जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है। हालांकि सोशल मीडिया पर हुए वायरल वीडियो की पुष्टि लोक भारती अखबार नहीं करता है। मेथी टिकुर गांव के बाहर बने बारात साल के पास शनिवार सुबह खेतों में करीब सात फिट लंबा अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अजगर होने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी तभी एक युवक ने हिम्मत जुटाई और अजगर को पीछे से पकड़ लिया। उसे पकड़ने के बाद काफी देर तक खेतों में ही घसीटता रहा। यह देख मौके पर मौजूद लोग सहम गए इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और जांच पड़ताल में जुट गए। कार्यवाहक वन अधिकारी एसके वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच पड़ताल कराई जा रही है। इस तरह से यदि कोई युवक ऐसे अजगर और सांप को पकड़ते है तो वह अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, ऐसा उन्हें नहीं करना चाहिए। सबसे पहले उन्हें वन विभाग को सूचना देनी चाहिए जिससे समय से उन्हें पकड़ा जा सके।

### मार्ग दुर्घटनाओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांगरमऊ-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने क्षेत्र में घटित मार्ग दुर्घटनाओं से बचाव हेतु उप जिलाधिकारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शासन से ट्रैफिक नियमों की परीक्षा पास करने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने सहित अन्य प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठाई गई। तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम शुभम यादव को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि परिवहन विभाग द्वारा बिना प्रशिक्षण के ड्राइवरी लाइसेंस जारी किए जाते हैं। जिससे दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। इसलिए ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के पूर्व यातायात नियमों की परीक्षा पास करना अनिवार्य किया जाए। अप्रशिक्षित महिलाओं व 18 वर्ष से कम के बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने पर रोक लगाई जाए। बाइक सवारों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों का वाहन सीज करने के अलावा उनपर कड़ी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपते समय रामपाल यादव, शादाब खान, श्रीकांत द्विवेदी, मनीष मिश्रा, मुजम्मिल अहमद व विनोद यादव आदि सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में घायल प्रधानाचार्य की इलाज के दौरान निधन

**बीघापुर-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीती 20 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल राजकीय हाई स्कूल के प्रधानाचार्य का कानपुर में इलाज के दौरान शनिवार सुबह निधन हो गया। निधन की सूचना पर समाजसेवी बुद्धिजीवियों व शिक्षकों ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खरझारा स्थित राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य 54 वर्षीय राजेंद्र कुमार यादव 20 दिसम्बर को विद्यालय से घर जा रहे थे। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के धानीखेड़ा-लालकुवां रोड पर रुझेई स्थित उदल फौजी अकादमी के निकट एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। प्रधानाचार्य दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका इलाज रिजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में चल रहा था, जहाँ शनिवार सुबह 2 बजे उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पत्नी सुमन यादव 50 वर्ष, पुत्र हेमंत राज 21 वर्ष एवं हर्षित 17 वर्ष बेहाल हो गए। राजेन्द्र यादव के असमय निधन से समूचे शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी। कमलापति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र दीक्षित, रामनाथ इंटर कॉलेज रुझेई के प्रधानाचार्य अरुण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, आरआरबीएन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बीडी सिंह व राज बक्स सिंह, भगवान बक्स इंटर कॉलेज की प्रबंधक उर्मिला सिंह एवं प्रधानाचार्य धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विवेक दीक्षित ने दुर्घटना में घायल हुए प्रधानाचार्य के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें एक प्रतिभाशाली शिक्षक बताया।



## जिंगल बेल की धुन पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शहर के प्रभूटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में क्रिसमस उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। राइजिंग चाइल्ड स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे सैंटा क्लॉज, स्टार तथा फेरी की वेषभूषा में विद्यालय पहुँचे और ‘मेरी क्रिसमस’ और ‘जिंगल बेल्स’ आदि क्रिसमस गीतों पर जमकर धमाल मचाई। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बच्चों को क्रिसमस का त्योहार मनाए जाने के कारण एवं महत्व को विस्तार से बताया। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों में अराध्या, तबीबा, पार्थ, मिशिका, अयंतिका, अन्वी, शौर्य, अलमीर, मायरा, प्रभुनूर, सामर्थ्य, यथार्थ, फ़ातिमा, आद्या आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्रनाथ हरी सहित की विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## राजनेता के साथ कुशल प्रशासक भी थे चौधरी चरण सिंह : वीरेन्द्र यादव



- सपा कार्यालय में किसान दिवस के रूप में मनाई गई जयन्ती
- चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग
- किसान नेता बुद्धेन्द्र बहादुर सिंह व शिव नारायण सोनकर हुए सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री एवं देश के किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयन्ती किसान दिवस के रूप में सपा मुख्यालय सुपर मार्केट में मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह राजनेता के साथ एक कुशल प्रशासक भी थे। उ0प्र0 के मुख्यमन्त्री एवं देश के गृहमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य जनता हमेशा याद करेगी। कॉंग्रेस की स्वार्थी नीति के कारण प्रधानमन्त्री के रूप में उन्हें खुलकर कार्य करने का समय नहीं मिला। इस अवसर पर किसान नेता बुद्धेन्द्र बहादुर सिंह व शिवनारायन सोनकर को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की मांग की। गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान ने किया। गोष्ठी को शकील मंसूरी, श्रीमती शिवदुलारी, प्रिया, मीना, अमरेन्द्र बहादुर, रमेश मौर्या, गया देई, जेपी यादव, संदीप शुक्ला, गयादेई, आशुतोष यादव, नैय्यर इस्लाम, अरविन्द यादव, अविनाश यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद, पंकज गौतम, अरविंद निर्मल, विनायक सोनकर, विश्वास द्विवेदी आदि लोगों ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि चौधरी साहब का अधूरा मिशन व देश की खुशहाली का सपना तभी पूरा होगा, जब देश की प्रधानमन्त्री की कुर्सी पर अखिलेश यादव बैठेंगे।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाई महामना की जयंती, किया तुलसी पूजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में 25 दिसंबर से पूर्व बच्चों ने सुशासन दिवस क्रिसमस डे बड़ा दिन तुलसी दिवस महामना जयंती के रूप में बड़े उत्साह से मनाया। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बच्चों एवं अध्यापकों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई भारत रत्न तथा शिक्षाविद महामना मदन मोहन मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि हमारे देश में अनेक धर्म और अनेक जातियां हिंदू मुसलमान सिख इसाई सभी भारत में निवास करते हैं धर्मनिरपेक्ष भारत में विभिन्न प्रकार के पर्व मनाए जाते हैं। क्रिसमस ईसाई जाति के लोगों का महान पर्व है क्रिसमस ईसाई धर्म के प्रवर्तक जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। ईसा मसीह सत्य अहिंसा और मानवता के सच्चे संस्थापक थे उन्होंने अंधविश्वासों तथा रूढ़ियों के प्रति जन जन में विरोध का सुर फूंक दिया इससे विरोधी नाराज हो गए प्रधान न्यायकर्ता विलातुस ने ईसा को सूली पर लटकाने का आदेश दे दिया प्रधानाचार्य ने बताया कि 25 दिसंबर को बड़ा दिन भी कहते हैं इसी दिन से दिन बड़े तथा राते छोटी होने लगती है सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई तथा महामना मदन मोहन मालवीय जिन्होंने काशी विश्वविद्यालय की स्थापना की थी तथा योग गुरु रामदेव जिन्होंने आधुनिक विश्व में योग को जन-जन तक पहुंचा है का जन्मदिन होता है इसी दिन को तुलसी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है संसार में सभी धर्म एक ही सत्य पर आधारित है वह सत्य मानवता में निहित है मानवता का तात्पर्य है मानवोचित गुणो का होना प्रेम क्षमा दया सत्य अहिंसा ऐसे ही गुण है सभी से इन गुणों को आत्मसात करने हेतु कहा जिससे भारत विश्व गुरु बन सके इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाओं सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अनुपस्थित अध्यापकों पर कार्रवाई

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय के निरीक्षण में दो सहायक अध्यापकों के अनुपस्थित होने के मामले में परियोजना अधिकारी ने अनुपस्थित अध्यापकों पर कार्रवाई की है शनिवार को परियोजना अधिकारी डलमऊ आशुतोष तिवारी ने कंपोजिट विद्यालय रंजीतपुर लोनारी एवं कंपोजिट विद्यालय भनवे का निरीक्षण किया जिसमें रंजीत पुर लोनारी में तैनात सहायक अध्यापिका उषा देवी अनुपस्थित पाई गई अनुपस्थित अध्यापिका के अवकाश की कोई भी सूचना प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज नहीं थी इसी प्रकार कंपोजिट विद्यालय भनवे में तैनात सहायक अध्यापक शैलेश यादव अनुपस्थित थे उन्होंने भी प्रेरणा ऐप पर कोई अवकाश संबंधी सूचना नहीं डाली थी दोनों अनुपस्थित सहायक अध्यापक पर कार्रवाई करते हुए परियोजना अधिकारी ने प्रेरणा ऐप पर अनुपस्थित रहने की सूचना अंकित की है परियोजना अधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि विद्यालय के निरीक्षण में सहायक अध्यापिका उषा देवी एवं सहायक अध्यापक शैलेश यादव अनुपस्थित पाए गए थे अनुपस्थित अध्यापकों की सूचना ऐप पर दर्ज कर दी गई है विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी

### इंजन के पट्टे की चपेट में आई बालिका की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खेत में खेल रही बालिका अचानक ट्यूबवैल के पट्टे के चपेट में आई हुई मौत। राम किशोर पुत्र रामहरख निवासी ग्राम मोन की बालिका अपनी रिश्तेदारी नारायणपुर में रह रही थी जहां संकटा प्रसाद ने बालिका को अपनी गोद में ले रखा था जो कि अपने खेतों में पानी लगाने के लिए गए हुए थे 6 वर्षीय बालिका अभियांशी के साथ नलकूप से खेतो मे पानी लगाए हुए थे इसी बीच बालिका बगल खेत में खेल रही थी खेलते खेलते नलकूप की तरफ पहुंच गई संकठा खेतों में काम कर रहा था अचानक बालिका इंजन के पट्टे के की चपेट मे आ गई जिससे वह घायल हो गई जब तक संकठा भाग कर पहुंचा तब तक बालिका गंभीर रूप से में घायल हो चुकी थी अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में बच्ची की मौत हो गई वहीं बालिका की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## एसडीएम, सीओ व आबकारी निरीक्षक ने शराब ठेकों का किया औचक निरीक्षण



**बांगरमऊ-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी विभाग द्वारा शनिवार को उपजिलाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की अंग्रेजी तथा देशी शराब ठेकों की औचक जांच की गई। जांच के दौरान ठेका संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक राजलक्ष्मी ने उप जिलाधिकारी शुभम यादव एवं पुलिस उपाधीक्षक विजय आनंद के साथ नगर के माढ़ापुर मार्ग, लखनऊ मार्ग चौराहा, तिकोनिया पार्क, स्टेशन मार्ग, संडीला मार्ग तथा पावरहाउस के निकट स्थित देशी शराब के ठेकों की औचक जांच की। इसके अलावा नगर स्थित अंग्रेजी शराब और बियर की दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया। हालांकि जांच दल को दुकानों में किसी तरह की कोई त्रुटियां नहीं मिली। फिर भी जांच टीम ने शराब दुकान संचालकों को आगाह किया कि यदि भविष्य में कोई अनियमितता पाई गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## बच्चों का राशन ले जाते शिक्षक का वीडियो वायरल

- स्कूटी में राशन की बोरी को ले जा रहे प्रधानाध्यापक को ग्रामीणों ने पकड़ा
- बीएसए ने दिए जांच के आदेश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में एक स्कूल शिक्षक के द्वारा एमडीएम के तहत बच्चों के लिए बनने वाले राशन को स्कूटी में रखकर अपने घर ले जाते समय ग्रामीण ने पकड़ा शिक्षक ने ग्रामीणों से मांगी माफी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल, वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया वहीं विभाग के उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही मामला डलमऊ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेरुखा का है जहां विद्यालय बंद होने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक सर्वेश बाजपेई अपनी स्कूटी पर एमडीएम के राशन की बोरी रखकर जैसे ही निकले ग्रामीण उनके पीछे लग गए और कुछ ही दूरी पर जाकर उन्हें जबरन रोक लिया ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर प्रधानाध्यापक ग्रामीणों के हाथ पैर जोड़ने लगे और माफी मांगने लगे ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी गई मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापक से पूछताछ की ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापक द्वारा आए दिन चोरी छिपे स्कूल से राशन की बोरी ले जाते है हालांकि प्रधानाध्यापक के द्वारा ग्रामीणों से माफी मांगे जाने का भी वीडियो वायरल हुआ है लेकिन ग्रामीण इससे सहमत नहीं हुए, वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने मामले की जांच कर कर कार्रवाई की बात कही है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने मारी बाजी



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने हुनर के जलवे बिखरते हुए विजय प्राप्त की डलमऊ क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव में स्थित एस एन जे एच स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी ली विद्यालय द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, ऊंची जंप, लंबी कूद एवं खो-खो शाहिद अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया खेलकूद प्रतियोगिता प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि कबड्डी में टीम ए एवं टीम बी के मध्य खेले गए मैच में टीम बी ने जीत हासिल की दौड़ में प्रथम स्थान अदिति राज नंदनी, शिवम, माही ने प्राप्त किया तथा द्वतीय स्थान में श्रेया, अम्रता, वेद, राबिया, महक, दीपक नहीं प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय प्रबन्धक शिवकांची मौर्य और संरक्षक विमल मौर्य व प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए बधाई दी।

इस मौके पर विद्यालय परिवार के खेल कूद प्रतियोगिता प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता व सहयोगी अध्यापक अनुराग पटेल, पुष्पेंद्र, दिलीप, मिलन, रितेश प्रजापति एवं प्रदीप कुमार यादव अध्यापिका अंकिता पटेल,अमिता साहू व सरला यादव एवं छात्र-छात्राओं सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

**चकलवंशी-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी, जिसे गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बदुल्ला खेडा गांव निवासी अरविंद 30 पुत्र राम नरेश शुक्रवार को कुरसठ गया था जहां से वह देर रात वापस लौट रहा था। कुरसठ माइनर पटरी पर महमदखेडा गांव के पास अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला जिससे वह घायल अवस्था में पडा रहा। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन गभींर हालत में मियागंज अस्पताल ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गयी है। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक 5 भाइयों व 2 बहनों के बीच सबसे बड़ा था। मृतक का 5 साल का पुत्र पीयूष है पत्नी आरती पति की मौत से आहत है।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का मनोनयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के चिकमंडी स्थित श्री लगन उत्सव लान में आयोजित भव्य समारोह में व्यापार मंडल के पदाधिकारियो का मनोनयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष पकंज मुरारका ने आधा सैकडा से अधिक व्यापारियों को प्रमाण पत्र सौपें।

जिला अध्यक्ष पंकज मुरारका ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में होने वाले विकास में व्यापारियों का अहम योगदान रहता है इसके बावजूद कुछ अधिकारी उनकी सादगी का फायदा उठाते हुए शोषण का प्रयास करते है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी व्यापारी एकजुटता का उदाहरण दे जिससे उनके खिलाफ होने वाले अत्याचार को रोका जा सके।

उन्होने कहा कि व्यापारियों का उत्पीडन किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा। जिला क्वार्डीनेटर फिरोज नूरी ने कहा कि लालगंज अध्यक्ष राहुल भदौरिया व्यापारियों के हितो के लिये हर समय खड़े रहने वाले नेता है।

स्थानीय व्यापारी उनके हाथो को मजबूत करे जिससे जिला संगठन और मजबूत होकर आपके हितो की रक्षा कर सके। लालगंज प्रभारी अनिल गुप्ता ने कहा कि ईमानदारी से टैक्स देने के बाद भी व्यापारियों को खराब दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे में आवश्यकता है कि व्यापारी अपने खिलाफ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण पर आवाज उठाते हुए व्यापारी नेताओं का अवगत कराये। जिससे संगठन उनके हितो की रक्षा के लिये कार्य कर सके। अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि नगर व क्षेत्र के एक भी व्यापारी का किसी भी दशा में शोषण नही होने दिया जायेगा। छोटे दुकानदारो के लिये संगठन जल्द ही सुरक्षा नीति पर विचार कर रहा है। इस दौरान आयोजित समारोह में आधा सैकडा से अधिक पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष पंकज मुरारका ने मनोनयन पत्र वितरित किये।

## जवानों की शहादत को सलाम

''चुग दाना मिट्टी से कुछ पंछी मुक्त हो गए, फिर कुछ लाल भारती के अमर शहीद हो गए, आंख में देकर आंसू नील अम्बर में खो गए, आघात सहकर दुश्मन का नींद में फिर सो गए, केसर घाटी में शत्रु ने कैसा खेल रचाया, धरती के स्वर्ग को रंग लहू का पहनाया, रो रही आज धरती अम्बर भी साथ रोया, आंसूओं से वीरों की शहादत को धोया।'' जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकवादयों के सेना के वाहन पर किए गए हमले में पांच जवानों को अपनी शहादत देनी पड़ी। जबकि तीन जवान घायल हुए। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर की शाखा पीपल्स एंटीफासिस प्रंट ने ली है। पिछले महीने भी आतंकी हमलों में दो कैप्टन समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। मई में आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान चमरेर जंगल में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। राजौरी के ताजा हमले के बाद दो सैनिकों के शव क्षत-विक्षत मिले हैं जिससे अनुमान लगाया जाता है कि जवानों और आतंकियों के बीच आमने-सामने लड़ाई हुई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले को सही करार देने के बाद आतंकी ताकतें और पाकिस्तान में बैठे उनके आका काफी हताश हो गए हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद राज्य में जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकवादी इस नेरेटिव को बदलना चाहते हैं और यह दिखाना चाहते हैं कि कश्मीर में आतंकवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। सेना के दो वाहनों पर जिस ढंग से हमला किया गया वह पूरी तरह से योजनाबद्ध था और इस हमले के तार भी पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले ही सीमा सुरक्षा बल ने खुफिया सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी थी कि पाकिस्तान सीमा में लगभग 300 आतंकी लांच पैड पर हैं। जो जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। पिछले कुछ समय से जिस तरह से सेना के जवानों को निशाना बनाया गया उससे आतंकी संगठनों की बौखलाहट ही माना गया। राज्य में जिस तरह से आतंक का तेजी से सफाया हो रहा है, घाटी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही हैं। आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। उससे डर का माहौल अब खत्म हो चुका है। अब रात के समय भी लोग वहां स्वतंत्र रूप से घूम रहे हैं। इस वर्ष जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग शांति से अपना काम धंधा कर रहे हैं। उत्तर कश्मीर आतंकवाद से लगभग मुक्त हो चुका है। वहां कोई सक्रिय आतंकवादी नहीं है लेकिन कुछ आतंकवादी हैं जो एक जगह से दूसरी जगह भाग रहे हैं। इस साल केवल 10 स्थानीय युवाओं ने आतंकवाद का रास्ता चुना जबकि पिछले साल 110 युवा आतंकवादी बने थे। इनमें से 6 को मारा जा चुका है। बाकी बचे आतंकवादियों को भी जल्द मार गिराया जाएगा। कितना अच्छा होता अगर यह युवा हिंसा का रास्ता नहीं अपनाते।

## राज्यसभा व विधान परिषद चुनाव में बीजेपी नये चेहरों पर लगा सकती है दांव

> पार्टी जिन्हें फिर से विधान परिषद, लोकसभा या राज्यसभा जाने का मौका नहीं देगी, उन्हें भी संगठन से जुड़ी कोई न कोई जिम्मेदारी दी जाएगी। जातीय समीकरण साधते हुए इन सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा इसमें महिला और युवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। टिकट पाने वालों में पंचायतीराज और नगरीय निकाय संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सहकारी संस्थाओं में चुने हुए प्रतिनिधि, पार्टी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बहरहाल, आम चुनाव तो अगले वर्ष के मध्य से कुछ पूर्व होना है, परंतु इससे पूर्व बीजेपी को कुछ और चुनावों का भी सामना करना है। कुछ दिनों के भीतर सबसे पहले पूर्व लखनऊ पूर्व विधान सभा सीट पर चुनाव होना है। यह सीट बीजेपी विधायक गोपाल जी टंडन की मौत के बाद खाली हुई है। आम चुनाव से पूर्व इस सीट को जीतने के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत लगा दी है। वह नहीं चाहती है कि यह सीट उसके हाथ से निकल जाये। यदि यहां बीजेपी हार गई तो इसका गलत मैसेज आम चुनाव में भी जायेगा। इसी के साथ कुछ महीनों के भीतर यूपी में राज्यसभा और विधान परिषद की कुछ रिक्त सीटों के लिए भी चुनावी बिसात सजेगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इस समय कांग्रेस का कोई भी सदस्य नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है। पिछले साल जुलाई में कांग्रेस पहली बार यूपी के विधान परिषद में शून्य पर पहुंच गई थी।

**अजय कुमार**



> बता दें कि राज्यसभा में उत्तर प्रदेश के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल आम चुनाव से पहले 2 अप्रैल, 2024 को खत्म हो जायेगा। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। इसलिए, लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के साथ बीजेपी एवं अन्य दलों को इन सीटों का गुणा-भाग भी दुरुस्त करना पड़ेगा। यूपी कोटे की राज्यसभा की जो 10 सीटें खाली हो रही हैं, उसमें फिलहाल 9 सीटों पर भाजपा का कब्जा हैं। सपा से एक मात्र सीट जया बच्चन की खाली होगी। चुनाव आयोग अगले वर्ष मार्च में इसके लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकता है। वहीं, विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, एक उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है।बात राज्य सभा की जो दस सीटें रिक्त हो रही हैं।

आम चुनाव से पूर्व उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष अप्रैल में राज्यसभा की भी 10 सीटों पर और मई में विधान परिषद की 13 सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा लखनऊ पूर्वी की एक विधान सभा सीट पर भी चुनाव होना है। यहां के भाजपा विधायक गोपाल जी टंडन की हाल ही में मृत्यु हो गई थी। पार्टी के एक उच्च पदस्थ सूत्र का कहना है कि विधान परिषद की कुल 18, राज्यसभा की 10 और लोकसभा की 80 सीटों पर चुनाव से पार्टी नए नेतृत्व को मौका देने की शुरुआत करेगी। इनके जरिये पार्टी प्रदेश में अगड़े, पिछड़े, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग में अपनी नई लीडरशिप भी तैयार करेगी।

पार्टी जिन्हें फिर से विधान परिषद, लोकसभा या राज्यसभा जाने का मौका नहीं देगी, उन्हें भी संगठन से जुड़ी कोई न कोई जिम्मेदारी दी जाएगी। जातीय समीकरण साधते हुए इन सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा इसमें महिला और युवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। टिकट पाने वालों में पंचायतीराज और नगरीय निकाय संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सहकारी संस्थाओं में चुने हुए प्रतिनिधि, पार्टी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बहरहाल, आम चुनाव तो अगले वर्ष के मध्य से कुछ पूर्व होना है, परंतु इससे पूर्व बीजेपी को कुछ और चुनावों का भी सामना करना है। कुछ दिनों के भीतर सबसे पहले पूर्व लखनऊ पूर्व विधान सभा सीट पर चुनाव होना है। यह सीट बीजेपी विधायक गोपाल जी टंडन की मौत के बाद खाली हुई है। आम चुनाव से पूर्व इस सीट को जीतने के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत लगा दी है। वह नहीं चाहती है कि यह सीट उसके हाथ से निकल जाये। यदि यहां बीजेपी हार गई तो इसका गलत मैसेज आम चुनाव में भी जायेगा। इसी के साथ कुछ महीनों के भीतर यूपी में राज्यसभा और विधान परिषद की कुछ रिक्त सीटों के लिए भी चुनावी बिसात सजेगी।

बता दें कि राज्यसभा में उत्तर प्रदेश के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल आम चुनाव से पहले 2 अप्रैल, 2024 को खत्म हो जायेगा। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। इसलिए, लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के साथ बीजेपी एवं अन्य दलों को इन सीटों का गुणा-भाग भी दुरुस्त करना पड़ेगा। यूपी कोटे की राज्यसभा की जो 10 सीटें खाली हो रही हैं, उसमें फिलहाल 9 सीटों पर भाजपा का कब्जा हैं। सपा से एक मात्र सीट जया बच्चन की खाली होगी। चुनाव आयोग अगले वर्ष मार्च में इसके लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर सकता है। वहीं, विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, एक उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है।बात राज्य सभा की जो दस सीटें रिक्त हो रही हैं, उसके बारे में की जाये तो इसमें से एक सीट पर मार्च 2018 को हुए राज्यसभा चुनाव में सपा ने जया बच्चन को मैदान में उतारा था और वह चुनाव जीत गई थीं।

वहीं एक अन्य सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले मायावती से दोस्ती का हाथ बढ़ाने की कोशिश में लगी सपा ने बसपा उम्मीदवार भीमराव आंबेडकर को समर्थन दिया था। हालांकि, क्रॉस वोटिंग व संख्या गणित में भाजपा भारी पड़ी और उसने अपने 9 उम्मीदवार जिता लिए थे। सपा से जया बच्चन तो चुनाव जीत गईं, लेकिन बसपा से भीमराव हार गए थे। 2022 के चुनाव के बाद विधानसभा के बदले गणित के चलते इस बार भाजपा के लिए सभी सीटों को बचा पाना मुश्किल होगा, जबकि सपा के पास राज्यसभा में संख्या बढ़ाने का मौका होगा। बता दें कि विधानसभा की मौजूदा सदस्य संख्या के हिसाब से राज्यसभा से एक प्रत्याशी जिताने के लिए 37 वोट की जरूरत होगी। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में होगी।

सत्तारुढ़ गठबंधन के पास कुल 279 (भाजपा-254, अपना दल (एस)-13, निषाद पार्टी-6, सुभासपा-6) विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर उसकी जीत लगभग तय है। कांग्रेस के पास 2, जनसत्ता दल के पास 2 व बसपा के पास एक विधायक है। जनसत्ता दल का समर्थन आम तौर पर भाजपा को रहता है। पिछले विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस व बसपा ने किसी भी दल के प्रत्याशी का समर्थन नहीं किया था। हालांकि, लोकसभा चुनाव के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों ओर नए दोस्तों को जोड़ने-तोड़ने की कोशिशें चल रही है। ऐसे में चुनाव के समय तक दोस्ती व निष्ठा के टिकने-डिगने के आधार पर संख्या व समीकरण आगे-पीछे हो सकता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इस समय कांग्रेस का कोई भी सदस्य नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है। पिछले साल जुलाई में कांग्रेस पहली बार यूपी के विधान परिषद में शून्य पर पहुंच गई थी। कांग्रेस की स्थिति में फिलहाल आगे भी सुधार होते नहीं दिख रहा है। यही स्थिति इस बार मई में विधान परिषद में बसपा की भी हो सकती है। वह भी शून्य पर पहुंच जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। उसके पास केवल एक विधायक है और इस आधार पर उसका उम्मीदवार पर्चा भी नहीं भर सकता, क्योंकि नामांकन के लिए भी 10 प्रस्तावक की जरूरत होती है। विधानसभा के मौजूदा गणित के हिसाब से विधान परिषद में एक प्रत्याशी जिताने के लिए 29 विधायक की जरूरत पड़ेगी। अगर सत्तापक्ष और विपक्ष अपने मौजूदा सभी सहयोगियों को चुनाव होने के समय तक साथ रखने में सफल रहते हैं तो भाजपा गठबंधन कम से कम 9 और सपा-रालोद गठबंधन 4 सीटें जीतने की स्थिति में होगा।

## विचार

## संसद की सुरक्षा में सेंध और विपक्ष

> वीडियो बना कर और उसे सोशल मीडिया पर डालकर पांचवां शख्स गायब हो गया और उसने ये सभी टैलीफोन जला दिए। इस कड़ी से जुड़े हुए सभी व्यक्ति देश के अलग-अलग प्रांतों के रहने वाले थे। कर्नाटक, हरियाणा, बंगाल और उत्तर प्रदेश। कहा जा रहा है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से ही एक-दूसरे से परिचित थे। वैसे वे देश में जहां भी कोई आंदोलन होता था, चाहे आंदोलन का मकसद कुछ भी हो, ये वहां भी शामिल होते थे। एक प्रकार से ये चिर आंदोलनजीवी थे। लेकिन यह सचमुच सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर मामला था। इसकी जांच जरूरी थी ताकि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे के सूत्रधारों तक पहुंचा जा सके। यह किसी पार्टी या व्यक्ति का मसला नहीं था, बल्कि देश की सुरक्षा का प्रश्न है।

अपना रोष प्रकट करने के लिए उस वक्त युवाओं ने जहाज हाईजैक करने का रास्ता चुना था और अब युवा संसद के अंदर आकर धुआं फैला रहे हैं। इसमें सुरक्षा को खतरा कहां है? वैसे केवल रिकार्ड के लिए जहाज हाईजैक करने वाले 'निराश युवाओं' को कांग्रेस ने ईनाम भी दिया था। दोनों को कांग्रेस ने अपनी टिकट पर चुनाव लड़वाया। देवेंद्र नाथ पांडेय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव का पद दिया गया।

बलिया के रहने वाले भोलानाथ पांडेय को यूथ कांग्रेस में महासचिव और कांग्रेस पार्टी में सचिव बनाया गया। सुरक्षा में इस सेंध की जब पूरी तरह जांच हो जाएगी तो निश्चय ही सारा सच सामने आएगा, और हो सकता है कुछ वे चेहरे भी बेनकाब हो जाएं जो सबसे ज्यादा हल्ला मचा रहे हैं। अगर संसद में कुछ अशुभ हो जाता, कुछ हिंसक हो जाता, तो उसके परिणाम सभी दलों को भुगतने पड़ सकते थे। इसलिए यह सीधा-सीधा संसद की सुरक्षा का मामला है, इस मामले में गहन जांच होनी चाहिए तथा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जानी चाहिए। वहीं सरकार को यह आश्वासन भी जनता को देना है कि संसद सुरक्षित है। पिछले दिनों सुरक्षा को भेदकर दो युवक संसद के अंदर पहुंच गए और वहां नारे लगाने लगे और किसी कैन से पीला धुआं भी छोड़ने लगे। वे अध्यक्ष के आसन की ओर बढ़ रहे थे कि दो सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। जिस समय वे संसद में नारे लगा रहे थे उसी समय उनके दो साथी संसद के बाहर नारे लगा रहे थे और धुआं भी फैला रहे थे। एक तीसरा शख्स इस सारे घटनाक्रम की वीडियो बना रहा था। अलबत्ता संसद के अंदर और संसद के बाहर हल्ला कर रहे इन चारों लोगों के टैलीफोन भी वीडियो बना रहे इस पांचवें शख्स ने ही संभाल रखे थे।

वीडियो बना कर और उसे सोशल मीडिया पर डालकर पांचवां शख्स गायब हो गया और उसने ये सभी टैलीफोन जला दिए। इस कड़ी से जुड़े हुए सभी व्यक्ति देश के अलग-अलग प्रांतों के रहने वाले थे। कर्नाटक, हरियाणा, बंगाल और उत्तर प्रदेश। कहा जा रहा है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से ही एक-दूसरे से परिचित थे। वैसे वे देश में जहां भी कोई आंदोलन होता था, चाहे आंदोलन का मकसद कुछ भी हो, ये वहां भी शामिल होते थे। एक प्रकार से ये चिर आंदोलनजीवी थे। लेकिन यह सचमुच सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर मामला था। इसकी जांच जरूरी थी ताकि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे के सूत्रधारों तक पहुंचा जा सके। यह किसी पार्टी या व्यक्ति का मसला नहीं था, बल्कि देश की सुरक्षा का प्रश्न है। लगता था देश की सुरक्षा के इस मसले पर पक्ष-विपक्ष एक स्वर से बोलेंगे, लेकिन आश्चर्य कि एक-दो दिन बाद ही सुरक्षा के इस मसले पर भी राजनीति होने लगी।

शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राऊत ने कहा कि दो-चार लडके महंगाई और बेरोजगारी के बारे में नारे लगाते हुए संसद के अंदर चले गए। देश के युवाओं की दिशा बदल रही है, वे निराश हैं। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। सरकार किस तरह जिम्मेदार है, इसका खुलासा भी उन्होंने किया कि जिस समय लडके निराश होकर संसद के अंदर घुस रहे थे उस समय सरकार सभी राज्यों में शपथ ग्रहण समारोह में व्यस्त थी। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ है और यह कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। संजय राऊत की चिंता जायज है।

देश की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं हो सकता। लेकिन उन्होंने इस पूरी घटना की व्याख्या बहुत ही चालाकी से, सुरक्षा से हटा कर महंगाई और बेरोजगारी से जोडक़र कर दी। उनके अनुसार महंगाई और बेरोजगारी से निराश होकर अब देश का युवा आंदोलन का यह रास्ता अपना रहा है। यानी संसद के अंदर घुस कर नारे लगाना, धुआं फैलाना व पटाखे चलाना भी महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन का हिस्सा ही है। संजय राऊत को सुन कर यह लगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मसले का कोई इतना सरलीकरण कैसे कर सकता है। यकीनन यह संजय राऊत का अपना व्यक्तिगत मत हो सकता है, पूरे विपक्ष का नहीं, चाहे उद्धव गुट की शिव सेना भी इंडी गठबंधन के भीतर ही है। लेकिन जल्दी ही संकेत मिलने शुरू हुए, संजय राऊत राष्ट्रीय सुरक्षा के इस गंभीर मसले पर इंडी गठबंधन का मत ही व्यक्त कर रहे थे। संजय राऊत के इस बयान के बाद राहुल गांधी प्रकट हुए। उन्होंने संजय राऊत की व्याख्या को आगे बढ़ाया। उन्होंने लगभग सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि यह मसला देश में बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी से जुड़ा हुआ है। इसीलिए इस प्रकार के कांड हो रहे हैं। राहुल गांधी का अभिप्राय साफ था कि देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है, इसलिए युवा संसद के अंदर घुस आए हैं ताकि सरकार का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी की ओर आकर्षित किया जा सके।

राहुल गांधी की व्याख्या इसलिए चिंताजनक है क्योंकि इस कांड की जांच अभी प्रारम्भिक दौर में है। लेकिन जांच शुरू होने से पहले ही कांग्रेस देश के लोगों को समझा रही है कि मामले को तूल दिया जा रहा है। इस मामले की जड़ तो महंगाई और बेरोजगारी में है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी से न लड कर, युवा पीढ़ी को पकड़ रही है।

## मरुभूमि में तालाब

अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में है नागौर जिला। इस जिले का छोटा सा गांव है रोल। इस गांव का तालाब बहुत पुराना है। कहा जाता है कि यह तालाब किसी बंजारे ने बनवाया था। ये बंजारे सैकड़ों पशु लेकर चलते थे। जगह-जगह उनका पड़ाव होता था। अगर ऐसी जगह पानी के लिए तालाब नहीं होते तो वे तालाब बनवाते थे। गांव वालों के अनुसार यहां भी पशुओं को लेकर बंजारों ने डेरा डाला था, लेकिन पीने का पानी नहीं था। वे एक पीर के पास पहुंचे जिन्होंने कांसे का एक कटोरा दिया जिससे बंजारे ने मिट्टी खोदी तो पानी निकल आया। इस तरह बंजारों ने तालाब खुदवाया जो आज भी लबालब भरा रहता है। कांसे के कटोरे से खोदने के कारण इस तालाब का नाम श्कांसोलाबश् पड़ा। राजस्थान व देश के कई हिस्सों में भी बंजारों द्वारा खुदवाए गए तालाब बड़ी संख्या में मिल जाएंगे।

मरुभूमि का यह इलाका सबसे कम बारिश वाले इलाकों में एक है, लेकिन गांव-समाज ने बारिश की बूंद-बूंद को सहेजकर पानी का संकट बड़ा नहीं होने दिया। यहां के लोगों ने बारिश की बूंदों को सहेजकर जीवन चलाना सीखा है जो उनकी परंपराओं में दिखता है। पानी पर लोकगीत हैं, पानी सहेजने के कई पारंपरिक ढांचे भी हैं। यह सब लोगों ने अपने श्रम, कौशल, अनुभव से न केवल बनाए हैं, बल्कि बरसों से संभाले और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाए हैं। यह पूरी पट्टी खारे पानी की है। भूजल खारा होने के कारण पानी बहुत गहराई में मिलता है जिसे निकालना काफी महंगा होता है। इसके बावजूद लोगों ने पानी के स्रोत, जैसे - नाड़ी, ताल, तलाई, बंध, बंधाए, तालाब, झील, खडीन इत्यादि को बचाकर रखा है। पश्चिमी राजस्थान के तीन जिलों- बाड़मेर, नागौर व जोधपुर के कई गांवों में सौ से लेकर हजार साल तक के तालाब हैं। इन तालाबों का रखरखाव गांव के लोग करते हैं। इस काम में उन्नति विकास शिक्षण संगठन, जोधपुर व उरमूल खेजड़ी संस्थान, झाड़ेली (नागौर)श् ने मदद की है। इन संस्थाओं ने काम को व्यवस्थित करने के लिए जल सहेली का गठन किया है जो पंचायत के साथ मिलकर तालाब प्रबंधन में मदद कर रही हैं। संस्था के दिलीप बीदावत ने बताया कि हमने 2019 से 2022 तक मरुस्थल के 6 जिलों के 350 गांवों में सामूहिक शोधयात्रा की, जिसमें जलस्रोतों की प्रबंधन व्यवस्था को समझने का प्रयास किया। यात्रा में अलग-अलग क्षेत्रों के 30 ऐसे तालाबों की पहचान की गई जिनकी प्रबंधन व्यवस्था काफी मजबूत थी। इन 30 तालाबों के दस्तावेजीकरण का कार्य श्डेजर्ट रिसोर्स सेंटर, बीकानेरश् के साथ किया गया। इनमें से 5 उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था वाले तालाबों सहित कुल 16 तालाबों को वाटर लीडर्स सम्मेलन, जोधपुर में सम्मानित भी किया गया है। बीदावत बताते हैं कि किसी भी तालाब का आंकलन करने के लिए उसका भराव, पाल, आगोर और न्यायपूर्ण वितरण देखा जा सकता है। समुदाय जिसका रखरखाव व प्रबंधन अच्छा करेगा, वही तालाब बेहतर कहलाएगा। रोल गांव के लोगों ने इसके लिए नियम-कायदे बनाए गए हैं। गांव के मांगीलाल बताते हैं कि कांसोलाब तालाब का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। इसे जैसा पूर्वजों ने रखा, उसी तरह गांव के लोग भी इसकी हिफाजत करते हैं। इस तालाब का पानी तीन पीढ़ी से खत्म नहीं हुआ है। जिन गांवों में पानी नहीं है उन गांवों में शादी-विवाह करने से लोग बचते हैं, पर इस गांव में ऐसी नौबत अब तक नहीं आई। लोग कहते हैं कि बेटी देनी है तो रोल में दो, वहां उसे मीठा पानी मिलेगा। मांगीलाल बताते हैं कि तालाब का आगौर क्षेत्र 500 बीघा है। इसकी गहराई 24 फुट और भराव क्षेत्र 20 बीघा है। आगौर क्षेत्र अब तक अतिक्रमण मुक्तहै। यदि कोई अतिक्रमण का प्रयास करता है तो गांव के मुखिया उसे रोकते हैं। पंचायत की तरफ से कुछ स्थानों पर तारबंदी की गई है, खाई खोदी गई है और पाल बनाई गई है जिससे अतिक्रमण रोका जा सके। इन व्यवस्थाओं में सुधार का मुख्य कारण है कि आसपास पानी का संकट दिनों-दिन बढ़ रहा है। यहां से 15-20 गांव पानी ले जाते हैं।



## राशिफल

**मेषः-** हर क्षेत्र में अडचन व संघर्ष से मन परेशान होगा। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। नेतृत्व की अदभुत क्षमता व कुशल नियोजन से रचनात्मक कायरे को कुशलता से पूर्ण करेंगे।

**वृषभः-** नयी योजनाओं को अंजाम देने के लिए उच्च मनोबल के साथ तत्पर होंगे। अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें, अन्यथा भावनात्मक शोषण के शिकार हो सकते हैं। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मिथुनः-** रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। कोई इच्छित कार्य की पूर्ति अपेक्षित है। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**कर्क :-** सगे-संबंधियों में बड़पन व त्याग के परिचायक बनें। नये कायरें में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक हो सकता है। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह :-** शासन-सत्ता का लाभ प्राप्त होगा। पूर्वाग्रहवश दूसरों की आलोचना करना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के परिणाम के प्रति जिज्ञासा प्रबल होगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** नये र्काय की तलाश जारी रहेगी। स्वास्थ्य व परिवार दोनों को लेकर मन परेशान होगा। दूसरों में कमियां निकालने के बजाय स्वयं को सुधारें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई युक्तियां आएंगी।

**वृश्चिकः-** भौतिक आकांक्षाएं मन प्रभावी होंगी। नई रुचि नये व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होगी। घर में कुछ नये दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** संबंधों में छोटी-छोटी बातों का बुरा न माने। कसी महत्वपूर्ण दायित्व की सुव्यवस्थित पूर्ति के चिंतित होंगे। अपनी क्रियाशीलता बढ़ा प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** उच्च महत्वाकांक्षा जल्द ऊंची प्रगति के लिए आपको प्रेरित करेगी। आकस्मिक कोई यात्रा की योजना बन सकती है।

अत्याधिक व्यस्तता व परिश्रम से मन में नीरसता संभव। नये आर्थिक प्रगति के लिए मन परेशान होगा। कार्यक्षेत्र में समुचित उर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** अपने कद व गरिमा के अनुकूल व्यावहारिक जीवन में चलने का प्रयत्न करें। राजनीतिक सक्रियता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

## कला के माध्यम से सच्चे स्वदेशी की खोज

**ज्योति साही**



> प्रदर्शनी नंदलाल बोस के राष्ट्रवाद की पड़ताल के साथ ही इस तथ्य की भी जांच करती है कि वे भारतीय आधुनिकता के एक विशिष्ट स्रोत का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या नंदलाल बोस की कलात्मक प्रतिभा के भीतर अंतर्निहित आवेग सिर्फअतीत की ओर लौटना था जो स्वदेशी आंदोलन में उनकी युवा भागीदारी से प्रेरित था? या उनकी कला भारतीय परंपरा में काफी नई है और उन अर्थों में भारतीय संस्कृति में एक आधुनिक दृष्टि का संकेत है? राष्ट्रवाद के साथ कला का संबंध आधुनिक भारतीय कला की जड़ों से संबंधित बड़े सवाल उठाता है। भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद, कला और राजनीतिक कल्पनाएं नजदीक से जुड़ी हुई हैं। आधुनिक भारतीय कला की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम से हुई थी।

कला का लोकतंत्रीकरण, लोक संस्कृति से आकर्षित होता है जो प्रकृति के चक्रों के नजदीक रहने वालों की वास्तविकताओं के साथ सीधे संपर्क में है। यह एक आधुनिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो समकालीन वास्तविकता से प्रेरणा लेता है। इस तरह की कला आज की राजनीतिक चिंताओं से जुड़े लोगों के लिए अधिक सुलभ होने के कारण एक ऊर्जा है जो सामाजिक रूप से व्यस्त दृष्टि का स्रोत है। नंदलाल बोस की कला को इस अर्थ में देखा जा सकता है जिसे आनंद कुमारस्वामी (1877-1947) ने एक सच्चा स्वदेशी कहा था जो एक काल्पनिक अतीत से प्राप्त झूठे स्वदेशी के विपरीत है।

गुजरात के हरिपुरा में 1938 में हुए कांग्रेस अधिवेशन में एक महत्वपूर्ण सत्र में महात्मा गांधी ने चित्रों की प्रदर्शनी को अपनी मंजूरी दी थी। इन चित्रों की प्रदर्शनी अब बेंगलुरु की प्रतिष्ठित नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में आयोजित की गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन पिछले महीने किया गया था और यह अप्रैल 2024 तक खुली रहेगी। हरिपुरा पैनल नाम से प्रसिद्ध ये चित्र भारतीय चित्रकार और शिक्षक नंदलाल बोस (1882-1966) की कृतियां हैं और इन्हें राष्ट्रीय खजाना माना जाता है। यह प्रदर्शनी हमारी रुचि और विचार-विमर्श, स्वदेशी, राष्ट्रवाद के विचारों और हमारी अपनी जड़ों को फिर से खोजने में सांस्कृतिक विविधता की भूमिका पर नए सिरे से महत्वपूर्ण प्रश्न उठाते हैं। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करते समय कलाकारों की कल्पना पर स्वतंत्रता संग्राम के राजनीतिक प्रभाव से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते।

प्रदर्शनी नंदलाल बोस के राष्ट्रवाद की पड़ताल के साथ ही इस तथ्य की भी जांच करती है कि वे भारतीय आधुनिकता के एक विशिष्ट स्रोत का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या नंदलाल बोस की कलात्मक प्रतिभा के भीतर अंतर्निहित आवेग सिर्फ अतीत की ओर लौटना था जो स्वदेशी आंदोलन में उनकी युवा भागीदारी से प्रेरित था? या उनकी कला भारतीय परंपरा में काफी नई है और उन अर्थों में भारतीय संस्कृति में एक आधुनिक दृष्टि का संकेत है? राष्ट्रवाद के साथ कला का संबंध आधुनिक भारतीय कला की जड़ों से संबंधित बड़े सवाल उठाता है।

भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद, कला और राजनीतिक कल्पनाएं नजदीक से जुड़ी हुई हैं। आधुनिक भारतीय कला की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम से हुई थी। इसने भारतीय रचनात्मकता को सक्रिय किया जो औपनिवेशिक काल के दौरान विदेशियों की सांस्कृतिक निर्भरता से प्रभावित थी। इस प्रयास के पीछे प्रेरक कारण एक प्रामाणिक आत्म-छवि को फिर से खोजना था, एक पहचान जिसे स्वदेशी या हमारी अपनी भूमि कहा जाता था। स्वदेशी का अर्थ आत्मनिर्भरता है जिसमें यह स्वीकार किया जाता है कि प्रत्येक समुदाय अपने जीवन के लिए आवश्यक चीजें प्राकृतिक और सांस्कृतिक वातावरण से प्राप्त करता है। एक तरह से यह किसी संस्कृति की भौगोलिक रूप से निर्धारित अवधारणा है। प्रत्येक प्रामाणिक संस्कृति मानव व्यक्ति और समुदाय के बीच एक संबंध से विकसित होती है और यह भूमि का भौतिक शरीर है जो एक राष्ट्र के लिए पोषक वातावरण प्रदान करता है।

हालांकि आत्मनिर्भरता केवल एक राष्ट्रीय पहचान के बारे में नहीं है। रचनात्मक कला अपने प्राकृतिक वातावरण के लिए संस्कृति के संबंध को संबोधित करती है। संस्कृति सिर्फ आत्मनिर्भरता के माध्यम से विकसित नहीं हो सकती है। विकास, विभिन्न लेकिन पूरक बलों के बीच परस्पर क्रिया से उत्पन्न होता है। एक पेड़ की छवि आकाश और पृथ्वी के बीच की कड़ी का प्रतिनिधित्व करती है। यह श्ऊपर क्या है और नीचे क्या हैश् के एक साथ आने तथा श्क्या देखा जाता है और क्या छिपा रहता है का प्रतीक है। एक बीज को अंकुरित होने के लिए पृथ्वी और पानी दोनों की आवश्यकता होती है। एक जीवित पौधा स्वाभाविक रूप से मिट्टी के ऊपर से आने वाले प्रकाश और गर्मी की ओर बढ़ता है। जैविक विकास आंतरिक और बाहरी ऊर्जाओं के एक साथ काम करने का परिणाम है। इस अर्थ में कुछ भी अपने आप में पर्याप्त नहीं है क्योंकि हर जीवित प्रक्रिया का अर्थ है बाहर की ओर बढ़ना, अन्य की ओर पहुंचना। उसी तरह एक जीवित संस्कृति बाहरी प्रभावों पर प्रतिक्रिया देती है जो स्थानीय संस्कृति के भीतर की क्षमता को बढ़ाती है। पेड़ हमें जीवन की हर शाखा के आंतरिक जुड़ाव की याद दिलाता है। एक पेड़ के फूल और फल एक जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं जो उस पेड़ से परे रहने वाले कई अन्य प्राणियों के साथ जुड़े रहते हैं और परस्पर प्रभाव डालते हैं। नंदलाल बोस अजंता भित्तिचित्रों से प्रभावित थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# आनलाइन ठगी का शिकार हुआ जवान

**क्यूआर कोड भेज कर बनाया ठगी का शिकार**

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के हरपुर बुदहट थाने की सोनबरसा बाजार चौकी क्षेत्र के तामा गांव के निवासी रामानंद ने अन्नपूर्णा माइक्रो फाइनेंस से लोन पास कराया था। उन्हें 60 हजार रुपए की जरूरत थी किन्तु उनका 35 हजार 800 रूपए का लोन मंजूर हुआ और रकम उनके एसबीआई बैंक बचत खाता संख्या 38213730819 आईएफएससी कोड एसबीआईएन 0013154 भेज दी गई। अपनी पत्नी लीलावती के साथ रजवल बाजार में स्थित एसबीआई बैंक की टाइनी ब्रांच सीएससी केंद्र पर पहुंच कर रामानंद ने बैंक खाते से कुल 35 हजार 500 रूपए नकद निकाल लिए। अपने घर जाने के लिए अभी वह रास्ते में ही थे कि अचानक उनकी बहु के पास रहने वाले मोबाइल फोन नंबर 8894429042 पर अज्ञात मोबाइल नंबर 6394272319 से फोन आया और फोन करने वाले ने उनसे कहा कि गलती से पैसा उनके खाते में जमा हो गया है। जबकि कुछ कागजी कार्रवाई में गलती हो गई है उन्हें लोन के रूप में और अधिक पैसा दिया जाएगा।भेजे गए पैसे 35 हजार 800 रूपए को वह वापस जमा करा दें। जिसके बाद पत्नी के साथ उसी केंद्र पर पहुंच कर रामानंद ने फोन करने वाले व्यक्ति द्वारा भेजे गए एक क्यूआर कोड पर पैसे जमा करा दिए। किंतु बाद में लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी अन्नपूर्णा से बात करने पर उन्हें पता चला कि उस नाम और नंबर का कोई कर्मचारी ही नहीं है। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने गोरखपुर साइबर सेल थाने में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की घटना की ऑनलाइन शिकायत की है। तथा गोरखपुर पहुंच कर घटना की लिखित शिकायत करने की जानकारी दी है।

# बजाज समूह के प्रबंध निदेशक ने किसानों से किया संवाद



**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज चीनी मिल इंटई मैदा समूह के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने उतरौला चीनी मिल भ्रमण के दौरान केन यार्ड में किसान शिवानंद राघवेंद्र तुलसीराम कौशलेंद्र आदि से सीधा बात की और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियों का गन्ना बुवाई करने के लिए आह्वान किया उन्होंने बताया कि यह चीनी मिल अपने पेराई क्षमता से बहुत कम गन्ना पेराई करती है जिसके कारण चीनी मिल लगातार घाटे मे जा रही है।उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान हो गया है।नया पेराई सीजन का भुगतान प्रारंभ हो गया है।प्रबंध निदेशक ने किसान भाइयों अपील किये कि साफ सुथरा छिला गन्ना ज्यादा से ज्यादा आपूर्ति कर चीनी मिल का सहयोग करें।

# किसानों को नुकसान की बात को लेकर सौंपा शिकायती पत्र

**जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज**



एसडीएम को शिकायती पत्र देते भाजपा नगराध्यक्ष अभय सिंह  समृद्धि न्यूज

मंडी में व्यापारियों द्वारा किसानों से 50 किग्रा के पैकेट में हरी मटर की खरीद और प्रति पैकेट 4 किग्रा की कटान से किसानों को नुकसान होने की बात कहते हुए व भाजपा नगर अध्यक्ष ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत एसडीएम एस कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि इस समय हरी मटर का सीजन चल रहा है। किसान खेतों से हरी मटर तुड़वाकर व्यापारियों को बेच रहे हैं। व्यापारी किसान से 50 किग्रा के पैकेट में हरी मटर खरीद रहे हैं। जबकि पूर्व 70 से 80 किग्राम के पैकेट में हरी मटर की खरीद की जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारी बाहर की मंडी में प्रति पैकेट के हिसाब से मटर को बचते हैं। जिससे उन्हें लाभ होगा।

जबकि किसान प्रति पैकेट के हिसाब से मजदूरों से मटर की तुड़वाई कराते हैं। ऐसे में 70 से 80 किग्रा के पैकेट में उन्हें मजदूरी में लाभ हो जाता था। लेकिन 50 किग्रा के पैकेट में उन्हें अधिक मजदूरी देनी पड़ रही है। ऐसे में व्यापारियों को कम तौल से फायदा हो रहा है जबकि किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारी प्रति पैकेट किसानों से 4 किग्रा मटर की कटान कर रहे हैं।

जो कि नियम विरूद्ध है। उन्होंने एसडीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### गोदाम प्रभारी का लुटेरे बैग लेकर फरार

**उतरौला,बलरामपुर।** बालाजी इण्डेन गैस गोदाम प्रभारी से अज्ञात लूटरे 3 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये, लूट का विरोध करने पर अज्ञात लूटेरो ने फायर किया।घटना की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार की शाम करीब सात बजे की है बालाजी इण्डेन गैस गोदाम सेखुईया कस्बा पर गोदाम प्रभारी रिषभ शर्मा व लेबर शिवशंकर मौजूद थे,रिषभ के पास बैग में करीब तीन लाख रुपये थे।शिव शंकर ने बताया कि गैस सिलेंडर को गोदाम में रखकर ताला लगा दिया कुछ सिलेंडर पिकप जीप से आ रहा था,रिषभ शर्मा गोदाम के बाहर बने कमरे के पास खड़े हो गए और कहा कि जो सिलेंडर आ रहा उसे कमरे में रखा दिया जाएगा वह हाथ पैर धुलने गोदाम में लगे नल पर चला गया इतने में दो लोग ऋषभ से बैग छीन लिया और एक व्यक्ति जो मोटर साइकिल लिये था उस पर बैठकर भाग गया।लूट का विरोध करने पर फायर भी किया।उतरौला पुलिस ने स्कंद प्रताप सिंह गैस एजेन्सी के मालिक की तहरीर पर तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छान बीन शुरुदिया है।सी ओ उतरौला ज्योति श्री ने बताया कि घटना की जांच चल रही है।

### ट्रक ट्राला की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

**जगम्मनपुर (जालौन)।** साइकिल से लकड़ी लादकर ले जा रहा बृद्ध ग्रामीण 18 टायरा ट्रक ट्राला की चपेट में आकर घायल हो गया। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर हमीरपुरा निवासी रामधनी पुत्र सुमेर उम्र 65 वर्ष अपने खेतों से साइकिल पर लकड़ी लाकर घर की ओर जा रहा था तभी जगम्मनपुर की ओर से जा रहे 18 टायरा ट्रक ट्राला नंबर यूपी 14 एचटी 3099 की चपेट में आकर वह सड़क पर गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर जगम्मनपुर चौकी प्रभारी राजकुमार निगम मय कान्स्टेबल घटनास्थल पर पहुंचे वहां से घायल को प्राथमिक चिकित्सा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा भेजकर ट्रक को हिरासत में ले लिया।

### कार की टक्कर से सगे भाई गंभीर रूप से घायल

**जालौन (उरई)।** बहिन के यहां जा रहे भाइयों की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार व उसके अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। फ्तेहपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चित्तापुर निवासी गंगाप्रसाद ने पुलिस को बताया कि बीती 12 दिसंबर को उनके दो बेटे विमलेश व अंकुश बाइक लेकर अपनी बहिन से मिलने के लिए दिबियापुर जा रहे थे। जब वह सहाव मोड़ के पास स्थित जगनेवा पुल के पास पहुंचे तो उनकी बाइक में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पहले उन्हें मेडिकल कॉलेज फ्रि कानपुर रेफ्र दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### चलते ट्रक के पिछले पहिए में अचानक लगी आग

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चलते हुए ट्रक के पिछले पहिए में अचानक से आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक महोबा से मौरम लेकर मेरठ जा रहा था। रात्रि करीब एक बजे जब ट्रक किमी संख्या 207 पर पहुंचा तो अचानक से ट्रक के पिछले पहिए में आग लग गई। कुछ ही देर में टायर से आग की लपटें निकलने लगीं। पीछे से आ रहे ट्रक के चालकों ने आग लगने की जानकारी ट्रक चालक को दी। ट्रक चालक कल्लू निवासी पुखरायां ने ट्रक को खड़ा कर दमकल को सूख्रा दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। आग लगने से ट्रक का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### खेत जोतने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों के खिलाफकार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुंवा में खेत जोतने को लेकर एक पक्ष के प्रतिपाल व दीपक एवं दूसरे पक्ष के छत्रपाल के बीच विवाद हो रहा था। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन कोई भी पक्ष सुनने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद उन्होंने झगड़े की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# कोई भी समस्या हो तो तत्काल बताएं,आपका सदैव स्वागत है: रोली

**अटल बिहारी वाजपेई सभागार में सकुशल संपन्न हुई बोर्ड की बैठक**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में शनिवार को बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पिछली बार की कार्यवाहियों की पुष्टि के साथ पंचम और 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई और इसके साथ ही वर्ष 2023-24 की संशोधित कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया।आगामी वर्ष 2024-25 की प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कार्य प्रस्ताव भी सभी सदस्यों से मांगे गये हैं।सदन में रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव, तथा गोसाईगंज विधायक अभय सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह की अनुमति के साथ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही का संचालन आरम्भ किया गया जिसमें एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर गत कार्यवाहियों पर विमर्श के साथ सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। सदन के पटल पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यों की प्रगति समीक्षा से अवगत कराया गया। इसके साथ कार्ययोजना में सदस्यों के कार्य प्रस्तावों के सापेक्ष संशोधन से भी अवगत कराया गया।इसी कम में कार्ययोजना को सदन द्वारा अनुमोदित किया गया।सदन द्वारा पिछली बैठक में प्रस्तुत जिला पंचायत की खनन परिवहन उपविधि एवं मानचित्र पारण उपविधि की दरों में संशोधन को अनुमोदित किया गया।

# स्वतंत्र देव विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल

**विकसित भारत बनाने में सहयोग की दिलाई शपथ**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**




मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान किसान सम्मान दिवस के अवसर पर विकासखंड गैंसडी के ग्राम सभा बिलोहा बनकसिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविंद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टालों का निरीक्षण किया तथा अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है।

इस लक्ष्य में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित हो एवं सभी राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी सहभागिता एवं मजबूती दे सके, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया जा रहा है।

यह काफी हर्ष की बात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं माताएं प्रतिभाग कर रही हैं तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ प्राप्त करने को स्वयं आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा रहा है, जिसके अच्छे व्यापक परिवर्तन दिखाई पड़ रहे हैं। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2047 तक भारत राष्ट्र को विकसित भारत बनाए जाने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्र अब रुकने वाला नहीं है, अब भारत राष्ट्र विकसित राष्ट्र कहलाने वाला है। अब भारत के लोगों में वैचारिक बदलाव देखने को मिल रहा है,सभी स्वयं को सशक्त महसूस कर रहे हैं। लोगों में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं किसानों की सरकार है।

इस दौरान मंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा भारत राष्ट्र को विकसित बनाए जाने में सहभागिता प्रदान करने के लिए विकसित भारत शपथ दिलाई गई।

# धूमधाम से मनाया गया चौधरी साहब का जन्मदिवस



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को किसानों के मसीहा कहे जाने वाले श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में सोनभद्र के राबर्ट्सगंज स्थित सिंचाई डाक बंगले पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आज का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोक दल एवं पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रालोद के प्रयागराज क्षेत्र के संगठन महासचिव श्रीकान्त त्रिपाठी जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन रालोद जिलाध्यक्ष रामसेवक पटेल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में श्री त्रिपाठी के साथ रालोद के वरिष्ठ नेता अतुल सिंह एडवोकेट, अशोक कुमार कन्नौजिया आदि के उद्बोधन द्वारा चौधरी साहब के गरिमामयी व्यक्तित्व और अद्भुत कृतित्व पर आम जनमानस का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में पवन कुमार पटेल, मुन्ना मालिक, अभय पटेल, भोला बाबा, चंद्रभान सिंह, पवन शुक्ला, बबुंदर यादव, इबरार अली आदि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ,डॉक्टर लोकपति सिंह ,रामदेव बाबा, सूर्यप्रकाश, गंगेश्वर, ओम प्रकाश भारती, दामोदर, हिमांशु, प्रद्युम्न, श्याम सुंदर, अमित, संतु, बेचू, बाबूलाल चौहान सहित रालोद के सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### मुकुट पूजा के साथ सिंदुरिया ग्राम पंचायत में सप्तदिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का हुआ शुभारंभ

**चोपन/ सोनभद्र।** विकास खंड चोपन के ग्राम पंचायत सिंदूरिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगहन मास में शुक्रवार की सायं विधि विधान से मुकुट का पूजन अर्चन कर सप्त दिवसीय रामलीला का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व शुक्रवार को तीन बजे से संगीत मय रामायण गायन का आयोजन किया गया जहां परगना अगोरी के जाने-माने कलाकार राजू तिवारी,मनोज चौबे, राकेश तिवारी, शर्मा तिवारी आदि ने अपने गायन और वादन से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया रामायण गायन के पश्चात महंत पं मूरली तिवारी एवं पं विजया तिवारी द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार कर मुकुट का पूजा करवाया गया गौरतलब है कि सिंदुरिया ग्राम पंचायत की यह रामलीला विगत सौ वर्ष पूर्व से लगातार होती चली आ रही है जहां रामलीला के सभी पात्र पाण्डेय परिवार से ही संबंधित होते हैं बताया गया कि यह एक सौ पांचवा वर्ष है रामलीला के आयोजन का वहीं व्यास का कार्य महंथ पं मूरली तिवारी जी का परिवार शुरू से कर रहा है जो आज तक चलता आ रहा है मुकुट पूजा के दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय,हनुमान प्रसाद पाण्डेय, प्रेमनाथ पाण्डेय, राम-जानकी पाण्डेय राधारमण पाण्डेय,कृपा शंकर पांडेय ,विशाल पांडेय सहित भारी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

# जनपद की तीन छात्राओं को मिलेगा प्रखरबुद्धि पुरस्कार

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ दिनेश चंद्र द्विवेदी की स्मृति में 2012 से दिया जाने वाला 2023 का प्रखरबुद्धि पुरस्कार इस बार तीन टॉपर्स को मिलेगा। पुरस्कार पाने वाली तीनों बेटियां हैं, जो सात जनवरी को सम्मानित होंगी।

प्रखरबुद्धि पुरस्कार समिति के अध्यक्ष अरविंद गौतम और सचिव डा. अंकुर शुक्ला ने बताया कि 7 जनवरी रविवार को मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में पुरस्कार समारोह आयोजित होगा। इसमें विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान विषय में एमए टॉपर आकांक्षा पटेल, अरविंद माधुरी तिवारी महाविद्यालय में बीएससी टॉपर रोशनी सिंह और सीबीएससी बोर्ड में इंटर जिला टॉपर मार्निंग स्टार कालेज की आशी श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डॉ





दिनेश चंद्र द्विवेदी के सम्मान में घोषित प्रखरबुद्धि पुरस्कार 2012 से उन विद्यार्थियों को दिया जा रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में टॉप किया है। यह पुरस्कार जीतने वाली ज्यादातर छात्राएं ही हैं। 2016 में सिद्धांत पटेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले एक मात्र छात्र हैं। डा. अंकुर के अनुसार पुरस्कार समारोह दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।

### समाधान दिवस पर दस मामले सात का निस्तारण

**सोनभद्र, कोन।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी सोनभद्र व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं नायब तहसीलदार ओबरा की उपस्थिति में थाना परिसर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर प्राप्त राजस्व विभाग के सात मामले व पुलिस विभाग के तीन मामले कुल 10 मामले आए। कोन थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों विभागों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग के चार मामले व पुलिस विभाग के तीन मामले को निस्तारण किया गया। शेष तीन मामला निस्तारण हेतु राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल को आवश्यक निस्तारण हेतु सूपूर्त कर हस्तगत कराया गया।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200  Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1455/ निविदा / 143  दिनांक : 20.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **तहसील अमृतपुर (अनावासीय) भवन, अमृतपुर फर्रुखाबाद (उ.प्र.)** में विभिन्न मरम्मत कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 20/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200  Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1454/ निविदा / 142  दिनांक : 20.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **कलेक्ट्रेट (अनावासीय) भवन, जनपद फर्रुखाबाद** में अनुरक्षण कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 20/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक

**अपराधियों के विरूद्ध दिए कार्रवाई के निर्देश**

# अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, ट्रक व वाहन बरामद

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए घटनाओं के रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व मे दिनांक 05.12.2023 को थाना स्थानीय पर चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी पुत्र सत्यनरायन त्रिपाठी निवासी ग्राम चन्दापुर पो0 विशेश्वरगंज जिला बहराइच द्वारा चोरी गये ट्रक वाहन संख्या यूपी 40 टी 0545 के संबंध में दी गयी तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 652/2023 धारा 379 भा0द0वि0 में सीसीटीवी कैमरा/मुखविरान की मदद से दिनांक 22.12.2023 को वाहन संख्या यूपी 40टी 0545 ट्रक की चोरी में लिप्त अभियुक्तगण 1.विनोद कुमार सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह निवासी ग्राम भोलवा थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती व 2. मनोज कुमार पुत्र कांग्रेसी चौधरी निवासी चौका घाट नीयर पानी की टंकी थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी को बेलवा मोड़ थाना कोतवाली देहात के पास से घटना में इस्तेमाल एक अदद गाडी वाहन संख्या यूपी 42 बीएल 6002 के साथ पकड़ा गया जिसमें अभियुक्त विनोद सिंह ने पूछताछ पर बताया कि चोरी गये ट्रक को मैं अपने साथी पप्पू उर्फ अमरेश बहादुर वर्मा के साथ दिनांक 04.12.2023 की रात में सिसई रोड से चुराया था और दिनांक 09.12.2023 को उक्त ट्रक को मनोज कुमार व अमेरिका प्रसाद पुत्र रामजीत माझी निवासी कुंडाखुर्द मलेहिया थाना मुगलसराय जनपद चंदौली को ढाई लाख रूपये में बेंच दिया था।

अभियुक्त मनोज ने बताया कि वह अपने साथी अमेरिका प्रसाद पुत्र रामजीत माझी निवासी कुंडाखुर्द मलेहिया थाना मुगलसराय जनपद चंदौली व राहुल पुत्र भैइया लाल गुप्ता निवासी ग्राम सूजाबाद पडाव थाना रामनगर जनपद वाराणसी , मखान्चू व नवीन के साथ मिलकर ट्रक को काटकर कबाड़ियों को साढ़े तीन लाख रूपये में बेंच दिया गया। अभियुक्त विनोद कुमार व मनोज कुमार के निशानदेही पर पड़ाव वाराणसी से नियमानुसार कटे हुए लोहे की दो चादर जिस पर एक चादर पर ट्रक का नम्बर यूपी 40 टी 0545 व एक चादर पर लिखा हुआ व एक अदद स्टेपनी टायर लगी हुई व 10000 रुपये नगद बरामद व पड़ाव वाराणसी में ही अभियुक्तगण 3. अमेरिका प्रसाद पुत्र रामजीत माझी निवासी कुंडाखुर्द मलेहिया थाना मुगलसराय जनपद चंदौली 4. राहुल पुत्र भैइया लाल गुप्ता निवासी ग्राम सूजाबाद पडाव थाना रामनगर जनपद वाराणसी को बरामदगी स्थल से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 411/413/427 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण विनोद कुमार सिंह , मनोज कुमार, अमेरिका प्रसाद, राहुल उपरोक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200  Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1456/ निविदा / 144  दिनांक : 20.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **तहसील अमृतपुर (आवासीय) भवन, अमृतपुर फर्रुखाबाद (उ.प्र.)** में विभिन्न मरम्मत कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 20/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200  Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1457/ निविदा / 145  दिनांक : 20.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **तहसील सदर (अनावासीय भवन) जनपद फर्रुखाबाद** में विभिन्न मरम्मत कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 20/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक

# चौधरी चरण सिंह ने अपने कार्यकाल में किसानों के उत्थान के लिये किए अनेक कार्यः कैलाश राजपूत

- चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित हुआ किसान सम्मान समारोह 71 किसानो को शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया
- कलेक्ट्रेट परिसर में किसान सम्मान समारोह एवं कृषि प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**पूर्व प्रधानमंत्री** स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में किसान सम्मान समारोह एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंहं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।'कार्यक्रम में 71 किसानो को शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

किसान सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए तिर्वा विधानसभा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह ने अपने कार्यकाल में किसानो के उत्थान के लिये अनेक कार्य किये थे। कहा कि अब पीएम मोदी किसानो के लिये अनेक योजनाओं से लाभान्वित कर रहे है। उन्होने किसानो के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देने की व्यवस्था की है, जिसमें किसानो को सालाना 06 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि किसान की आय दुगनी करेंगे, जिसके लिये अनेक प्रकार की योजनाये चलाई जा रही है और जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी तब से भारत सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। कहा कि अब भारत का पूरे विश्व में सम्मान बढ़ा है। देश के गरीब लोगो को मुफ्त राशन मिल रहा है और आने वाले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन मिलेगा। अब राशन वितरण की व्यवस्था में सुधार हुआ है। जब अंगूठा लगेगा तभी राशन मिलेगा। कहा कि मोदी जी ने लोक सभा, विधान सभा, ब्लाक प्रमुख, प्रधान आदि चुनावो में महिलाओ को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का कार्य किया है। 2017 में योगी सरकार बनी है तब से कानून का राज हुआ है और अपराधियों के लिये सख्त कानून व्यवस्था लागू की है। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानो के लिये जो सपना देखा था, उसे साकार करने के लिये सोच और विचार करके आगे बढाना होगा और हमे संकल्प लेना होगा कि उनके सपनो को पूरा करेंगे और आगे ले जायेंगे। कहा कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, इस पर भी सब लोगों को ध्यान देना होगा। मिट्टी की क्षमता एवं उर्वरकता आदि के विषय में वैज्ञानिक जो जानकारी देते हैं उसका पालन सबको करना होगा। कहा कि ऑर्गेनिक खेती की तरफ बढें। कहा कि सरकार विभिन्न नीतियो के माध्यम से वैज्ञानिको के सुझाव को आगे बढ़ा रही है। नई-नई पद्यतियों को आगे बढ़ाये और कृषि विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र का भरपूर लाभ लें। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने अपने सम्बोधन में किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उप कृषि निदेशक ने कृषकों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यकमों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। कार्यकम में कृषि वैज्ञानिक डा. अमर सिंह, ने उत्तम खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास प्रबन्धक (नाबार्ड), जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी समेत विभीय अधिकारी समेत जिले के किसान मौजूद रहे।




किसान सम्मान समारोह को सम्बोधित करते तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत व मौजूद किसान — समृद्धि न्यूज

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया छापामार अभियान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शनिवार को खाद्य केक, पेस्ट्री आदि की दुकानों पर छापामार अभियान चलाया। शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शहर स्थित बड़ा बाजार में लिम्बस बेकरी का निरीक्षण किया। गुणवत्ता के संदेह पर पेस्ट्री का एक नमूना संग्रहीत किया। साथ ही हाजी नगर स्थित केक निर्माण कारखाने का निरीक्षण कर संदेह के आधार पर केक के दो नमूने संग्रहीत किए गए। छापामार अभियान में टीम ने कुल 03 नमूने संग्रहीत किए, जिन्हें जॉच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम ने अपमिश्रित केक एवं पेस्ट्रीज आदि की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम की दृष्टि से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानों का निरीक्षण किया। गुरसहायगंज में बालाजी बैकरी से केक का नमूना संकलित कर जांच हेतु भेजा गया।

# युवाओं के प्रशिक्षण हेतु सेंटर में क्षमता बढ़ाई जाएः डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई उप्र कौशल विकास मिशन से सम्बन्धित बैठक


कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनपद में कौशल विकास की संचालित योजनायें में कौशल विकास मिशन द्वारा जेल प्रशिक्षण, प्रवीन योजना,एस0एस0डी0एम0, दीनयाल उपाध्यय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, नल जल मित्र योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आरसेटी द्वारा संचालित स्व0 रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिला उधोग द्वारा संचालित ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास की योजनाओं को समन्वित एवं एकीकृत रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का गठन किया गया है। 14 से 35 आयु वर्ग के अल्पशिक्षित युवक-युवतियों को निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की सहभागिता से रोजगार परक अल्पकालीन प्रशिक्षण दिलाकर हुनरमंद बनाना है। इसमें युवा अपनी इच्छानुसार पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने कहा कि अधिकारी इस कार्य में रुचि ले। प्रशिक्षण के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसके लिए एक फीडबैक फार्म तैयार किया जाये और प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बच्चों से संबंधित संस्थान के द्वारा दिये गये प्रशिक्षण का फीडबैक लिया जाये। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है उन्हें रोजगार भी दिया जाए और जिन बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है उन्हें समय से ट्रेनिंग कराकर नौकरी दी जाए। विभिन्न संस्थाओं को निर्देश दिए कि जिन बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है उनकी क्षमता को भी परखा जाए और बच्चों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जाए। सेंटर में युवाओं के प्रशिक्षण हेतु क्षमता बढ़ाई जाए। सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने वालों को बख्शा नही जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, प्रधानाचार्य आई टी आई, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर दो समस्याओं का हुआ निस्तारण



समाधान दिवस पर समस्या सुनते नायब तहसीलदार

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**समाधान** दिवस पर राजस्व संबंधी पांच शिकायतें आई। जिसमें से दो राजस्व संबंधित समस्याओं का निस्तारण कर दिया गया। जबकि तीन राजस्व संबंधित समस्याओं को जांच कर निस्तारण के लिए कर्मियों को सौंप दिया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा, सीओ सदर डॉ. प्रियंका बाजपेई के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम भवानीपुर, जसोदा, समधन मोहनपुर रतनपुर, मोहल्ला अशोक नगर से आए पीड़ितों ने राजस्व संबंधी समस्याओं को रखा। फरियादियों ने भूमि पर कब्जा, भूमि विवाद, नाली, पानी आदि को लेकर आरोप लगाए और निस्तारण की मांग की। दो समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य तीन राजस्व संबंधित समस्याओं को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा, एसआई राबिन सिंह, आनंद मिश्रा, विनय शर्मा सहित राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### नशे में धुत एक सिपाही ने ढाबे पर काटा हंगामा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नशे में धुत एक सिपाही ने ढाबे पर जमकर हंगामा किया। उक्त सिपाही पीआरवी 112 में तैनात है। सिपाही पुलिस लिखी हुई सरकारी बोलेरो से ढाबे पर पहुंचा था। उसके साथं 2 अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। उक्त सिपाही के कारनामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों का संज्ञान लेते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया हैं और मामले की जांच क्षेत्राधिकारी नगर को सौंपी है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के पाल चौराहे के निकट हाईवे पर न्यू राजा ढाबा का है। बताया जाता है कि यहां आए दिन एक सिपाही खाना खाने जाता हैं और फिर वर्दी की धौंस में बिना पैसे दिए चला आता है। बीती रात उक्त सिपाही कन्नौज पुलिस लिखी हुई एक सरकारी गाड़ी से ढाबे पर दो अन्य सिपाहियों के साथ् पहुंचा। नशे में द्युत सिपाही ने ढाबे पर खाना खाया और जब ढाबा संचालक ने खाना के रुपए मांगे तो सिपाही उससे भिड़ गए। शराब के नशे में वर्दी की धौंस दिखाते हुए उसने हंगामा शुरू कर दिया और ढाबा संचालक को धमकी भी दी। इसी बीच यहां मौजूद कुछ लोगों ने सिपाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उक्त सिपाही का नाम अवधेश बताया जाता है, जोकि पीआरवी 112 में तैनात है।

### मेहनत मजदूरी करने वाले युवक ने लगाई फांसी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**छिबरामऊ कन्नौज।** गोपालनगर निवासी वेदराम मेहनत मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरणपोषण करते हैं। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। बड़े बेटे शिवम (19) का शव शुक्रवार की सुबह एक कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। यह नजारा देख परिजनों में कोहराम मच गया। चीखपुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत के बाद से मां बेबी, छोटा भाई ओम व बहनों शिवानी, सोना व राधा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुराहाल था।

### अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पॉलिथीन उन्मूलन अभियान के अंदर अंतर्गत चलाया गया चेकिंग अभियान

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के मुख्य बाजार प्लास्टिक उन्मूलन पॉलीथिन प्रतिबंधित अभियान चलाया गया। जिसमें 38 किलो पॉलिथीन जप्त कर रुपया 36000 का जुर्माना वसूल किया गया पॉलीथिन प्रतिबंधित अभियान में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह तथा पालिका के वरिष्ठ लिपिक संजय सिंह, नीरज मिश्र,अमरदीप, प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, रामेंद्र सिंह, सूरज सिंह, सुभाष चंद्र, प्रवेश यादव, शिवम, मनोज राठौर आदि कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतबंधित पॉलीथिन जुर्माना वसूल किए गए दुकानदार के नाम अयुव पुत्र महेश=3000, कैलाश चंद्र=10000, आशीष गुप्ता=5000, ग्रीस चंद्र गुप्ता =2000 प्रभात गुप्ता=1000, कौशल गुप्ता=5000, सुशांत गुप्ता=1000।

### घर में घुसकर आरोपियों ने युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दबंगों ने घर में घुसकर आरोपियों ने युवक के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम गुगरापुर निवासी मुनेंद्र पुत्र भीमसेन ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें में बताया है कि 22 दिसंबर को पड़ोसी गांव हनुमंतखेड़ा निवासी रमेश यादव, शिवकुमार, पुत्तू और अतुल उसके घर में घुस आए और उसके साथ गाली गलौज की। विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नलकूप की बोरिंग के लिए जगह का अवर अभियंता ने किया निरीक्षण



**समधन,समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत समधन में नागरिकों की पेयजल सुविधा के लिए जल निगम की पहले से निर्मित एक पानी टंकी काफी दिनों से बंद पड़ी है। विभाग ने नगर पंचायत को हेड ओवर कर दिया है। इसके अलावा नगर पंचायत द्वारा 5 नई पानी टंकियों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है पहले से बनी खड़ी पानी टंकी को सभी टंकियों के साथ शुरू कर दिया जायेगा? शनिवार को नगर के मोहल्ला कादर खान नगर में नलकूप की बोरिंग करने के लिए जगह का चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी व अवर अभियंता कौशल कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया पास में बना सरकारी अस्पताल में बनी खड़ी पानी की टंकी में पेयजल आपूर्ति पहुंचाने के लिए बिचार किया गया अस्पताल परिसर में जो बोरिंग की गई थी उस बोरिंग को भी देखा गया बोरिंग खराब बताई गई है। अवर अभियंता कौशल कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने बताया कि पहले से बनी खड़ी पानी टंकी को भरने के लिए नलकूप की बोरिंग की जगह देखी गई है इस बोरिंग से यह अस्पताल की टंकी में भी आपूर्ति पहुचती रहेंगी इस अवसर पर बकार हुसैन, मोहम्मद नफीस उर्फ बल्ले,राशिद खान, मोहम्मद नईम, दीपक श्रीवास्तव,असलम, मीनू खां, रियाज़ हुसैन,जीसान आदि मौजूद रहे।

# जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

- स्थानीय चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिह यादव की अगुवाई में आयोजित हुई श्रद्धाजंलि सभा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**शनिवार को** स्थानीय चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं एवं गणमान्यजनों ने आयोजित हुए कार्यक्रम में बीते दिनों जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिको की शहादत को नमन करते हुए कैण्डिल जलाकर श्रृद्धाजंलि अर्पित की गई। शनिवार को स्थानीय चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रृद्धाजंलि अर्पित करते हुए सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने आतंक वादियों की इस कायराना हरकत के लिये पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि पीठ पर वार करके हमारे जांबाज वीर सैनिको को मारने की जो कायराना हरकत की गई है उसका हमारे देश के सैनिक मुहतोड़ जवाब देंगे। श्री यादव ने कहा कि हम सभी सरकार से मांग करते है कि सेना को खुली छूट दी जाये, जिससे इस प्रकार के हमलों की पुनरावृत्ति न हो। कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि शहीद सैनिकों के परिवारों के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए और साथ ही 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की जाए। इस मौके पर संजय दुबे, पप्पन बाजपेयी, सुरेन्द कुशवाहा, नंद कुमार, रामवीर कठेरिया, मुज्जमिल, विराट मौर्य, धर्मवीर पाल, अमन मेहरोत्रा, रामजी यादव, रानू सक्सेना, मुद्दसर सिद्दीकी, इंतजार अहमद, ब्रजेश कटियार, अरुण राठौर, बबलू यादव, संजय प्रधान, वीरपाल सभासद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपाईयों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किया याद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। सपा नेताओं ने स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष कलीम खां समेत अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर सपा नेताओं ने किसानों के लिए किए गये उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व पीएम स्व. चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों और मजदूरों के लिए संघर्ष किया। वे किसान नेता के रूप में पूरे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में जाने जाते थे। सपा नेता नाजिम खां ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसान हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके दिखाए रास्ते पर चलने का हम संकल्प लेते हैं।

# सरकारी डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाइयां

- सौ सैया अस्पताल के डॉक्टर कमीशन के लालच में मरीजों से कर रहे खिलवाड़

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**जहां उत्तर** प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए प्रयास कर रहे लेकिन सरकारी डॉक्टर गरीब जनता की जेब पर डाका डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। छिबरामऊ सो सैया अस्पताल में अधिक कमीशन के लालच में पिछले काफी समय से एंटीबायोटिकस दवा का खेल चल रहा है हालत यह है कि यहां मरीजों को बाहर से दवा लिख दी जाती हैं दवाएं भी ऐसी जिसमें कमीशन अच्छा खासा हो वही कमीशन के लालच में बिना आवश्यकता के ही ऐसी दवाएं लिखकर मरीज की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है कमीशन का लालच डॉक्टर पर इस कदर हावी है कि मरीजों को 24 घंटे के अंदर एक दो नहीं बल्कि तीन चार एंटीबायोटिक इंजेक्शन बाहर से मंगवाकर लगवा दिए जाते हैं अस्पताल प्रशासन सभी दबाए उपलब्ध होने का दावा करता है इसके बाद भी बाहर से दवा मंगाई जा रही हैं लोगों के मुताबिक चिकित्सकों द्वारा बाहर की वही दवाएं लिखी जाती है जिसमें उन्हें अच्छा खासा कमीशन मिलता है जबकि असलियत उन दवा की कीमत काफी कम होती है एमआरपी बहुत अधिक लिखी होती है सौसैया अस्पताल में मेडिकल स्टोर वालों के अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों के बीच 60 गाठ होने की बजे से खेल जारी रहता है कमीशन के लालच में डॉक्टर मेडिकल संचालकों पर रोक नहीं लगते हैं जिससे गरीब जनता की जेब पर ढाका डाला जा रहा है।

वही सै सौया अस्पताल में तैनात एक चिकित्सक ने के नाम से कानपुर की 1 मिनट का एजेंसी से खरीदी गई हजारों रुपए की एंटीबायोटिक इंजेक्शन का बिल वायरल हो रहा है जिसमें प्रति इंजेक्शन के दाम मात्र 40 रुपए है गए जबकि इंजेक्शन में एमआरपी 500 ?62 रुपए पड़ी हुई है अब आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि छिबरामऊ के सौ सैया अस्पताल में सालाना करोड़ों रुपए का खेल किया जा रहा है जबकि भाजपा सरकार गरीबों के मुक्त इलाज के लिए कहीं योजनाएं चल रही है फिर भी कमीशन के लालच में डॉक्टर गरीब जनता की जेब में खुलेआम ढाका डाल रहे हैं अस्पताल सीएमएस डॉक्टर एस के सिंह को जब संवाददाता ने फोन कई बार लगाया पर उनका फोन नॉट रीचेबल बताता रहा यह एक बार नहीं अक्सर सीएमएस का फोन नाट रीचेबल ही रहता है वही इस मामले को लेकर जब मु ख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार ने बताया कि अभी तक इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया अगर ऐसा कुछ संज्ञान में आता तो कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई जाएगी जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सुप्रभाष अकादमी में प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर के** सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था सुप्रभाष अकादमी में प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्नें बच्चों के खिलखिलाते चेहरे अपनी नैनाभिराम लाल वेशभूषा, सफेद दाढ़ी के साथ बच्चों को उपहार बाँटता सेंटा क्लाज, परियों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां देती नन्हीं-मुन्नी बच्चियां, मन को लुभाता ललचाता उपहारों से लदा, रोशनी में नहाया, सुसज्जित क्रिसमस ट्री के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने यह त्योहार मनाया। प्रेम और सौहार्द की मिसाल कायम करके वह लोगों को खुशियां बाँटते हुए यह क्रिसमस का त्योहार हमारे सामाजिक परिवेश का प्रतिबिंब भी है इस भाव के साथ आज सुप्रभाष अकादमी में क्रिसमस डे का आयोजन किया गया। अकादमी को घंटी, सितारे, गुब्बारे, सेंटा क्लाज के कट आउट्स आदि से सजाया गया। कक्षा-क्ष्ज्ञ के नन्हें-मुन्नों रुहान, भावी, आयशा, अमायरा, सूर्यांश आदि ने नर्सरी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अल्का गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि क्रिसमस का अर्थ मुक्ति और समानता है। उन्होंने बताया कि इमेनुअल का अर्थ है कि ईश्वर हमारे साथ, यासायाह की भविष्यवाणी सत्य हुई और ईसा-मसीह का जन्म मैरी व सेंट जोसेफ के घर की गौशाला में घास पर हुआ। कक्षा-4 के छात्र अरनव ने सेंटा क्लाज का रुप धारण कर नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ केक काटा हुआ उपहार व टॉफियां वितरण की।विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने क्रिसमस ट्री व सेंट क्लाज का महत्व बताया व भाईचारे, अहिंसा, विनम्रता व समानता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

## प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया




**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर के सिटी चिल्ड्रन एकेडमी के छात्राओं ने स्कूल के प्रसार में क्रिसमस डे पर स्कूल परिसर में प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। खबरियापुर रोड स्थित सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में छात्राओं ने प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन उनके परधान को पहन कर धूमधाम से क्रिसमस डे के रूप में मनाया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि सभी धर्म के त्यौहार खुशी प्रेम सौहार व परधान में रहने की शिक्षा देते हैं प्रशासनिका श्रीमती सुधा प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि सभी धर्म के त्यौहार आपस में प्रेम सद्भाव भाव में रहने की शिक्षा प्रदान करते हैं कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।





# किसानों के असली मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : चन्द्रपाल यादव

- जयंती पर चौधरी चरण सिंह को सपाइयों ने किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पूर्व प्रधानमंत्री** चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती किसान दिवस के रूप में आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सही मायने में किसानों के असली मसीहा थे। आज उनका नाम जिस सम्मान के साथ लिया जाता है वह उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की ही देन है। चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के उत्तराधिकारी नेताजी मुलायम सिंह यादव बने। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी पिछड़ों और किसानों के हक की बात हमेशा से करती रही है, वह उनका दुख दर्द अच्छी तरह समझती है। आज समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उनके विचारों का अनुसरण कर रही है। लोकसभा प्रभारी मौलाना इरफान उल हक कादरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के समक्ष उनको बचपन में एक बार बोलने का मौका मिला था। वह सही मायने में गरीबों की आवाज थे। सर्वेश अंबेडकर ने चौधरी चरण सिंह के सम्पूर्ण जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पैसे से ज्यादा व्यक्ति के संघर्ष को वरीयता देते थे। इस अवसर पर फारुख कादरी, अशोक अंबेडकर, विजेंद्र यादव, राजपाल यादव आदि ने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कार्यक्रम प्रभारी विजेंद्र यादव, साजिद अली खान, विनीत परमार का धन्यवाद प्रेषित किया। संचालन रजत महेश्वरी ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता — समृद्धि न्यूज

# सचिव व प्रधानों की जेबों पर भारी पड़ रहा सरकार का विकास

- विकास भारत संकल्प यात्रा पर जारी नहीं किया गया फंड
- गांवों में प्रतिदिन दस स्थानों पर होता है उपरोक्त कार्यक्रम

**नवाबगंज/मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हर समय** चुनावी मोड़ में रहने वाली पार्टी के विकास की यात्रा अब अधिकारियों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कहने वाली सत्ताधकारी पार्टी के दांत दिखाने के कुछ और व खाने के कुछ और। विकसित भारत संकल्प यात्रा को गांव-गांव भाजपा ने चालू तो कर दे, लेकिन इसका न तो कोई बजट और न ही तम्बू में अतिथि बनकर बैठने वाले जनप्रतिनिधि इस पर एक रुपया खर्च नहीं कर रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सरकार और माननीय पैसा नहीं खर्च कर रहे हैं तो इतना सब तामझाम किसके जिम्मे है। इसका सीधा मतलब है कि कि ब्लाक स्तर पर संबंधित अधिकारी व ग्राम प्रधानों की जेब पर जबरियन डांका पड़ रहा है। प्रधान और सचिव तन और मन के साथ धन भी लगाना पड़ रहा है। गांवों में रोज 10 जगह तंबू लगते हैं। तंबू के साथ साउंड, कुर्सी, मेज और माननीयों के स्वागत पर हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। सरकार ने इसके लिए अलग से कोई फंड नहीं दिया है। जहां जनप्रतिनिधि और बड़े माननीय पहुंच जाते हैं तो वहां तो खर्च की सीमा भी बढ़ जाती है। सचिव से लेकर प्रधान और ब्लाक वाले साहब तक परेशान हैं। उनकी पीड़ा अब शब्दों से बयां होने लगी है। उनका कहना है कि सरकार का विकास उनके अपने विकास को प्रभावित कर रहा है। सबसे ज्यादा पीड़ा तो तब होती है जब योजनाओं के गुणगान के दौरान नेता जी सीधे-सीधे वोट मांगने लगते हैं। इस दौरान जिनकी जेब से यह सब इंतजाम करने में रुपया खर्च होता है, उन्हें इस तम्बू में बैठने की जगह तक नहीं मिलती है। एक ओर सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करती है, तो वहीं ऐसे कार्यक्रमों में लाखों रुपया खर्च हो रहा है। जो खर्च करेगा, वह कहीं न कहीं, किसी से तो इसकी भरपाई करेगा।अगर वह ऐसा नहीं करता है, उसे अपना घर बेचकर लगाना पड़ेगा। स्वभाविक है कि ऐसे में भ्रष्टाचार कम होने की बजाय और अधिक बढ़ेगा।

## खबरें चलते-चलते

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन का बैनामा कराया

**चेक पर साइन कराकर पेमेंट भी निकाला**

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम ललोर राजपूताना निवासी अतुल कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह ने आरोपी धर्मेंद्र पुत्र दुर्ग पाल सिंह, पत्नी ललिता देवी निवासी ललौर राजपूताना थाना शमशाबाद, शशि प्रताप पुत्र अशोक सिंह निवासी सलेमपुर थाना नवाबगंज समेत तीन लोगों के खिलाफ फर्जी बाड़ा तथा जालसाजी के तहत जमीन का बैनामा करा लिए जाने विरोध करने पर जानमाल की धमकी को लेकर थाना पुलिस को तहरीर दी गई दी गई। तहरीर में कहा गया उक्त लोगों द्वारा जालसाजी के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए एवं दी गई चेकों पर हस्ताक्षर भी कराए गए तथा जालसाजी के तहत बैंक से भुगतान भी ले लिया गया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी, जालसाजी तथा गुंडागर्दी के बल पर जमीन हड़प ली। जब पीड़ित ने 04 नवंबर को खेत का असली बैनामा कराने को कहा, तो पीड़ित के अनुसार जब आरोपियों को इस जालसाजी का पता चला, तो उसने विरोध करते हुए कहा तुम लोगो ने झूठे व फर्जी कागजात बनवाये, तो आरोपी भड़का गए और गाली-गलौज करते हुए जानमाल की धमकी देने लगे तथा कहा उक्त जमीन पर अब हमारा कब्जा हो चुका। तुम लोग कुछ नहीं कर सकते। अगर कहीं शिकायत की, तो जान से मारकर शव भी गायब कर देंगे। पीड़ित के अनुसार उक्त लोग दबंग व गुंडा प्रवृत्ति के हैं। कभी भी पीड़ित की हत्या कर जमीन हड़प सकते हैं। पीड़ित ने दबंग आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### 16 जनवरी को रैम्प पर कैटवॉक करेंगी सुंदरियां


ऑडीशन में चयनित युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 20वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली मिस, मिस्टर एवं मिसेज इण्डिया मिस, मिस्टर एवं मिसेज उत्तर प्रदेश, मिस, ग्राण्ड इण्डिया, मिस प्रिटी इण्डिया, मिस एवं मिस्टर कानपुर रीजन, मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद के ताज के लिए रेम्प पर आकर्षक पांच ड्रेसों में प्रतिभागी कैटवाक करेंगे। कार्यक्रम में 16जनवरी को आयोजित होने वाली ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों की चयन प्रक्रिया जारी है। कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, नोएडा, आगरा, मथुरा, झांसी, दिल्ली, गोरखपुर, मेरठ, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से प्रतियोगियों ने आवेदन किये हैं। ऑनलाइन और वेन्यू ऑडीशन दोनों की सुविधा दी गई है। ऑनलाइन और वेन्यू ऑडीशन दोनों के आधार पर प्रतियोगियों का चयन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में फैशन डिजायनर, इन्जीनियर, वकील, एम0बी0ए0,और स्नातक, स्नातकोत्तर प्रतिभागियों ने आवेदन किये है। ये सभी मॉडलिंग में अपना भविष्य बनाना चाहते समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने बताया कि इन सभी ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी रैम्प पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये तैयारी कर रहे हैं। 20वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव में 16 जनवरी को रैम्प पर मॉडल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। मिस्टर फर्रुखाबाद, मिस्टर कानपुर रीजन, मिस्टर उत्तर प्रदेश के लिए भी युवाओं के आडीशन जारी हैं। युवक अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार हैं।

# क्रिसमस पर्व के मद्देनजर एफएसडीए द्वारा जांच हेतु 05 नमूने संग्रहित किए गए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी के** आदेश के अनुपालन में आगामी क्रिसमस पर्व के दौरान विशेष रूप से विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थ जैसे केक, पेस्ट्रीएँ, विभिन्न फ्लेवर के स्पेशल क्रिसमस ड्राई केक्स सहित अन्य बेकरी उत्पाद व इनके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ मैदा, क्रीम, कोकआ पाउडर, चॉकलेट, सिरप, ऐसेन्स, फ्लेवरिंग ऐजेन्ट, क्रीम में प्रयुक्त होने वाले कलर तथा बाजार में बिकने वाले विभिन्न प्रकार के रेडी टू मेक केक मिक्स में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभियान में शनिवार को सहायक आयुक्त (खाद्य द्वितीय) सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा 'रेलवे रोड कायमगंज पर स्थित इरशाद मंसूरी पुत्र छग्गन मंसूरी के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स खुशबू बेकरी से खाद्य पदार्थ खाद्य रंग केसर यलो व मैदा का एक-एक नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। मतलूब मार्केट कायमगंज पर स्थित मोहम्मद महफूद पुत्र मोहम्मद जलालुद्दीन के खाद्य प्रतिष्ठान वेल टेस्ट जोन बेकर्स एण्ड कैफे से खाद्य पदार्थ प्रीमियम डार्क कम्पाउण्ड स्लैब (ब्राण्ड डेनाली) का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।'रेलवे रोड कायमगंज पर स्थित पवन अरोरा पुत्र जगत राम अरोरा के खाद्य प्रतिष्ठान न्यू मार्डन बेकरी पिज्जा हाउस से खाद्य पदार्थ का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। कमल मार्केटए ट्रांसपोर्ट चैराहा कायमगंज पर स्थित विपिन कुमार पुत्र दफेदार सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान द केक फास्ट बेकर्स से खाद्य पदार्थ केक का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। कुल 05 नमूने संग्रहीत किये गये।


नमूने संग्रहीत करती खाद्य सुरक्षा टीम — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने छापा मारकर पकड़ी 700 लीटर लहन, एक गिरफ्तार


कच्ची शराब बरामद करने के बाद जानकारी देती पुलिस

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में बरामद नष्ट कर दिया तथा एक युवक को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद व आबकारी निरीक्षक ने मय फोर्स के साथ ग्राम तकीपुर थाना मोहम्मदाबाद में दविश देकर 24 पिपिया सहित करीब 700 किलो लहन बरामद कर नष्ट किया और अनिल पुत्र सूरज निवासी तकीपुर थाना मोहम्मदाबाद के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर की। पुलिस के छापा मारने की भनक लगते की ही लोग मौके से फरार हो गये। पुलिस का कहना है कि कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कच्ची शराब बनाने वाले कारोबारियों को शराब की बिक्री नहीं करने दी जायेगी।

# चौ. चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्व0 चौधरी** चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस पर ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, जिला अध्यक्ष भाजपा रुपेश गुप्ता, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जनपद के प्रगतिशील 64 किसानों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने के लिए जैविक आधारित प्रकृति खेती व नमी संरक्षण को बढ़ावा दिए देना चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्मानित किए गए किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करें व अन्य कृषकों को भी जागरूक करें। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कमालगंज व थाना जहानगंज में जनसमस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।


किसानों को संबोधित करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

### दबंगों ने प्रधान पुत्र को पीटा, दी जानमाल की धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम सहसा जगदीशपुर निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र संग्राम सिंह वर्तमान में प्रधान हैं। उन्होंने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमारे परिवार के ही दबंग खेत में बिजली के लट्ठे जबरदस्ती गाड़ रहे थे। मेरे मना करने पर उक्त लोगों ने मुकेश, राजेश पुत्र दुशासन, नीशु, नागेश पुत्र राकेश कुमार ने पीड़ित एवं उसके पुत्र विशाल कुमार के साथ गाली-गलौज किया। गाली देने से मना करने पर मारपीट की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# एसीएमओ ने छापा मारकर आधा दर्जन अस्पतालों की ओटीपी की सील

- जारी किया नोटिस, बोले स्पष्टीकरण न देने पर दर्ज होगा मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एसीएमओ ने** नगर के करीब आधा दर्जन अस्पतालों में छापा मारकर अनियमिततायें मिलने पर अस्पतालों की ओटीपी को सील कर दिया। इस छापामारी अभिान से अस्पताल संचालकों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गौतम रंजन ने शनिवार को श्याम खाटू श्याम हॉस्पिटल, सिद्धार्थ हॉस्पिटल, राममूर्ति हॉस्पिटल, जय माँ लक्ष्मी हॉस्पिटल के अलावा अन्य कई अस्पतालों में छापा मारा। जांच के दौरान आपरेशन थियेटर अंडरग्राउंड मिलने पर सभी अस्पताल को सील कर दिया। साथ ही सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने की बात कही। एसीएमओ ने बताया कि यदि निर्धारित समय सीमा में अस्पताल संचालकों द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है, तो सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। मानकविहीन अस्पताल किसी को संचालित करने की छूट नहीं दी जायेगी। सरकार के मानक के अनुसार ही अस्पताल संचालन की छूट होगी। एसीएमओ की ताबड़तोड़ छापेमारी से अस्पताल संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गयी।


अस्पताल की ओटीपी सील करते एसीएमओ — समृद्धि न्यूज

# लोडर चालक पर मारपीट कर गोलक से 44150 रुपये पार करने का आरोप

- दूसरे पक्ष ने भी मारपीट कर 62 हजार रुपये निकाल लेने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लोडर चालक** ने धान को बोरों से धान निकालकर बेच लिये। जब उससे कहा, तो वह गंदी-गंदी गालिया देते हुए मारपीट करने लगा। वहीं दूसरी पक्ष ने भी 62 मारपीट कर 62 हजार रुपये छोटा हाथी से निकाल लेने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस मारपीट का मामला बता रही है। पीड़ित महिला वसुधा देवी पत्नी श्यामवीर ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह ग्राम टीका नगला थाना मऊदरवाजा की निवासिनी है। ग्राम बरौन में उसकी गल्ले की दुकान है। दिनांक 21 दिसंबर को सुबह लगभग 10 बजे धान के 52 पैकेट बरौन के रहने वाले विक्रम कश्यप पुत्र मनोज के लोडर पर रखकर सातनपुर मंडी स्थित रिंकू गुप्ता की दुकान पर बिक्री करने के लिए ले गये थे। इस पर 52 पैकेट में से इसने हर पैकेट से 4-5 किलो हर पैकेट से निकालकर बिना मेरी जानकारी के बेच दिये। कुल 52 पैकेट में से लगभग उसने 2.5 कुंतल धान चोरी कर बेच दिये। जब मेरे पति जो दोनों पैरों से विकलांग हैं किसी तरह रिंकू गुप्ता की आढ़त पर गये और धान का वजन कराया, तो धान के कम होने की जानकारी हुई। विक्रम को मेरे पति द्वारा फोन करने पर उसने अपने मोबाइल बंद कर लिया। तब रिंकू गुप्ता ने वजन के हिसाब से धान के 44150/- रुपये मेरे पति को दे दिये। जिन्हें लाकर पति ने दुकान की गोलक में रख दिये। दिनांक 21 दिसंबर को ही समय लगभग शाम के 07 बजे विक्रम शराब के नशे में मेरी दुकान पर आया। जब पति ने धान कम होने की बात कही, तो कहासुनी होने लगी। जिस पर उसने मेरे पति को गंदी-गंदी गालियां दीं तथा मारपीट करने लगा। जब दुकान पर मौजूद मेरे 13 वर्षीय पुत्र आयुष ने बीच बचाव का प्रयास किया, तो विक्रम ने मेरे पुत्र को भी मारापीटा। दुकान की गोलक में रखे 44150/- रुपये निकाल लिये तथा जान से मारने व दुकान न खोल पाने की धमकी देता हुआ चला गया।

वहीं दूसरी ओर से पीड़ित विक्रम पुत्र मनोज निवासी ग्राम बरौन थाना मऊदरवाजा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि श्यामवीर की आढ़त पर उसके बुलाने पर अपने भाड़े के 500/- रुपये लेने गया था। जब वह आढ़त पर पहुंचा और श्यामवीर से रुपने देने के लिए कहा, तो श्यामवीर व उसके तीन अन्य साथियों ने प्रार्थी को गंदी-गंदी गालियां दीं। जब मैंने गाली-गलौज करने से मना किया, तो मुझे लात-घूसों, डंडों व सरियों से मारापीटा तथा मेरे छोटा हाथी में रखे 62 हजार रुपये उपरोक्त लोगों ने निकाल लिये और भाग गये। मारपीट में हमारे शरीर में कई जगह चोटें आयी हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# पीड़िता की दुकानों में दबंगों ने किया कब्जा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम गनीपुर निवासिनी मोरश्री पत्नी श्यामलाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी गाटा संख्या 1060, रकवा 0.120 हेक्टर अलीगंज रोड कस्बा बाईपास नवाबगंज में तीन दुकानें बनी हैं। जिसमें पीड़िता का गृहस्थी का सामान रखा हुआ है। जहां पर पीड़ित चाट पकौड़ी बनाकर बेचने का काम करती है तथा परिवार सहित दुकानों में ही रहती है। 13 दिसंबर को पीड़िता अपने घर गनीपुर चली गयी थी, तभी सचिन, अवधेश पुत्र अनोखेलाल, राधा पत्नी अनोखेलाल ने दुकानों का ताला तोड़कर पीड़ित का सारा सामान कढ़ाई तथा बर्तन, चारपाई, बिस्तर आदि निकाल लिए और दुकानों में कब्जा कर रहने लगे। हमारा मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। घटना के साक्षी रमेश, महेशवर दयाल हैं। इससे पहले भी महिला ने कई बार थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अभी तक दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पायी।

**हड़कंप** — पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप, दौड़कर वृद्ध को पकड़ा

# समाधान दिवस में किसान ने डीएम के सामने आत्महत्या का किया प्रयास

- डीएम ने राजस्व कर्मी तथा पुलिस को समस्या का समाधान करने के दिये निर्देश
- समाधान दिवस में पांच प्रार्थना पत्र आये है, सभी में टीमें मौके पर रवाना की गयीं

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना परिसर** में जिला अधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गांधीनगर भटपुरा निवासी पंचम लाल, भगवान दास तथा सोनपाल की पुत्री लाली ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसके परिवार के लोग उसकी लगभग 13 बीघा जमीन पर कब्जा किए हैं। जो जमीन को खाली नहीं कर रहे हैं। जब वह खेत को जोतने जाते हैं तो सभी लोग जान से करने का प्रयास करते है। जिलाधिकारी के सामने पंचम लाल, भगवान दास, लाली पुत्री सोनपाल ने परिवार के ही सतीश, राज किशोर तथा पप्पू आदि पर आरोप लगाया की अन्य खेतों में उसकी आलू की फसल खड़ी है। जिसमें यह लोग सिंचाई भी नहीं करने दे रहे हैं। ऐसे में उसकी आलू की फसल सूख रही है। उधर गांव सुमित्रापुर निवासी पिंटू विकलांग ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया की उसके ही मकान पर उसके ही परिवार के फूल सिंह उर्फ पप्पू कब्जा किए हैं। जो की कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। इसके साथ राजस्व के तीन प्रार्थना पत्र और आये। जिलाधिकारी ने तत्काल टीमों को मौके पर भेजकर समस्याओं का निस्तारण करने के लिए भेजा।


समाधान दिवस में समस्यायें सुनते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# मानव श्रृंखला बनाकर धूमधाम से मनायी गई गीता जयंती

> विद्यालयों में 18 श्लोकीय जीवन विकास पाठ का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्रीमद् भगवत** गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा शनिवार को गीता संदेश मानव श्रृंखला महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज में शैक्षिक एवं समाजिक संस्थाओं ने हाथ मिलाकर भागीदारी की। मानव श्रृंखला में अधिकारियों के अलावा जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, एमआईसी के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर, जीआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य व एनसीसी कैडेट्स व स्काउट गाइड के बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए हाथ मिलाकर मानव श्रृंखला मनायी। गीता जयंती उत्सव में शामिल होकर सभी ने संदेश दिया। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। विश्व के सर्वश्रेष्ठतम ग्रंथ गीता के स्वाध्याय द्वारा चरित्रवान सवगुण सम्पन्न भक्ति में ओतप्रोत कर्मशील समाज द्वारा विकसित भारत सपना साकार करने के लिए श्रीमद् भगवत गीता जयंती आयोजन समिति के तत्वाधान में मनायी गई। श्रीमद् भगवत गीता जयंती आयोजन समिति के संयोजक जितेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शैक्षिक वातावरण के साथ विद्यालय से सहयोग की अपेक्षा की थी। जिसके चलते सभी विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर गीता जयंती मनायी गई। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्यालयों की सहभागिता एवं 18 श्लोकीय जीवन विकास पाठ कराकर विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ा है। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत विश्व गुरु बने, हमारी संस्कृति विश्वव्यापी हो, हमारी युवा पीढ़ी, सनातन धर्म व सनातन संस्कृति एवं सनातनी जीवन मूल्यों के प्रति गौरव का भाव बढ़े। इस उद्देश्य के साथ लगभग 50 हजार आमजनों व विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर 51 किलो मीटर की लम्बी मानव श्रृंखला मनायी गई। जो विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुई। संघ के विभाग प्रमुख पालक अधिकारी उमेश गुप्ता ने भी पहुंचकर व्यवस्था देखी और श्रृंखला बनाकर भागीदारी की। शहर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रतिभाग किया। जिसमें रेडियंटो हॉस्पिटल, जीजीआईसी फतेहगढ़, जीआईसी फतेहगढ़, रखा बालिका इंटर कालेज, जनता इंटर कालेज, मूसाखिरिया इंटर कालेज, सीपी विद्या निकेतन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह, गिरिजा शंकर, अनिल सिंह, योगेश तिवारी व अल्का सिंह, नेहा मिश्रा मौजूद रही।


मानव श्रृंखला बनाकर गीता जयंती मनाते संयोजक व प्रधानाचार्य एवं अन्य

# राष्ट्रीय लोकदल ने मनायी चौधरी चरण सिंह की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाते लोकदल के लोग

**राष्ट्रीय लोकदल** के जिलाध्यक्ष रामनिवास शाक्य ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती ग्वालटोली स्थित उनके आवास पर मनायी गई। चौधरी चरण सिंह ने मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक का सफर कर किसानों के मसीहा बने। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने जिन मूल्यों की स्थापना की वह राजनीति में संस्कार के रुप में बनी रही। पांच वर्ष की आयु में उन्होंने किसानों की समस्याओं से साक्षात्कार किया था और आगे चलकर उन्होंने गरीबों व शोषितों की आवाज उठाकर देश के प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। 15 मई 1983 को ऋण निवृत्ति बिल संयुक्त प्रांत उत्तर प्रदेश की धारा में पारीत कराया। जिससे लाखों किसानों के ऋण मुक्त हुए। विधानसभा में जमीदारी उनमूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम लागू कर जमीदारी प्रथा को समाप्त किया। 1953 से चली आ रही पटवारी व्यवस्था को समाप्त कर लेखपाल व्यवस्था लागू कर किसानों को मुक्ति दिलायी। कृषि आय अधिनियम समाप्त किया। 1961 में गृहमंत्री के पद पर रहते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिये और 1970 को प्रदेश के पुनः मुख्यमंत्री बने। उन्होंने तम्बाकू की खेती पर अबकारी शुल्क समाप्त किया था। उनकी जयंती पर उन्हें याद किया। इस मौके पर अमित प्रकाश, सुमित प्रकाश, विकास कुमार, आदर्श सक्सेना, एंजल, राहुल वर्मा, अरविन्द सक्सेना, सुनील कुमार, विकास कुमार शाक्य, सुरेश चन्द्र आर्य, रामप्रकाश, विभान आदि लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने कैम्प लगाकर जनता की सुनी समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


जनता की समस्या सुनते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का पहला कैम्प नुनहाई स्थित बड़े बूढ़े हनुमान मंदिर के पास लगाया गया। कैंप के प्रभारी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अमित यादव ने व्यवस्था देखी। कैम्प में रजत क्रांतिकारी खुर्शीद अहमद, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी आदि लोगों ने जनता की समस्यायें सुनी और दूरभाष पर अधिकारियों को सूचित किया। मोहल्ले के राजू बाथम ने बताया कि हमारी गली में लगा हैंडपंप का पानी गंदा आ रहा है। इसकी शिकायत नगर पालिका में कई बार की है अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस संबंध में ईओ रविन्द्र कुमार को बताया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र समस्या का निस्तारण होगा। वहीं सुधा देवी और नीलम ने बताया कि गली में पानी भरा रहता है, विद्युत लाइन की केबिल नीचे बनी रहती है। मुकेश दुबे ने कहा कि कई बार राशन कार्ड बनवाने के लिए चक्कर काट चुका हूं, अधिकारी नहीं सुन रहे है। कांति सिंह ने कहा कि मोहल्ले में साफ-सफाई ठीक नहीं हो रही है। जिसको लेकर फोन पर सफाई नायक से बात हुई और निस्तारण कराया गया। अमित शर्मा उर्फ काके ने बताया कि मेरा विद्युत बिल ज्यादा आ रहा है। इसका निस्तारण किया जाये। इस मौके पर मनोज बाथम, पप्पू यादव, हरषु तिवारी, राणा मिश्रा, सीताराम खंडेलवाल, राजीव शुक्ला, रानू तिवारी, राजीव त्रिवेदी शुभम आदि लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से सूचित किया गया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने बताया कि दूसरा कैम्प बजरिया पोस्ट आफिस के पास लगाया जाएगा।

# जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** घेराबंदी कर चल रहे जुएं के अड्डे से 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 5540 रुपये की नगदी सहित आदि सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के उप निरीक्षक प्रशांत कुमार अपने हमराह हरि शंकर कटियार, सुभाष, अवधेश, धर्मेंद्र सिंह, लायक सिंह, नफीस अहमद के साथ चौकी बजरिया क्षेत्र में वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला शमशेर खानी के पास बेरियो वाला कब्रिस्तान में जुआ का अड्डा चल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से सात लोगों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र महेश निवासी बहादुरगंज, संतोष पुत्र राजाराम निवासी गढ़ी मुकीम खां, सलीम पुत्र जहीर निवासी हाता इस्लाम खां, लालू पुत्र जब्बू निवासी रकाबगंज, जाबिर पुत्र अख्तर अली निवासी हाता महमूद खां, टिंकू पुत्र विश्राम सिंह निवासी बीबीगंज, दीपक पुत्र नन्हकू निवासी खंदिया अहमदगंज बताया। सभी के पास से कुल नगदी 5540 व ताश पत्ता आदि सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज का चालान कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### सम्मेलन को लेकर प्रधानाचार्य परिषदीय की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक शनिवार को नारायण आश्रम पांचाल घाट पर प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रदेश कार्यकारिणी एवं लगभग 47 जनपदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श हुआ तथा सभी ने सर्वसम्मति से यह कहा कि संगठन के लिए निष्ठावान और सक्रिय तथा अनुभवी प्रधानाचार्यो को दायित्व दिया जाए, ताकि संगठन को मजबूती मिल सके। पदाधिकारीओ ने कहां कि जिन प्रधानाचार्यों का कार्यकाल अभी 2 वर्ष या अधिक अवशेष है, उन्हें पहले वरीयता दी जाए, ताकि कार्यकारिणी में सभी को अवसर मिल सके। प्रान्तीय अध्यक्ष कार्यकारी राजेश कुमार अग्निहोत्री ने बताया शैक्षिक संगोष्ठी का प्रमुख विषय माध्यमिक शिक्षा में उन्नयन एवं गुणवत्ता तथा नई शिक्षा नीति पर प्रदेश भर से पधारे प्रतिनिधि प्रधानाचार्य चर्चा करेंगे। रविवार को होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में प्रदेश भर से विद्वान शिक्षा मनीषी प्रधानाचार्य भाई बहिनो के आने की सूचना प्राप्त हो रही है। सम्मेलन में 18 मण्डलों के अध्यक्ष एवं प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। भारत स्काउट गाइड के प्रांतीय चुनाव में प्रभात कुमार द्वारा की गई धांधली की निंदा की गई। बैठक में बृजेश शर्मा, राजेश कुमार अग्निहोत्री, डॉ0 आजनेय सहाय अवस्थी, डॉ0 विश्वनाथ दुबे, डॉ0 अखिलेन्द्र त्रिपाठी, डॉ0 जेपी मिश्रा, डॉ0 एचएन उपाध्याय, डॉ0 सुरेश रस्तोगी, डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 जितेंद्र पटेल, डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, अवनीश कुमार उपाध्याय, सुनील मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, विनोद शर्मा, जगदीश शर्मा, अनिल सिंह, बृजभूषण सिंह, डॉ0 योगेश तिवारी, राघवेंद्र मिश्रा, विश्व मोहनी पांडे, इंदु मिश्रा, सुमन त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, राकेश गुप्ता, विनीत चौहान, बलविंदर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएन डिग्री कालेज में गीता के श्लोकों की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में गीता जयंती मानव श्रृंखला बनाकर मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने की। मुख्य अतिथि डा0 मुकेश सिंह राठौर ने कहा कि लोगों को गीता में वर्णित उपदेशों के महत्व को जानना चाहिए। प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने छात्र-छात्राओं को गीता ग्रंथ के श्लोक व उसकी उपयोगिता के बारे में समझाया। डा0 विनोद तिवारी ने महाभारत एवं गीता के सार विषय में प्रकाश डाला। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रज्ञा मिश्रा ने किया। गीता जयंती के अवसर पर संस्कृत के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मान्धाता यादव, अनन्या दुबे, कल्पना, दिव्या पाण्डेय ने गीता के श्लोकों का वाचन किया। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में पट्टिका लेकर रैली में प्रतिभाग किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. सतेन्द्र मिश्रा, डा. अजहर जुनैद आलम, डा. पंचम कुमार, डा. मोहम्मद अमीन, डा. अशोक कुमार शर्मा, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अमानिका मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

### जनपद की पुष्कर कराटे टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते 13 पदक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद की पुष्कर कराटे टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 13 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। पुष्कर कराटे टीम के कोच पारस भारद्वाज ने अपनी टीम का 16 व 17 दिसम्बर को वनारस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया। जिसमें जनपद के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए 17 पदक अपने नाम किये। टीम के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व लगन से मैडल जीते। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश में 18 राज्यों की टीम पहुंची थी। मेहन व लगन के चलते कृष्णा गुप्ता ने सवर्ण पदक, अर्पिता भरद्वाज ने स्वर्ण पदक, पाखी सक्सेना ने स्वर्ण पदक, अभ्या मिश्रा ने स्वर्ण पदक, पुष्कर भरद्वाज ने भी स्वर्ण पदक ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं निष्ठा मल्होत्रा, बित्थल वर्मा, उमंग तिवारी, अमन वर्मा ने रजत पदक जीता। दीक्षा गौर, तनवी मिश्रा, शौर्य प्रताप, आदित्य पाल ने ब्रांच पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता में कुल 5 स्वर्ण, 4 रजत व 4 ब्रौन्च पदक प्रप्त करके जनपद का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धी पर मुख्य प्रशिक्षक पारस भरद्वाज ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ये केवल इन खिलाड़ियों की ही जीत नहीं है, बल्कि ये हम सब की जीत है। और ये ही खिलाड़ी आने वाले समय के भविष्य है। मेहनत व लगन से पदक पाने वाले खिलाड़ी बधाई के पात्र है। इस उपलब्धि पर संजीव कटियार, ठाकुर सरबेन्दर सिंह, ठा0 संजय प्रताप सिंह, लालजी सक्सेना, सतीश तिवारी, पप्पी गुप्ता, प्रतिष्ठा ठाकुर, शिवानी मिश्रा आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### बियर की दुकान पर चोरी से जलती मिली बिजली, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान बियर की दुकान पर विद्युत चोरी जलती मिली। दुकान संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी लाइनमैन राजकुमार उर्फभोला के साथ उप निरीक्षक प्रभारी प्रवर्तन दल धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक जयवीर सिंह, सिपाही कैलाश बाबू, गुलशन पाल के साथ विद्युत चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान ग्राम अहियापुर कोतवाली कायमगंज निवासी प्रदीप गुप्ता पुत्र श्यामसुंदर गुप्ता बियर की दुकान पर विद्युत जांच के दौरान पाया कि सीधे लाइन जोड़कर बिजली चोरी कर रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


कार्यक्रम में मौजूद अश्नील दिवाकर व अन्य

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत आवाजपुर में 12 विभागों के कर्मचारी, खंड विकास अधिकारी व बढ़पुर विकासखंड के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना जात-पात व क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर कार्य कर रही है। देश के अंतिम छोर पर बैठे लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। अभिषेक बाथम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त हुई है। इस मौके पर किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शेर सिंह शाक्य, मंडल महामंत्री पंकज पाल, राजेंद्र चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एवं विभागों के अधिकारी व कर्मचारी ने जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत पंजीकरण किये।

# जीआईसी राजेपुर में द्वितीय सोपान शिविर का हुआ समापन

> जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं, व्यंजन व टेंट की सराहना की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


व्यंजन का स्वाद लेते जिला विद्यालय निरीक्षक

**राजकीय बालिका** इंटर कालेज राजेपुर में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प का समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के द्वारा सर्वप्रथम लॉर्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए ईस प्रार्थना और झंडा गीत कराया। जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा ध्वज शिष्टाचार करते हुए ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रिचा यादव, हिमांशी चितेरीया और श्वेता देवी के अलावा प्रशिक्षण टीम से जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सभी सभी बालिकाओं को गाइड का प्रशिक्षण देते हुए विभिन्न प्रकार की गांठे और बंधन के बारे मे प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने अपनी टीमों द्वारा 12 तंबुओं का निर्माण करते हुए सजाया है। साथ ही अलंकारिक अभिलेख के साथ रंगोली बनाकर गुब्बारों से सजाया है। टेंट के अंदर अध्ययन कक्ष व पूजा स्थल की अतिथियों ने सराहना की। डीआईओएस ने बच्चों द्वारा बनाये गये व्यंजनों का स्वाद लिया। साथ ही टीमों के नाम पुष्पों के नाम से रखे गये।

विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के सचिव डॉ0 महेश राजपूत द्वारा गहनता से उनके टेंट का निरीक्षण किया तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षण में के द्वारा सीखे गए ज्ञान को भी परखा। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन एवं भविष्य में निकलने वाली नौकरियों में भी विशेष महत्व रहता है। यह ट्रेनिंग लेते हुए जीवन में स्काउटिंग के नियम और प्रतिज्ञा को धारण करें, तथा प्रतिदिन एक भलाई का कार्य करते हुए अपने जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित करें। साथ ही बच्चे अपने जीवन में इन उद्देश्यों का पालन करें और दूसरों की सहायता करें। प्रधानाचार्य रिचा यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परमात्मा अति सूक्ष्म ज्योति बिंदु स्वरूप है: दीपा दीदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद द्वारा रतन गोल्ड स्टोर कादरी गेट में पांच दिवसीय कथा का शुभारंभ ओम की ध्वनि मेडिटेशन के साथ किया गया। राज योगिनी ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने कहा अब तो जाग सजनिया जाग भजन के साथ। इस संस्था के संस्थापक दादा लेखराज के तन में शिव का अवतरण 1937 में हुआ। ओम मंडली से प्रारंभ होकर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय 165 देश में सेवा केन्दों द्वारा सद्गुणों, नैतिकता, चरित्रता, दिव्यता आदि गुणो के साथ विश्व परिवर्तन का कार्य तीव्र प्रगति पर चल रहा है। आत्मा ही परमात्मा नहीं बरन ब्रह्म के रहने का स्थान है। जिसे ब्रह्मलोक कहा जाता है। परमात्मा कण-कण में नहीं है, परंतु कण जैसा है। परमात्मा अति सूक्ष्म ज्योति बिंदु स्वरूप है, गुणो का सिंधु है, कल्याणकारी है, तीन देवों की रचना करने वाला है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की स्थापना, विष्णु द्वारा पालना, जब सृष्टि तमोप्रधान हो जाती है तब शंकर के द्वारा विनाश होता है। उन्होंने बताया भगवान ने स्वर्ग बनाया है, जहां पर देवताओं का निवास होता है, देह अभिमानी होने से पूज्य से पुजारी बन गए। सभी धर्म ने ईश्वर को ज्योति बिंदु स्वरूप में स्वीकार किया, जो सर्वधर्म मान्य हो, सर्वोच्च सर्वोपरि हो उसे ही परमात्मा कहा जा सकता है। परमात्मा जन्म मृत्यु से परे है। प्राकृतिक बंधनों से भी परे है, शत रजतम तीनों गुना से परे हैं, गीता के अध्याय 15 में उन्होंने भजन के द्वारा बताया भगवान तुम्हारी महिमा को हम जन-जन तक पहुंचा देंगे, जो तुम्हें ढूंढते कण-कण में हम उन्हें सद्गुण सिखला देंगे। हम ज्ञान चक्र देकर के सबके हृदय में ज्ञान का दीप जगा देंगे। गीता के अध्याय 10 के श्लोक 3 में परमात्मा को अजन्मा इंद्रियों से मुक्त कहा गया है। धर्म की स्थापना के समय अधर्मियों का विनाश करता हूं। दिनचर्या के बीच में थोड़ा-थोड़ा समय मेडिटेशन करें, संभावना प्रकृति को धन्यवाद करें।

नन्हे मुन्ने बच्चे वर्षा, स्नेहा, पीहू, आकांक्षा, साक्षी, पिंकी, खुशी, सुधा, ज्योति, जाह्नवी, निराली, राधा-कृष्ण, नंद यशोदा देवी देवकी वासुदेव की सुंदर-सुंदर झांकियां का मंचन किया। माखन चुराना, मटकी फोड़ना, माखन खाना, भोलेनाथ, देवी देवताओं की झांकियां का भाई-बहनों माता ने लुत्फ उठाया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रामावतार कुशवाहा, कमलेश, कन्हैया लाल जैन, महेश पाल उपकारी, कैप्टन विजय आरवी सिंह, उपासना, रानी ने पुष्प माला शाल आदि के राजयोगिनी दीपा दीदी का स्वागत किया। बीके निलेश, सुआलाल मिश्र ने संचालन किया। इस अवसर पर हरि, सत्येंद्र, उमाशंकर, अविनाश, सुनील अवस्थी, आरबी सिंह रावत, अंगद, शिवम पांडे, उषा, पूनम, एकता, गीता, ज्योति, अंजलि, सौम्या, पूजा, माधुरी, मनीषा, राधा, मधु, मिथिलेश, ज्योति सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एसएस पब्लिक स्कूल में मानव श्रृंखला बनाकर मनाई गई गीता जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में गीता जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर गीता के उपदेशों को अंगीकार करने का सन्देश दिया। कमेटी की मैनेजर अनुपम अवस्थी ने बच्चों को गीता के मूल उपदेशों पर व्याख्यान दिया। संस्था चेयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी तथा प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने गीता के उपदेशों की सीख और कृष्ण द्वारा बताए गए। कर्म योग के मार्ग पर प्रकाश डाला और श्रीकृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके दृढ़ संकल्पो का व्याख्यान किया। डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रिया सक्सेना, लक्ष्मी मिश्रा तथा सोनू सिंह, रिया आदि ने व्यवस्था संभाली। विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


मानव श्रृंखला बनाकर गीता जयंती मनाते बच्चे

# छात्राओं ने गीता जयंती पर संदेश कार्ड पढ़कर बनायी मानव श्रृंखला

> प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं को सुनाया गीता का श्लोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गीता संदेश पढ़ती छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

**मदन** मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भगवत गीता जयंती का आयोजन विद्यालय प्रांगण में गीता संदेश मानव श्रृंखला बनाकर किया गया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने बताया कि गीता जयंती 17 दिसम्बर से 22 दिसम्बर के मध्य प्रार्थना सभा, छात्राओं में प्रतिदिन गीता स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में मानव श्रंखला संयोजिका अनीता सिंह व स्मृति दुबे ने आयोजित करायी। छात्राओं ने गीता संदेश प्ले कार्ड घर से लाकर रचनात्मक श्रीमद् भगवत गीता के प्रति संदेश लिखे। इस मौके पर शिक्षिका पूनम शुक्ला, अंजली यादव, अर्चना कपूर, नमिता ने मानव श्रंखला की व्यवस्था देखी। सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं लिपिक एवं कर्मचारियों के सहयोग से मानव श्रंखला का निर्माण कर श्रीमद् भगवत गीता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आवाह्न किया गया। इस मौके पर दर्शना शुक्ला, नेहा सक्सेना, दर्शना आर्या, राधा दीक्षित, पारुल मिश्रा, अर्चना देवी मौजूद रही।

## क्रिसमस ट्री सेलीब्रेशन — कैंडिल लाइट सर्विस व क्रिसमस ट्री सेलीब्रेशन का हुआ आयोजन

# गुनहगारों को देने सहारा आया चरनी में तारनहारा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बड़े दिन** के उपलक्ष्य में मसीह समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के क्रमे में शनिवार को देर रात यूथ कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के पूर्व सीएनआई चर्च बढ़पुर में गीत गाकर क्रिसमस त्योहार मनाया। पादरी जयपाल मैसी के निर्देशन में बढ़पुर स्थित सीएनआई चर्च को रंग बिरंगी लाइटों व झालरों से सजाया गया। साथ ही क्रिसमस ट्री सेलीब्रेशन हुआ। देर रात में कैंडिल लाइट सर्विस आयोजित हुई। सभी मसीह समाज ने गीत गाया गुनहगारों को देने सहारा आया चरनी में तारनहारा, गीत गाकर सेलीब्रेशन किया गया। पादरी जयपाल मैसी ने यूथ कमेटी के सदस्यों के साथ प्रभु यीशु के लिए संदेश पढ़ा और कहा कि इस उत्सव को सब मिलजुलकर मनायें। जब प्रभु ने हमें इस धरती पर भेजा है, तो हमारे पापों का नाश होगा और सबके सुख दुख में भागीदारी के साथ क्रिसमस त्यौहार मनायेंगे। हम सब लोगों का कर्तव्य है कि गरीब व असहायों की मदद करें। यही प्रभु यीशु का संदेश था। गीतों की गुनगुनाहट के साथ यूथ कमेटी के सदस्यों के उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर व्यवस्था प्रियंका मैसी व आदित्य रोहित सहाय ने देखी। वहीं आल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में भी क्रिसमस ट्री सेलीब्रेशन सम्पन्न हुआ। सिटी चर्च फर्रुखाबाद में पादरी स्टीफान मसीह की मौजूदगी में यूथ कमेटी के सदस्यों ने गीत गाकर सेलीब्रेशन किया। साथ ही गिरजाघर को सजाकर कैरल सिंगिंग आयोजित की। व्यवस्था मुकेश डेविड व रंजीत मसीह ने देखी। फतेहगढ़ स्थित रखा चर्च में यूथ कमेटी द्वारा चर्च को सजाया गया।


कैंडिल लाइट सर्विस के दौरान गीत गाते यूथ कमेटी के सदस्य — समृद्धि न्यूज


दुल्हन की तरह सजा चर्च — समृद्धि न्यूज

# अफगानिस्तान सीरीज से बाहर हुए सूर्यकुमार यादव!

**मुंबई, एजेंसी।**

टीम इंडिया की तैयारी टी20 वर्ल्ड कप का जोरो शोरों पर हैं। लेकिन मेगा इवेंट से 5 महीने पहले ही खिलाड़ियों की इंजरी टीम के लिए बड़ा सिर दर्द बना हुआ है। वर्ल्ड कप में चोटिल हुए हार्दिक पंड्या को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं आया है। जबकि दूसरी तरफ सूर्यकुमार यादव की वापसी को लेकर अशुभ संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तान सूर्या को टखने की चोट लग गई थी। जिसके बाद अब खबर है कि वे अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी वनडे के दौरान सूर्या ने एक गेंद को रोकने की कोशिश की थी। जो उनके लिए बुरा साबित हुई, उस दौरान उनका पैर मुड़ गया। इस घटना ने फैंस की धड़कने बढ़ा दी हैं। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय टीम के लिए एक और बुरी खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या को ठीक होने में लगभग 6 हफ्तों तक का समय लग सकता है। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि, सूर्या ने रिहैब के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी का रुख किया है। मेडिकल साइंस टीम ने फिलहाल उसे घायल बताया है। वह तीन हफ्ते बाद शुरू होने वाली फगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। वहीं रिपोर्ट्स में आगे कहा गया है कि, सूर्या को फिट होने में 6 हफ्ते तक लग सकते हैं। ऐसे में अफगानिस्तान जनवरी में होने वाली सीरीज से उनका बाहर होना तय है। सूत्र ने बताया कि, आईपीएल में खेलने से पहले वे फिटनेस टेस्ट पास करना चाहेंगे। क्योंकि उससे पहले फरवरी में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलेंगे।



# युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

▶ हिजाब पर लगा प्रतिबंध हटाने पर बोली बीजेपी

बेंगलुरु भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कक्षाओं में हिजाब पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह शिक्षण संस्थानों की 'धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के प्रति चिंता पैदा करता है।

दरअसल कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा था कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगाया गया प्रतिबंध 23 दिसंबर से हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कपड़े पहनने और भोजन का चयन व्यक्तिगत मामला है। इस पर भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का निर्णय शैक्षणिक संस्थानों की 'धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के प्रति चिंता पैदा करता है। उन्होंने कहा, ''शिक्षण संस्थानों में धार्मिक परिधान को मंजूरी देकर सिद्धरमैया सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांटने का काम कर रही है और पढ़ने-लिखने के समग्र वातावरण में व्यवधान पैदा कर रही है।

विजयेंद्र ने कहा कि यह जरूरी है कि विभाजनकारी गतिविधियों के बजाए शिक्षा को तरजीह दी जाए और ऐसा माहौल पैदा किया जाए जहां छात्र धार्मिक प्रथाओं से प्रभावित हुए बगैर शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर सकें।

## पांचवें हफ्ते देश का विदेशी मुंद्रा भंडार बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (एफसीए) 8.349 अरब डॉलर बढ़कर 545.048 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 44.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.577 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.323 अरब डॉलर हो गया।

## खबरें एक नजर में

### जेएमडी स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभांरभ



**कानपुर समृद्धि न्यूज।** जेएमडी वर्ल्ड स्कूल मैनवती मार्ग में शनिवार को त्रिदिवसीय वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव का शुभांरभ हुआ। स्कूल के चेयरमैन संजीव दीक्षित व प्रधानाचार्य मल्लिका अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित करके उत्सव की शुरूवात की। आज की प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में सोलो डांस एवं ग्रुप डांस के लिए सीमा ढींगरा, अपर्णिका साहू भारत नाटूम कलाकार एवं कला के लिए बृजेश कटियार उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य मल्लिका अरोड़ा ने निर्णायक मंडल के साथ सदस्यों को बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया।

### क्रिकफैन टीवी ने महिला क्रिकेट चैट-शो के प्रसारण की घोषणा की

**मुंबई।** क्रिकफैन टीवी ने आज दुनिया के पहले महिला क्रिकेट चैट-शो क्वींस ऑफ क्रिकेट के विशेष भारत प्रसारण की घोषणा की। इसके 20-एपिसोड श्रृंखला के पहले भाग की शूटिंग, जिसमें भारतीय क्रिकेटर राधा यादव और शिखा पांडे शामिल हैं, यहां सिटी स्टूडियो में, क्रिकफैन टीवी के पीछे प्रेरक शक्ति, श्री मार्क हेवर्ड की उपस्थिति में शुरू हुई। यह शो 27 दिसंबर 2023 को स्पोर्ट्स18 नेटवर्क और जियो पर अपने पहले एपिसोड के साथ प्रसारित होगा। इस विकास पर अपने विचार साझा करते हुए, मार्क हेवर्ड ने कहा, हम अपने अब तक के सबसे महत्वपूर्ण प्रोडक्शन, ÷क्वींस ऑफ क्रिकेट की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह एक अभूतपूर्व चैट शो प्रारूप है, जो क्रिकेट फैंस को मनमोहक कंटेंट एवं शानदार अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा यह अभूतपूर्व शो पहला महिला-केंद्रित क्रिकेट चैट शो है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में महिला क्रिकेट के तेजी से विकास को प्रदर्शित करेगा। दुनिया की क्रिकेट राजधानी भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित और देश में महिला क्रिकेट के तेजी से विकास की आशा करते हुए, क्वींस ऑफ क्रिकेट इस उभरते युग में एक अग्रणी ताकत बनने के लिए तैयार है। इस 30 मिनट की एपिसोडिक श्रृंखला, जो 20 एपिसोड में फैली हुई है, में भारत और विदेश से महिला क्रिकेट की दुनिया के कुछ प्रमुख नाम शामिल होंगे।

### पाक स्पिनर नोमान अली ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**मेलबर्न।** चोट और फिटनेस की समस्या के कारण पाकिस्तान को गेंदबाजों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस कड़ी में फिरकी गेंदबाज नोमान अली एपेंडिसाइटिस के कारण ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के आधिकारिक बयान में बताया गया है कि नोमान की सफल लेप्रोस्कोपिक एपेन्डेक्टोमी हुई है, और उनकी हालत फिलहाल स्थिर हैं। उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है जिससे उम्मीद है कि उन्हे अस्पताल से जल्द छुट्टी मिल सकेगी।

### शुक्ला दत्ता भारतीय अंडर-19 महिला टीम की कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में खेली जाने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति की बैठक शनिवार को यह फैसला किया गया। बैठक में एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सत्यनारायण एम, तकनीकी समिति के उपाध्यक्ष मनोरंजन भट्टाचार्य, सदस्य पिंकी बोमपाल मगर,हरजिंदर सिंह,अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस, यूजीनसन लिंगदोह और तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा ने भाग लिया।

# आईपीएल 2024 से भी बाहर होंगे हार्दिक



**मुम्बई, एजेंसी।**

▶ मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की जगह बनाया था नया कप्तान

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के फैंस के लिए बुरी खबर है। दरअसल, 2023 वर्ल्ड कप के दौरान हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए थे। जिसके बाद वह फिलहाल क्रिकेट मैदान से दूर हैं। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अगले साल जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए ठीक हो जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा। वहीं एक रिपोर्ट से पता चला है कि पंड्या आईपीएल 2024 से भी बाहर सकते हैं।

भारत 11 से 17 जनवरी के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज में अफगानिस्तान से भिड़ेगा, जो जून में वर्ल्ड कप से पहले उनका अंतिम टी20 सीरीज होगी। पहले ये बताया गया था कि जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 मैच में फील्डिंग के दौरान सूर्यकुमार यादव का टखना मुड़ गया था। जिसके बाद वह सीरीज से बाहर हो गए। चोट लगने की आशंका के कारण सूर्या को ठीक होने में अभी भी समय लगेगा। पीटीआई ने आगे बताया कि हार्दिक के टखने की चोट से जल्द उबरने की संभावना कम है और इसलिए वह न केवल अफगानिस्तान सीरीज से चूकेंगे, बल्कि आईपीएल 2023 से भी बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि, हार्दिक की फिटनेस स्थिति पर अभी तक कोई अपडेट नहीं है और कोई कह सकता है कि आईपीएल खत्म होने से पहले उनके उपलब्ध होने पर एक बड़ा सवालिया निशान बना हुआ है।

# वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ

**कानपुर, समृद्धि न्यूज**

जे. एम. डी वर्ल्ड स्कूल मैनावती मार्ग में रविवार को त्रिदिवसीय वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ हुआ। स्कूल चेयरमैन संजीव दीक्षित एवम् प्रधानाचार्या श्रीमती मल्लिका अरोड़ा जी ने दीप प्रज्वलित करके उत्सव की शुरुआत की।

आज की प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में सोलो डांस एवम ग्रुप डांस हेतु सीमा ढींगरा (कथक नृत्य कलाकार), अपर्णिका साहू (भरत नाट्यम कलाकार) एवम् कला हेतु डॉ बृजेश कटियार (एच ओ डी कला विभाग सी एस जे एम यूनिवर्सिटी) उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्या मल्लिका अरोड़ा जी ने निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों को बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया प्रधानाचार्या मल्लिका अरोड़ा ने अपने प्रारंभिक उदबोधन में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उत्सव का प्रारम्भ सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया गया। आज की प्रतियोगिताओं में सोलो डांस, ग्रुप डांस, क्रिएटिव कलर्स, बडिंग आर्टिस्ट एवम् डांस ए पालूजा आदि संपन्न हुई। इसमें शहर के अनेक स्कूलों के अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।




जे एम डी वर्ल्ड स्कूल के परिसर में मज़ेदार सरगम और मनोरंजक गतिविधियों, भोजन स्टालों से अभिभावकों और बच्चों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। स्कूल को क्रिसमस की सजावट से आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर सौमी मिश्रा एवम आरती चंडोक , सुभांश राठौर, प्रकाश रेड्डी, मिस स्वर्णिमा खन्ना, मोनिका अवस्थी जी उपस्थित रहे।

## कोरोना की 'लहर' नहीं



कोरोना वायरस के कुछ मामले जरूर आ रहे हैं, लेकिन यह कोई 'लहर' नहीं है। महामारी की सुनामी नहीं है। जो भयानक मंजर हम देख और झेल चुके हैं, एकदम उसकी वापसी भी नहीं है। वायरस की एक नई नस्ल भारत में भी है-जेएन-वन। यह बीए-2-86 या पिरोला का ही एक और प्रकार है, जो ओमिक्रॉन वायरस के ही प्रकार हैं। उन्हीं की कतार में जेएन-1 है। आज इसके संक्रमण का विस्तार 40 देशों में बताया जा रहा है। हमारे देश में गुरुवार, 21 दिसंबर तक कुल 2669 संक्रमित मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उनमें से 2300 से अधिक अकेले केरल में हैं। अभी तक सिर्फ 6 मौतें भी दर्ज की गई हैं, जिनमें से 3 केरल में हुई हैं। बाकी महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब में दर्ज की गई हैं। पिछले दौर में भारत संक्रमण के हजारों मामले रोजाना देख चुका है। कुछ बड़े अस्पतालों में संक्रमित मरीजों की सांसें ऑक्सीजन की कमी के कारण टूटी थीं। वैसे मंजर की संभावनाएं नहीं हैं, क्योंकि वायरस की यह नस्ल उतनी घातक नहीं है। हम अपने पाठकों को आश्वस्त कर सकते हैं कि लॉकडाउन के आसार नगण्य हैं। एक-दूसरे राज्य में आने-जाने पर अभी कोई पाबंदी नहीं है। मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं किया गया है। अलबत्ता इतना आग्रह जरूर किया जा रहा है कि यदि आप भीड़ वाले इलाके में जाएं, तो मास्क पहन लें। यदि आपकी उम्र 60 साल से अधिक है और आप हृदय, लिवर, गुर्दे, मधुमेह आदि बीमारियों के पुराने मरीज हैं, तो भी मास्क पहन कर भीड़-भाड़ वाले बाजार या क्षेत्र में जाएं। कोरोना वायरस को लेकर हम अब कोई ढील नहीं बरत सकते, लिहाजा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को परामर्श भेजा है कि अस्पतालों में पूरी तैयारियां रखें। ऑक्सीजन सिलेंडर भरे हों। आईसीयू की व्यवस्था चाक-चौबंद हो और मॉक ड्रिल करके देख लें कि तमाम बंदोबस्त हो गए हैं अथवा नहीं। इन परामर्शों से आप चिंतित न हों और दहशत के कोई भी आसार भी न हों। लेकिन इनसे साबित होता है कि कोरोना वायरस अब भी जिंदा है, वायरस कभी नहीं मरते, उनकी नस्लें संक्रमण फैलाती रहती हैं। अमरीका जैसा विकसित देश भी कोरोना-मुक्त नहीं हो पाया, यह वायरस के अस्तित्व के कारण ही है।

वैसे सबसे पहले अगस्त, 2023 में यह वायरस लक्समबर्ग में पाया गया। उसके बाद इंग्लैंड, आइसलैंड, फ्रांस और अमरीका में इसके मामले दर्ज किए गए। इन देशों में जीनोम निगरानी काफी सक्रिय है, लेकिन अन्य वायरस की तुलना में जेएन-1 अप्रभावी है। चिकित्सकों की सलाह है कि जिनमें इम्युनिटी कम है या दबी हुई है, ऐसे बुजुर्ग लोग मास्क से अपना बचाव कर सकते हैं। सांस से संबंधी सभी वायरस, कोरोना समेत, के लिए अच्छी किस्म के मास्क काफी बचाव कर सकते हैं, लेकिन दहशत का कोई कारण नहीं है। सचेत जरूर रहें। ऑमिक्रॉन की जितनी भी नस्लें हैं, वे डेल्टा की तरह संक्रामक नहीं हैं। वे ज्यादा लोगों को संक्रमित कर सकती हैं, लेकिन उनसे मौतें बहुत कम होंगी। चिकित्सक यह भी मानते हैं कि जिन्होंने कोरोना के टीके की दोनों खुराक ली हैं, वे मौजूदा वायरस से भी व्यक्ति का बचाव कर सकती हैं। वे आज भी प्रभावी हैं। सर्दी का मौसम गहराने लगा है। आगे क्रिसमस त्योहार और नववर्ष के समारोह भी हैं। जाहिर है कि उनमें भीड़ जरूर आएगी, लिहाजा उसका बचाव जरूर करें। कहीं ऐसा न हो कि आनंद के उत्सव आपको बीमार ही कर दें। बेशक कोरोना की कोई 'लहर' नहीं है और न ही वायरस घातक है, लेकिन अगले कुछ दिन तक संक्रमण के आंकड़े आपके सामने जरूर आते रहेंगे। उनसे घबराना नहीं है। यह वायरस का सार्वजनिक प्रभाव है।

# शालीमार गेटवे मॉल क्रिसमस पर लाया शॉप एंड विन ऑफर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज**

लखनऊ का फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन शालीमार गेटवे मॉल क्रिसमस के फेस्टिव सीजन में शॉपर्स के लिए खास ऑफर और सजावट के लिए पूरी तरह तैयार है। मॉल ने 18 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 तक चलने वाले शॉप एंड विन÷ ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत 2000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले शॉपर्स को लकी ड्रॉ के जरिए मॉल के प्रसिद्ध फैशन ब्रांड्स से 5000 रुपये मूल्य का फैशन वाउचर जीतने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, मॉल क्रिसमस के फेस्टिव सीज़न को यादगार बनाने के लिए बच्चो को एक जादुई क्रिसमस अनुभव देने के लिए भी तैयार है। मॉल को 23 दिसंबर 2023 से 25 दिसंबर, 2023 तक बच्चो के लिए विंटर वंडरलैंड थीम पर मनमोहक सजावट से सजाया गया है। इस दौरान मॉल में विभिन्न आयु वर्ग के लिए आकर्षक वर्कशॉप्स की एक श्रृंखला भी आयोजित की गई है। विंटर वंडरलैंड वर्कशॉप्स में शामिल होने वाले शॉपर्स क्ले के सैंटा क्लॉज और स्नोमैन बनाने, क्राफ्ट मेकिंग, क्रिसमस ट्री सजावट और क्रिसमस कैप सजावट जैसे वर्कशॉप्स में भाग लेकर अपने लिए क्रिसमस को खास बना सकेंगे।

## कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर वाली घटना निंदनीय : भारत

**नयी दिल्ली/सैनफ्रांसिस्को।** भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के नेवार्क में स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था के श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारत विरोधी पेंटिंग किये जाने की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से इस बारे में दोषियों के खिलाफ कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷हम कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। हमने इस मामले में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा त्वरित जांच और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए दबाव डाला है। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने भी इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की अत्यधिक निंदा की जाती है।

# बांग्लादेश की पेस बैट्री के सामने कीवी हुए ढेर

**नेपियर, एजेंसी**

▶ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली

शोरिफुल इस्लाम (22 रन पर तीन विकेट),तंजीम हसन साकिब (14 रन पर तीन विकेट) और सौम्य सरकार (18 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को श्रृखंला का तीसरा और अंतिम एक दिवसीय एक तरफा अंदाज में नौ विकेट से जीत कर न्यूजीलैंड के क्लीन स्वीप के इरादे को विफल कर दिया।मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 31.4 ओवर में 8 रन बनाये। मात्र 9 रन के विजय लक्ष्य को बांग्लादेश ने एक विकेट खोकर 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की पेस बैट्री के सामने मेजबान टीम आज आत्मसमर्पण की मुद्रा में नजर आयी। सलामी बल्लेबाज विल यंग (26) ने अपनी टीम के लिये बल्ले से सर्वाधिक योगदान दिया जबकि टॉम लेथम (21) ने भी कुछ देर विकेट पर बिता कर खतरनाक गेंदबाजी का सामना किया। न्यूजीलैंड के छह खिलाड़ी तो अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी पहुंचाने में असफल रहे।जवाबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब सौम्य सरकार मात्र चार रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये मगर बाद में अनामुल हक ((37) और कप्तान नजमुल शांतो (51) ने तेज रफ्तार से 69 रन जोड़ कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिये। अनामुल विलियम ओरूर्क की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये जबकि नये बल्लेबाज लिटन कुमार दास (एक नाबाद) ने कप्तान के साथ मिलकर जीत की औपचारिकता को निभाया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। विल यंग को मैन आफ द सीरीज के सम्मान से नवाजा गया वहीं तंजीम हसन साकिब प्लेयर आफ द मैच घोषित किये गये।

## एयर इंडिया का पहला ए-350 विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया का पहला वाइड-बॉडी एयरबस ए350-900 विमान शनिवार को भारत आ गया। विमान ने फ्रांस के टूलूज से भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे उड़ान भरी और अपराह्न करीब 1:47 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड किया। इस विमान को फ्रांस से भारत पहुंचने में 7 घंटे 47 मिनट का समय लगा है। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने अपने बयान में लिखा है कि भारत का पहला एयरबस ए350-900 बोल्ड, नई पोशाक में एयर इंडिया घर आया है, दिल्ली हवाई अड्डा पर इसका भव्य स्वागत किया गया। ये नई एयर इंडिया का टचडाउन है। एक नए, उभरते भारत के लिए। उल्लेखनीय है कि एयरलाइन ने 470 विमानों के लिए ऑर्डर दिए थे। इसके तहत एयर इंडिया को 250 एयरक्राफ्ट फ्रांस की कंपनी एयरबस से और 220 एयरक्राफ्ट अमेरिकी कंपनी बोइंग से मिलेंगे।

# दत्तात्रेय जयंती : बाल रूप की पूजा से सफल होते हैं सभी कार्य

दत्तात्रेय जयंती प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष मास की पौर्णमासी तिथि को मनाई जाती है। भारत में धार्मिक व्रतों का सर्वव्यापी प्रचार रहा है। यह हिंदू धर्म ग्रंथों में उल्लिखित हिंदू धर्म का एक व्रत संस्कार है। दत्तात्रेय के संबंध में यह माना जाता है कि इनके तीन सिर और छह भुजाएं हैं। भगवान विष्णु के अंश से इनकी उत्पत्ति मानी जाती है। दत्तात्रेय जयंती के दिन दत्तात्रेय जी के बाल रूप की पूजा की जाती है।

### कथा

प्राचीन ग्रंथों के अनुसार एक बार तीनों देवियों- पार्वती, लक्ष्मी तथा सावित्री को अपने पतिव्रत धर्म पर बहुत घमंड होने लगा। देवर्षि नारद को जब उनके घमंड के बारे में पता चला तो वह उनका घमंड चूर करने के लिए बारी-बारी से तीनों देवियों के पास पहुंचे। सर्वप्रथम नारद जी पार्वती के पास पहुंचे और अत्रि ऋषि की पत्नी देवी अनुसूया के पतिव्रत धर्म का गुणगान करने लगे। देवी ईर्ष्या से भर उठीं और नारद जी के जाने के पश्चात भगवान शंकर से अनुसूया का सतीत्व भंग करने की जिद करने लगीं। इसके बाद नारद देवी लक्ष्मी के पास गए और उनके समक्ष भी देवी अनुसूया के सतीत्व की बात आरंभ करके उनकी प्रशंसा करने लगे। लक्ष्मी को भी अनुसूया की प्रशंसा सुनना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा। नारद जी के जाने के बाद वह भी विष्णु से अनुसूया देवी का सतीत्व भंग करने की जिद करने लगीं। विष्णुलोक से नारद सीधे ब्रह्मलोक जा पहुंचे और देवी सावित्री के सामने देवी अनुसूया की प्रशंसा का राग अलापने लगे। देवी सावित्री को उनकी प्रशंसा सुनना कतई भी रास नहीं आया। नारद जी के चले जाने के बाद वह भी देवी अनुसूया के पतिव्रत धर्म को भंग करने की बात ब्रह्मा जी से करने लगीं।



### त्रिदेवों का पृथ्वी पर आगमन

ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश तीनों को अपनी पत्नियों के सामने हार माननी पड़ी और वे तीनों ही पृथ्वी पर देवी अनुसूया की कुटिया के सामने एक साथ भिखारी के वेश में जाकर खड़े हो गए। तीनों का एक ही मकसद होने से अनुसूया के द्वार पर एक साथ ही समागम हुआ। जब देवी अनुसूया इन्हें भिक्षा देने लगीं, तब इन्होंने भिक्षा लेने से मना कर दिया और भोजन करने की इच्छा प्रकट की। अनेक घटनाक्रम के बाद देवी अनुसूया ने बाल रूप में तीनों को भरपेट भोजन कराया। देवी अनुसूया उन्हें पालने में लिटाकर अपने प्रेम तथा वात्सल्य से उन्हें पालने लगीं।

### देवियों की चिंता

धीरे-धीरे दिन बीतने लगे। जब काफी दिन बीतने पर भी ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश नहीं लौटे, तब तीनों देवियों को अपने पतियों की चिंता सताने लगी। एक दिन उन तीनों को नारद से पता चला कि वे तीनों देव माता अनुसूया के घर की ओर गए थे। यह सुनते ही तीनों देवियां अत्रि ऋषि के आश्रम में पहुंची और माता अनुसूया से अपने-अपने पति के विषय में पूछने लगीं। अनुसूया माता ने पालने की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये रहे तुम्हारे पति! अपने-अपने पतियों को पहचानकर उन्हें अपने साथ ले जाओ। देवी लक्ष्मी ने चतुरता दिखाते हुए विष्णु को पहचानकर उठाया, लेकिन वह भगवान शंकर निकले। इस पर सभी उनका उपहास करने लगे।

### दत्तात्रेय का जन्म

तीनों देवियों को अपनी भूल पर पछतावा होने लगा। वे तीनों ही माता अनुसूया से क्षमा मांगने लगीं। तीनों ने उनके पतिव्रत धर्म के समक्ष अपना सिर झुकाया। देवी अनुसूया ने भी अपने पतिव्रत से तीनों देवों को पूर्वरूप में कर दिया। इस प्रकार प्रसन्न होकर तीनों देवों ने अनुसूया से वर मांगने को कहा तो देवी बोलीं, 'आप तीनों देव मुझे पुत्र रूप में प्राप्त हों।' तथास्तु कहकर तीनों देव और देवियां अपने-अपने लोक को चले गए। कालांतर में ये ही तीनों देव अनुसूया के गर्भ से प्रकट हुए। ब्रह्मा के अंश से चंद्रमा, शिव के अंश से दुर्वासा तथा विष्णु के अंश से दत्तात्रेय का जन्म हुआ, जो विष्णु भगवान के ही अवतार हैं। इन्हीं के आविर्भाव की तिथि दत्तात्रेय जयंती कहलाती है।